ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● कार्तिक शुक्ल पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 25 नवम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 289 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00



भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को जेल.... पेज 12 पर

एक नजर

झारखंड में बदलेगा मौसम का मिजाज 27 और 28 नवंबर को छाए रहेंगे बादल

रांची। झारखंड में मौसम का मिजाज बदलेगा. 27 और 28 नवंवर को बादल छाए रहेंगे. बादल छंटते ही तापमान में गिरावट आएगी. मौसम केंद्र रांची के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में 26 नवंबर को लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है. इसका असर राजधानी रांची में भी होगा. साथ ही धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, गुमला समेत अन्य जिलों में असर दिखेगा. 25 नवंबर तक मौसम साफ और शुष्क रहेगा . 26 नवंबर से बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र के कारण हवा की दिशा में बदलाव होगा. इस दौरान पूरे राज्य में पुरवइया हवा चलने की संभावना है. जिसमें नमी महसूस की जाएगी. इसका असर मुख्य रूप से राज्य के पूर्वी और मध्य भाग में होगा.

जागरूकता के लिए मिनी मैराथन 27 को

रांची। स्वयंसेवी संस्था सीसा के तत्वावधान में रांची में 27 नवंबर को मिनी मैराथन का आयोजन होगा। सीसा की मैनेजर स्वति मालाकार, आयोजन से जुड़े फिनी सामुएल और सोलोमन जॉन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह मिनी मैराथन अभिभावकों के लिए जागरूकता फैलाने के लिए किया जा रहा है। दरअसल आजकल अभिभावकों के पास बच्चों के लिए बहुत ज्यादा समय नहीं होता है और इससे बच्चें भी काफी ज्यादा दबाव महसूस करते हैं। इस मिनी मैराथन के जरिए संस्था यह जागरूकता फैलाना चाहती है कि आपके बच्चों का भविष्य आपके हांथ में है। स्वाति ने बताया कि मिनी मैराथन शालीमार मार्केट धुर्वा से शुरू होगी जो जेएससीए स्टेडियम होते हुए प्रभात तारा मैदान में खत्म होगी। यह दूरी तकरीबन साढ़े चार किलोमीटर की है।

गुरु गोबिन्द सिंह स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुत की झांकी

रांची। 27 नवंबर को गुरु नानक देव जी के पुण्य प्रकाश उत्सव पर 25 नवंबर को होने वाले नगर कीर्तन में गुरु गोबिन्द सिंह पब्लिक स्कूल, कमड़े ने इस वर्ष अपनी प्रस्तुति को नारी शक्ति को समर्पित किया है. करीब पांच दशक पहले गुरु नानक देव जी ने स्त्रियों की बराबरी की बात कही थी सो क्यों मंदा आखिये, जित जम्हें राजान अर्थात उन्हें क्यों कम समझें जिन्होनें राजाओं को जन्म दिया. इस चलित झांकी में ऐतिहासिक किरदार से लेकर आधुनिक स्त्री किरदार को दिखाया जा रहा है. सिख इतिहास में वीरांगना के रूप में प्रसिद्ध माई भागो जो पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बहादुरी के साथ लड़ाई करते हुए शहीद हो गई. माई भागो ने गुरु जी से बेमुख हुए 40 सिखों को गुरु गोबिन्द सिंह के चरणो में नतमस्तक किया. माता गुलाब कौर जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई जो प्रशंसनीय है. कोरोना की दवाई को जनमानस के समक्ष लाने वाली महिलाओं और इसरो के वैज्ञानिक चन्द्रयान की सफल यात्रा में महिला वैज्ञानिकों की उल्लेखनीय भूमिका रही.

आदिवासी और मूलवासियों के साथ हमेशा खड़ी है सरकार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

गोपलाडीह फुटबॉल मैदान, बरहेट, साहिबगंज मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अमर वीर शहीद सिदो- कान्हू, चांद -भैरव और वीरांगना फूलो -झानो को नमन कर आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। इन वीर शहीदों की पावन धरती बरहेट, साहिबगंज में इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी तमाम कल्याणकारी योजनाओं की पोटली बनाकर आपके दरवाजे पर जाएंगे एवं पूरे मान-सम्मान के साथ आपको आपका हक-अधिकार देंगे।

इस अभियान का पहला दो चरण काफी सफल रहा था : मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान का पिछला दो चरण काफी सफल रहा था। इस दौरान लाखों आवेदन मिले थे, जिनका निपटारा करने के साथ लोगों को सरकार की योजनाओं से जोड़ा गया। इन दो अभियानों की सफलता के बाद हमारी सरकार ने फिर से इसे शुरू करने का निर्णय लिया। इसके तहत 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक राज्य के सभी पंचायत में शिविर लगाकर लोगों से आवेदन लिए जाएंगे। उनकी समस्याओं का निराकरण होगा और सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

शिविर में मिलने वाले एक-एक आवेदन का रिकॉर्ड रखा जाएगा : मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में मिलने वाले एक-एक आवेदन रजिस्टर्ड किए जाएंगे और संबंधित आवेदकों को उनके मोबाइल नंबर पर मैसेज देकर इसकी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा आवेदनों पर होनेवाली कार्रवाई की भी जानकारी दी जाएगी। हर आवेदन पर कार्रवाई होगी और आवेदक की समस्याओं का निराकरण होगा। इस शिविर में जाति तथा आवासीय प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक सभी प्रमाण पत्र बनाने की भी प्रक्रिया पुरी की जाएगी ।

राज्य का हो रहा समग्र विकास : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समग्र विकास को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य के हर क्षेत्र में बिजली- पानी- सड़क, फूल -पुलिया और स्कूल -कॉलेज बनाने का काम तेज गति से चल रहा है। अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर की जा रही है। हमारा प्रयास है कि झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर सकें। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

किस योजना के कितने लाभुकों को मिला लाभ

इस अवसर पर जिन महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को जोड़ा गया उसमें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 1152, पीएम आवास योजना के 6812, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के 2034, साईकल वितरण योजना के 6978, विभिन्न पेंशन योजना के 137293, प्री मैट्रिक छात्रवृति योजना के 115962 , केसीसी के 1692 और सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के 27976 लाभुक हैं। इसके अलावा अबुआ आवास योजना, अबुआ वीर दिशोम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना तथा सृजन योजना समेत कई और योजनाओं से लाभुकों को जोड़ा गया।

हर वर्ग के लिए हैं योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ग और तबके की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजना बनाई गयी है । यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिया जा रहा है। किसानों- पशुपालकों और मजदूरों के लिए बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना और फूलो झानो जल संवर्धन योजना समेत अनेकों योजनाएं चल रही है । अब सरकार मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों को मिलने वाले पशुओं की बीमा भी कराएगी।

गुरु तेग बहादुर को श्रद्धांजलि दी राष्ट्रपति ने

सिखों के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर मुगलों के खिलाफ खड़े हुए, और 1675 में औरंगजेब के आदेश पर उन्हें मार डाला गया। उन्होंने कमजोरों की सुरक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान करने और लालच पर काबू पाने के लिए आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरु तेग बहादुर को शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। एक संदेश में राष्ट्रपति ने कहा है कि गुरु तेग बहादुर ने मानवीय मूल्यों और अधिकारों की रक्षा के लिए जीवन बलिदान कर दिया। उन्होंने कहा है कि उनकी शिक्षाएं हमें मानवता की सेवा करने और एकता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करती हैं। राष्ट्रपति ने आशा व्यक्त की कि उनकी शिक्षाएं हम सभी में राष्ट्रवाद की भावना जागृत करेंगी।

सिदो कान्हू पार्क भोगनाडीह,बरहेट, साहिबगंज में अमर वीर शहीद सिदो- कान्हू, चांद- भैरव और वीरांगना फूलो- झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन

आध्यात्मिक मनीषियों के प्रवास का केंद्र बन रहा जिला

बीस करोड़ से अधिक का पलामू में प्रतिवर्ष होता है यज्ञ

जीयर स्वामी, राजन महाराज, देवकीनंदन के बाद धीरेंद्र शास्त्री का संयोग

अखिलेश चौबे

मेदिनीनगर। प्राकृतिक संपदाओं से परिपूर्ण पलामू वर्ष 2023 में आध्यात्मिक मनीषियों के प्रवास का केंद्र बिंदु बना रहा। एक ही वर्ष जीयर स्वामी, राजन जी, देवकीनंदन ठाकुर जैसी ओजपूर्ण शख्सियतों का स्वागत व दर्शन कर पलामू वासी निहाल हो उठे। दूसरी तरफ धीरेन्द्र शास्त्री के आने की प्रबल संभावना बन रही है। एक के बाद एक विख्यात धर्म गुरूओं के सानिध्य का सौभाग्य विरले ही किसी क्षेत्र व क्षेत्रवासियों को मिलता है। कहतें हैं बहुत ही किस्मत वालों को ही संत के दर्शन होते हैं। दूसरे शब्दों में धन्य होती है वह धरती जहां भगवत नाम के संकीर्तण के साथ महायज्ञ के हवन कुंड की सुगंध का वातावरण में संचार होता है। पलामू ने दोनों ही पैमानों की सार्थकता सिद्ध कर दी है। वर्ष 2023 के शुरूआत में ही प्रमंडल के अंतिम छोर पर स्थित पाल्हे-जतपुरा गांव में प्रख्यात संत त्रिदंडी स्वामी के शिष्य जीयर स्वामी का चतुर्मास यज्ञ का नागरिक सानिध्य प्राप्त करने लगे थे। इसी बीच लोगों को हूर-अंचला गांव में मानस मर्मज्ञ राजन जी महाराज के संगीतमय राम कथा के श्रवण का सुअवसर प्राप्त हुआ। नवरात्र में जीयर स्वामी के महायज्ञ के समापन की स्मृति धूमिल भी नहीं हो पाई थी कि 21 नवंबर को जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर का पलामू की धरा पर आगमन हुआ। 27 नवंबर को विराम पाने वाली देवकीनंदन के भागवत कथा के पूर्व ही नागरिकों को मिली एक और खुशखबरी ने मानो उनकी मुंह मांगी मुराद ही पूरी कर दी है। 10 दिसंबर को मेदिनीनगर के ही समीप जोड़ गांव में अपने अकाट्य आध्यात्मिक चमत्कार से जन-जन के हृदय में स्थान बनाने वाले बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री के आगमन की संभावना है।

जिले में सूखे पर आस्था भारी

वैसे तो पलामू की गणना देश के पिछड़े जिलो में होती है। पलामू के साथ ही प्रमंडल में शामिल लातेहार व गढ़वा जिले भी नीति आयोग के आकांक्षी जिलों में शामिल हैं। इसके बावजूद यह यहां के लोगों की धार्मिक आस्था व आत्म बल ही है कि प्रतिवर्ष यहां 20 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2023 में तो यह आंकड़ा और भी बढ़ गया है। जबकि पिछले दो वर्षों से क्षेत्र भीषण सूखे की चपेट में है।

सिंगरा में प्रस्तावित है जीयर स्वामी का कार्यक्रम

अगले वर्ष भी मेदिनीनगर के समीप सिंगरा गांव में जीयर स्वामी का महायज्ञ प्रस्तावित है। बताया जाता है कि श्रद्धालुओं के असीम श्रद्धा व अनुरोध को देखते हुए स्वामी जी ने अपनी अनुमति दे दी है। अभी से ही कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी गई है। संभव है कि नागरिकों को आगामी दिनों में और भी नामचीन संतों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो सकेगा।

जनजाति समाज को मंजूर नहीं होगा सीएनटी में संशोधन का प्रस्ताव : अरुण उरांव

नवीन मेल संवाददाता। रांची

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी डॉ अरुण उरांव ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। डॉ उरांव ने प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि हेमंत सरकार सोची समझी रणनीति के तहत सीएनटी में संशोधन का प्रस्ताव ला रही है। इनकी मंशा आदिवासी समाज के कल्याण की नहीं है। आदिवासी समाज के किसी सामाजिक धार्मिक संगठन ने सीएनटी एक्ट में संशोधन की बात नहीं उठाई है। आनन-फानन में लाया गया प्रस्ताव जनजाति समाज को मंजूर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने लगातार अपने पद और पावर का दुरुपयोग करते हुए गरीब आदिवासियों की जमीन को अपने और अपने परिवार के नाम करवाया है। रांची, रामगढ़, बोकारो से लेकर दुमका तक शिबू सोरेन परिवार ने जमीन लिए हैं, जो सीएनटी एसपीटी का खुल्लम खुल्ला उल्लंघन है। ऐसे में मुख्यमंत्री ने इस अवैध जमीन के नियमितीकरण के लिए टीएसी को हथियार बनाया है। उन्होंने कहा कि टीएसी को हेमंत सरकार ने राज्यपाल की भूमिका हटाकर पहले ही अपने अधिकार में कर लिया है ताकि अपने हिसाब से निर्णय कराया जा सके। उन्होंने कहा कि चार वर्षों के बाद आज सीएनटी में संशोधन की याद आ रही जबकि पूर्ववर्ती रघुवर सरकार के संशोधन पर जमीन आसमान एक करने वाले यही झामुमो कांग्रेस और राजद के लोग शामिल थे। साथ ही कहा कि हेमंत सरकार यदि परिवर्तन चाहती है तो पहले इस संबंध में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच व्यापक विमर्श कराए। सीएनटी मामलों से जुड़े विधि विशेषज्ञों से सलाह ले तभी संशोधन का प्रस्ताव लाए। उन्होंने कहा कि सीएनटी एक्ट में संशोधन केवल आवास निर्माण के लिए ही दिए जाने तक विचारणीय हो तथा व्यावसायिक उपयोग की छूट नहीं दी जाए। पांच से दस किलोमीटर की सीमा तथा पांच से दस डिसमिल जमीन खरीद का प्रस्ताव ही किया जाना चाहिए।

पहली महिला चीफ जस्टिस से भी नोएडा अथॉरिटी वालों ने मांगी थी घूस

कृष्णमोहन सिंह

नई दिल्ली। देश के सबसे भ्रष्ट होने के आरोप जिन विभागों पर लगते रहे हैं ,उनमें विकास प्राधिकरण, पुलिस विभाग ,आयकर विभाग, खनन विभाग सहित अन्य कई चर्चा में रहते हैं ।दिल्ली उच्च न्यायालय की पहली महिला जज और दिल्ली हाई कोर्ट की पहली मुख्य न्यायाधीश लीला सेठ की आत्मकथा से इसका प्रमाण मिल जाता है। जो प्रसिद्ध उपन्यासकार विक्रम सेठ की मां थीं। लीला सेठ का जन्म 20 अक्टूबर 1930 को और देहांत 5 मई 2017 को हुआ । लेकिन उनकी आत्म कथा ह्लघर और अदालत इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। पेंग्विन बुक्स से प्रकाशित घर और अदालत में एक अध्याय है-अपना घर । जिसमें जस्टिस लीला सेठ ने दिल्ली में घर न बनवाकर , दिल्ली से सटे नोएडा में बनवाने के कारण बताई हैं। उसमें यह भी लिखी हैं कि नोएडा के घर का कंप्लीशन सर्टिफिकेट लेने में क्या - क्या परेशानी हुई । नियम के अनुसार घर बन जाने के बाद भी किस तरह से नोएडा अथॉरिटी के अफसर कंप्लीशन सर्टिफिकेट देने के लिए घूस मांगते रहे । यह बताने पर भी कि वह दिल्ली हाई कोर्ट की जज रही हैं, नोएडा प्राधिकरण के अफसरों ने संदेश भेजवाया, आप खुद को समझती क्या हैं ? हम कैबिनेट सचिवों, उच्चायुक्तों, राजदूतों और ऐसी अन्य जानी-मानी हस्तियों से पैसे वसूल चुके हैं । दूसरी बात यह है कि यह दिल्ली नहीं, उत्तर प्रदेश है। अपने आत्म कथा में जस्टिस लीला सेठ लिखती हैं कि नोएडा अथॉरिटी के अफसरों ने उनके वास्तुविद के मार्फत मकान का कम्पलीशन सर्टिफिकेट देने के लिए घूस की माँग की ,और घूस मिलने पर बिना किसी औपचारिकता के सीधे कम्पलीशन सर्टिफिकेट देने की बात कह रहे थे। लेकिन सेठ ने यह पेशकश ठुकरा दी और अधिकारियों को संदेश भेजवाया कि वह दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व जज हैं और ऐसी बेवकूफियां बर्दाश्त नहीं करेंगी। लेकिन जस्टिस लीला सेठ के संदेश का नोएडा अथॉरिटी के अफसरों पर कोई असर नहीं हुआ। उल्टे उन अफसरों की ओर से संदेश आया कि वह अपने आप को समझती क्या हैं? वे (नोएडा अथॉरिटी वाले) कैबिनेट सचिवों, उच्चायुक्तों, राजदूतों व ऐसी अन्य जानी-मानी हस्तियों से पैसे वसूल चुके हैं। दूसरी बात यह है कि यह दिल्ली नहीं, उत्तर प्रदेश है। लेकिन इसके बाद भी लीला सेठ ने घूस देने से साफ मना कर दिया। महीनों की खींचतान के बाद जस्टिस लीला सेठ के घर नोएडा अथॉरिटी वाले मुआयना करने आए। हर तरह से जांच कर लेने के बाद भी जब उन ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

संदेश भेजवाया, आप खुद को समझती क्या हैं। हम राजदूतों, कैबिनेट सचिवों, उच्चायुक्तों, राजदूतों जैसों तक से पैसे ले चुके हैं

जस्टिस लीला सेठ ने सवाल भी पूछा है- इस तरह की परेशानियों से बचने के लिए यदि कोई घूस देकर पीछा छुड़ा लेता है,तो क्या उसे दोष दिया जा सकता है।

23 साल बाद भी झारखंड में नहीं बदला ऑटो राज

सुनील बादल

23 साल के युवा झारखंड को अब तक जिम्मेदार बनकर भूगर्भ में मौजूद देश की लगभग 40 % बहूमूल्य भू संपदा और यहां के लगभग सवा तीन करोड़ मानव संसाधन के बलबूते एक आदर्श उपस्थित करना था पर राजनीति की प्रयोगशाला बनकर माननीय और अधिकारियों की बड़ी फौज के साथ सवालों के कटघरे में खड़ा है कि बिहार से अलग किन कारणों से हुआ था और क्या तब की स्थितियों में बदलाव हो गया ? बिहार के जमाने के जंगल राज की तुलना में सुधार अवश्य हुआ पर बिहार सहित देश के अन्य भागों में भी बाहुबली और माफियायों की समाप्ति के दौर में यहां इसे बड़ी उपलब्धि नहीं कहा जा सकता ।पहली बार झारखंड आने वाले और दशकों बाद अपने राज्य को देखने वाले दोनों आश्चर्यचकित होते हैं सड़कों पर कब्जा कर दुकानें लगाना,बिना लाइसेंस या परमिट जब जहां इच्छा हो बाजार सजा देना,नो एंट्री में अनगिनत ऑटो रिक्शा,दबंग बस मालिकों की अवैध स्लीपर बसें,सड़क पर खड़े वाहन और सबसे बड़ी बात मनमाना किराया वसूलना, सबकुछ पहले भी होता था और कुछ कड़क पुलिस अधिकारियों की धमक को अपवाद मान लिया जाए तो अभी भी जारी है । पड़ोसी राज्य बंगाल और ओड़िशा में कभी भी जाएं तो सड़क और दुकान में स्पष्ट अंतर दिख जाएगा पर झारखंड की राजधानी रांची से लेकर सुदूरवर्ती कस्बों तक यही दृश्य पहले भी दिखते थे और आज भी दिखते हैं । कुछ अधिकारियों ने प्रयास किया भी पर माननीयों ने उनके कदम रोक दिए। माननीय उच्च न्यायालय ने ट्रैफिक सुधार के अनेक आदेश दिए पर सिर्फ हेलमेट जांच से मामला आगे नहीं बढ़ा ।जमशेदपुर के निजी टाउनशिप एरिया को छोडकर संभवतः किसी भी भी शहर में या तो नो एंट्री और सिटी बस का स्टॉपेज तय नहीं है या उसका पालन नहीं होता है । हवाई अड्डे से लेकर सड़कों पर बेतरतीब पार्किंग करते और यात्रियों पर झपट्टा मारते टैक्सी वालों या ऑटो वालों ने जो बोल दिया सो किराया हो गया ! जबकि किसी भी शहर की सभ्यता संस्कृति की तरह नियंत्रित और सुरक्षित सार्वजनिक यातायात व्यवस्था उसकी सभ्यता की पहचान होती है । रांची से अनेक समानताओं वाले नगर बंगलुरु ने ऑटो के लिए अलग लेन बना रखा है और वहां के सभी सार्वजनिक वाहनों में चालक का फोटो लगा पहचान पत्र अनिवार्य है ताकि यात्री समस्या होने पर शिकायत कर सकें । यहां कोई भी ऑटो या टैक्सी चालक वर्दी नहीं पहनता और किसी के पास किराया चार्ट नहीं है । सुरक्षा की दृष्टि से यह खतरनाक है और किसी आपराधिक या आतंकवादी घटना के बाद ऐसे लोगों को पकड़ना संभव नहीं जो बिना टोकन नंबर या लाइसेंस नंबर मनमाने ढंग से वाहन चलाते हैं।राजधानी सहित अधिकांश शहरों में जाम का बड़ा कारण बिना परमिट ऑटो हैं जो मौसमी रूप से पकड़े भी जाते हैं पर सामान्यतः बेरोकटोक चलते हैं।सबसे दुःखद यह है कि पड़ोसी बंगाल ,ओड़िशा या अन्य शहरों की तरह किराया तय करने के लिए कोई कमेटी नहीं बनी न ही सरकार का उसपर कोई नियंत्रण है ।ऑटो और बस वाले खुद भाड़ा तय करते हैं जबकि अन्य राज्यों में पैसेंजर एसोसिएशन्स और प्रशासन शामिल होते हैं । कमोबेस यही स्थिति सरकारी कार्यालयों की है जिनमें झारखंड बनने के पहले भी अनधिकृत बिचौलिए मंडराते रहते थे और आज भी उनमें और सरकारी कर्मचारियों में अंतर समझना आसान नहीं। इसी प्रकार कहने को अनेक सेवाएं ऑनलाइन हो गई हैं पर अधिकांश मामलों में इसकी औपचारिकता सिर्फ निबंधन तक ही है फिर प्रार्थी को कागज लेकर हर टेबल पर बाबुओं की खुशामद करनी पड़ती है, भू राजस्व जैसे जनता से जुड़े कार्यालयों में इसी कारण सेवा का अधिकार सिर्फ सुनने की बात रह गई है । यही हाल सूचना के अधिकार का है ।सरकार भ्रष्ट कर्मचारियों को पकड़ती भी है पर इस प्रवृति पर पूरी तरह रोक नहीं लगी है । भ्रष्ट लोगों को पकड़ने वाले विभाग एसीबी के बारे आम जनता की जागरूकता पहले भी नगण्य थी और आज भी कमोबेस वही स्थिति है। बंगाल और ओड़िशा जैसे पड़ोसी राज्यों में सड़कों पर बिजली चोरी,भ्रष्टाचार और जनता से जुड़े हेल्पलाइन नंबर लिखे होते हैं जिससे आमजन में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ती है । शोध से पता चलता है कि अनेक सरकारी योजनाएं इसलिए सफल नहीं हो पातीं क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र के अनपढ़,गरीब और कम पढे लिखे लोग इसके बारे में जानते नहीं और बिचौलिए उन्हें परेशान कर दोहन करते हैं। वैसे इस पारंपरिक व्यवस्था में भी भ्रष्ट्र पकड़े भी जा रहे हैं और अनेक अधिकारी ऐसे भी हैं जो अपने विभागों ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

एक नजर

सड़क हादसे में घायल अधिवक्ता की मौत

रातू। थाना क्षेत्र के कमड़े निवासी अंकित तिवारी का सड़क हादसे के बाद मौत हो गयी। 32 वर्षीय अंकित कुमार तिवारी झारखंड उच्च न्यालय में वकालत कर रहे थे। 8 नवंबर को हाई कोर्ट से वापस आने के दौरान नयासराय के पास एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घायल हो गये थे। इलाज के दौरान रिम्स में उनकी मौत हो गयी।

मुरी ओपी में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

मुरी। मुरी ओपी थाना में शुक्रवार के दिन स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 25 पुलिस कर्मियों का बीपी मधुमेह संबंधी तथा कोलेस्ट्रॉल की जांच की गई। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ मुकेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य रहने के लिए प्रतिदिन सुबह में टहलना अति आवश्यक है और नियमित रूप से व्यायाम करें इससे शरीर चुस्त दुरुस्त रहता है साथ ही साथ खानपान पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ता है। मौके पर थाना प्रभारी विपुल कुमार ओझा स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉक्टर विवेक कुमार, लैब टेक्नीशियन नैंसी, नरगिस समेत कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

'रिस्टोर्ड क्लासिक्स' खंड के अंतर्गत 7 भारतीय फिल्मों का प्रदर्शन

रांची। 54 वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-आईएफएफआई गोवा में 'रिस्टोर्ड क्लासिक्स' खंड के अंतर्गत 7 भारतीय फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इनमें तीन प्रतिष्ठित बॉलीवुड फिल्में- विजय आनंद द्वारा निर्देशित 'गाइड', चेतन आनंद द्वारा निर्देशित 'हकीकत' और बीरेन नाग द्वारा निर्देशित 'बीस साल बाद' शामिल हैं।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत, लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

नवीन मेल संवाददाता। रांची

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम की शुक्रवार को शुरूआत हो गयी। पहले दिन रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा जिला के सुदूर लापुंग प्रखंड के डांडी पंचायत में आयोजित शिविर में पहुंचे। लोगों को कार्यक्रम और योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रखंड विकास विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, संबंधित प्रखंड कर्मी और ग्रामीण मौजूद थे।

डाड़ी पंचायत में आयोजित शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधि, उपायुक्त एवं बीडीओ की ओर से लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कल्याण मंच से सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सोना सोबरन धोती-लुंगी साड़ी योजना, साइकिल वितरण, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड आदि का वितरण किया गया। उपायुक्त ने लाभुकों से बारी-बारी से बातचीत की।

डाड़ी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में 24 साल सजा काट जेल से बाहर आये व्यक्ति को ऑन द स्पॉट पेंशन योजना का लाभ मिला। सेमर टोली के रहने वाले झुकी पाहन को उपायुक्त ने मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उन्होंने लाभुक से बात करते हुए कहा कि अब आप सम्मानजनक जीवन व्यतीत करें।

शिविर में उपायुक्त ने उपस्थित ग्रामीणों को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी और लाभ मिलता है। उपायुक्त ने ग्रामीणों से कहा कि आपकी अपनी मेहनत आपकी सबसे बड़ी पूंजी है, सरकार की ओर से अवसर का पूरा लाभ उठायें। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अबुआ आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया।

उपायुक्त ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी कैंप में आये सभी लोगों को विभाग से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि लोगों को उनकी भाषा में योजनाओं की बारे में जानकारी दें ताकि योग्य व्यक्ति अपनी क्षमता के अनुसार योजनाओं का लाभ लेने के लिए समक्ष हो।

इस दौरान उपायुक्त ने शिविर में लगे स्टॉल का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त ने विशेषकर अबुआ आवास योजना के स्टॉल पर आवेदन की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी ली। एक व्यक्ति जमीन का लगान रसीद नहीं कटने की शिकायत लेकर उपायुक्त के पास पहुंचा। ग्रामीण की शिकायत सुनने के बाद उपायुक्त ने भू-राजस्व के स्टॉल पर उपस्थित अंचलकर्मी को फौरन शिकायत का निष्पादन करने को कहा। इस दौरान ग्रामीणों ने उपायुक्त से सीधी बात की।

आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 80 शिकायतों का ऑन स्पॉट निपटारा

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को शुरू हो गया। रांची नगर निगम की ओर से निगम क्षेत्र वार्ड नंबर एक और वार्ड नंबर दो में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें होल्डिंग, ट्रेड, जन्म मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि के लिए आवेदन लिया गया। दोनों शिविरों में कुल मिलाकर 80 शिकायतों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया तथा आवेदन लिए गए। वार्ड नंबर एक और वार्ड नंबर दो में आयोजित शिविर में प्रशासक अमीत कुमार और अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन की ओर से जायजा लिया गया। प्रशासक ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 26 दिसम्बर तक प्रतिदिन दो वार्डों में लगाया जाएगा। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि अपने नजदीकी वार्ड में आयोजित शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ लें। मौके पर जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया।

भारत सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनी विकसित भारत संकल्प यात्रा

शिविर के माध्यम से मिल रहा लाभ

खूंटी के जनजातीय इलाकों के ग्राम पंचायतों में जा रहा है जागरूकता रथ

पलामू, गुमला, दुमका, सिमडेगा और प. सिंहभूम के विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित किए गए कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता। रांची

केंद्र सरकार समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए सतत प्रयत्नशील है। इस हेतु 15 नवम्बर को वीरों की भूमि झारखंड के खूंटी से शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा मील का पत्थर साबित होता दिख रही है। केंद्र सरकार ने कमजोर वर्गों और दूरदराज के क्षेत्रों में निवास करने वाले लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जहां एक तरफ अनेक विकास और कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है, वहीं लक्षित व्यक्तियों और परिवारों को इससे जोड़ने के लिए भी संवेदनशील और गंभीर है। इस सिलसिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीणों के बीच केंद्र सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। इस यात्रा के माध्यम से झारखंड के खूंटी के दूरदराज के इलाकों में लोगों को विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है तथा लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।

झारखंड के खूंटी जिला अंतर्गत अड़की, कर्रा, रनियां, खूंटी, मुरहू तथा तोरपा प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा जब पहुंची तो स्थानीय लोग वैन द्वारा प्रसारित की जा रही जानकारियों से काफी लाभान्वित हुए। यहां स्थानीय लोग केंद्र प्रायोजित योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक रूप से सशक्त और सम्पन्न होने की दिशा में अग्रसर हैं और सखी मंडलों के साथ-साथ किसानों की आमदनी भी दोगुनी होने लगी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा ने जिले के अड़की प्रखण्ड के हूंठ, कर्रा प्रखंड के लिमड़ा, उडिकेल, खूंटी प्रखण्ड के बारुडीह, मुरह प्रखण्ड के कोड़ाकेल, तोरपा प्रखण्ड के सुंदारी, तपकरा और फटका पंचायत में भी जन जागरूकता के काम को आगे बढ़ाते हुए लोगों को वैन के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि, हर-घर नल-जल योजना, पीएम किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना समेत विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया।

पलामू, गुमला, दुमका, सिमडेगा एवं पश्चिमी सिंहभूम में हुए कार्यक्रम

पलामू जिले के हैदरनगर एवं ऊंटारी रोड प्रखंड, दुमका के मसलिया, पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर एवं सिमडेगा के जलडेगा प्रखंड के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के बिशुनपुर व बनारी पंचायत में माननीय राज्यसभा सांसद श्री समीर उरांव शामिल हुए एवं उनके साथ उपस्थित सभी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ ली।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 05/2023-24

Date :- 24/11/2023

1.	Name of the work	Construction of Check Dam on BamankattaNala Near Bamankatta, Block- Ramgarh, Dist- Ramgarh
2.	Estimated Cost (Rs. In Lakhs)	Rs. 50.178 Lakhs
3.	Time of Completion	335 Days
4.	Date of Publication of E-Tender on website	07/12/2023 (2:00 PM)
5.	Last date/Time for submission of E-Tender Bids	21/12/2023 (up to 5:00 PM)
6.	Online submission of Tender Fee and EMD	e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 21/12/2023 (up to 5:00 PM)
7.	Date of opening of e-tender	22/12/2023 (2:00 PM)
8.	Name & address of office in inviting tender	Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh
9.	Contact number & Email ID of e-procurement officer	06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com
10.	Helpline number of e-procurement cell	0651-2491232

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

ह०/–
कार्यपालक अभियन्ता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 311964 Minor Irrigation (23-24)_D

मांडर के नये बीडीओ के रुप में शुक्रवार को मनोरंजन कुमार ने योगदान दिया, सीओ सह प्रभारी बीडीओ विजय हेमराज खलखो ने उन्हें प्रभार दिया।

खलारी में न्याय यात्रा गांव-गांव जनसंपर्क जागरूकता अभियान चलाया गया

रांची। लोकहित अधिकार पार्टी कांके विस प्रभारी मुकुल नायक व मंत्री संजय लोहार के नेतृत्व में निरंतर चल रहे न्याय यात्रा का 23 वां दिन देशस्तरीय सभी के लिए निःशुल्क शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था लागू कराने, जात आधारित जनगणना कराकर जिसकी जितनी संख्या भारी उसको मिले उतनी हिस्सेदारी, सहित स्थानीय समस्याओं बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार को लेकर खलारी प्रखंड के गांव-गांव में जनसंपर्क जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर उपस्थित रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ग्रामीणों की समस्याओं को सुनें एवं पार्टी के नीति सिद्धांतों को बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में पार्टी से जुड़कर आने वाले 2024 की चुनाव में पार्टी को जीताने का आग्रह किया।

गुरुनानक जयंती के अवसर पर ट्रैफिक में रहेगा बदलाव



नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची में गुरुनानक जयंती के अवसर पर आज ट्रैफिक में बदलाव किया गया है। आज लगभग एक बजे अपराह्न से आठ बजे अपराह्न तक भव्य नगर कीर्तन जुलूस का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर जुलूस निकलने वाले मार्ग पिस्का मोड़-दुगार्मंदिर चौक-न्यूमार्केट चौक-किशोरी यादव चौक-महावीर मंदिर चौक (अपर बाजार) शहीद चौक- फिरायालाल चौक-सुजाता चौक तक की यातायात व्यवस्था में फेरबदल किया गया है। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने गुरुवार देर रात इस संबंध में आदेश जारी किया है।

ऐसी रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

- पिस्का मोड़ से दुर्गा मंदिर चौक होकर किशोरी यादव चौक की ओर आने वाले मार्ग को आज लगभग एक बजे अपराह्न से पांच बजे अपराह्न तक नगर कीर्तन जुलूस के लिए निर्धारित किया गया है।
- किशोरी यादव चौक से दुर्गा मंदिर चौक होकर पिस्का मोड़ जाने वाले वाहन बांया लेन में आवागमन करेंगे एवं इस लेन को उपयोग पिस्का मोड़ से दुर्गा मंदिर चौक होकर किशोरी यादव चौक आने वाले वाहनों के लिए भी आवश्यकतानुसार किया जायेगा।
- जुलूस किशोरी यादव चौक से अपर बाजार में प्रवेश करने पर शहीद चौक से महावीर चौक होकर किशोरी यादव चौक जाने वाले वाहनों पर जुलूस के समय पाबंदी लगाई जायेगी।
- जुलूस शहीद चौक से मेन रोड में प्रवेश करने पर समय लगभग चार बजे अपराह्न आठ बजे अपराह्न तक शहीद चौक से फिरायालाल-रतन पीपी होकर सुजाता चौक तक वाहनों के आवागमन पर जुलूस के समय पाबंदी लगाई जायेगी।
- मेन रोड में जुलूस समाप्ति तक रेडियम चौक से फिरायालाल चौक होकर सुजाता चौक की ओर आवागमन करने वाले वाहन रेडियम चौक-लालपुर चौक-कांटाटोली चौक-बहुबाजार चौक-सुजाता चौक होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,रामगढ़।
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 09//2023-24/RWD/RAMGARH दिनांक :- 22.11.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा DMFT मद अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या	प्रखण्ड का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की तिथि
1.	RWD/ RAMGARH/ 09/2023-24/ DMFT	पतरातु	पतरातू प्रखण्ड पालु पंचायत ग्राम टेरपा से मगरदाहा नदी के टोकीसूद पुल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। (2.30 K.m)	22712000	दो करोड़ सताईस लाख बारह हजार रू0 मात्र	31.07.2024

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 29.11.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 14.12.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 15.12.2023 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gmov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 311886 District(23-24)D

बड़गाईं जतरा मेला संपन्न

जतरा मेला हमें समरस रहने और जीने का कला सिखाती है : रामटहल चौधरी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी के बड़गाईं स्थित देवोत्थान धाम परिसर में आयोजित जतरा मेला हर्षोल्लास के साथ शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सुबह से ही पंक्तिबद्ध होकर भगवान शिव का पूजा कर आशीष प्राप्त किया। मेले का उद्घाटन पूजन बड़गाईं के ग्राम पुजारी रवि पहान और पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहू, रांची की पूर्व मेयर डॉ आशा लकड़ा सहित अन्य अतिथियों ने विधि-विधान से किया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि जतरा मेला हमें समरस रहने और जीने का कला सिखाती है। बड़गाईं-बूटी स्थित देवोत्थान धाम जहां एक और अपने ऐतिहासिक विरासत को दशार्ती है। इस स्थल पर श्रद्धालुओं का अटूट श्रद्धा बसती है। यह स्थल पूर्वजों का देन है, जहां लोग शादी-विवाह के साथ अनेक प्रकार के संस्कार का कार्यक्रम भी करते हैं। डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि झारखंडी सनातन संस्कृति का अनुपम धरोहर जतरा मेला है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुरेश बैठा, भाजपा नेता जितेंद्र पटेल, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मुख्य संरक्षक डॉ रुद्र नारायण महतो, संरक्षक बन्नू पहान, अध्यक्ष नेपाल महतो, सचिव प्रेम लोहार, कोषाध्यक्ष अजय महतो, दिलीप पहान, अजय साहू मौजूद थे।

चुनाव की आहट **प्रदेश में भी तेज होगी आरक्षण की सियासत**

दोबारा आ सकता है आरक्षण का बिल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिहार में आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाए जाने का कानून लागू होने के बाद झारखंड में भी इस मसले पर सियासत फिर तेज होने वाली है। झारखंड सरकार ने पिछले साल नवंबर में विशेष सत्र बुलाकर राज्य में आरक्षण का प्रतिशत 77 फीसदी करने का बिल पारित किया था, लेकिन राज्यपाल की आपत्ति के कारण यह कानून का रूप नहीं ले सका। संकेत मिल रहे हैं कि विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र में सरकार यह बिल दोबारा पारित कर राज्यपाल को भेज सकती है। दरअसल, राज्य सरकार द्वारा पारित कराए गए 'झारखंड में पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण संशोधन विधेयक-2022' में पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को मिलने वाले आरक्षण को 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने का प्रस्ताव था। इसी तरह अनुसूचित जाति (एससी) को मिलने वाला आरक्षण 10 से बढ़ाकर 12 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति (एसटी) का आरक्षण 26 से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया था। इसके अलावा आर्थिक रूप से पिछड़े (ईबीसी) लोगों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था पहले से लागू है। यह बिल मंजूर होने की सूरत में कुल मिलाकर राज्य में आरक्षण का प्रतिशत 60 से बढ़कर 77 प्रतिशत हो जाता।

झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने से संबंधित बिल राज्य सरकार को लौटाते हुए भारत सरकार के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी के परामर्श को आधार बनाया था। राजभवन के मुताबिक अटॉर्नी जनरल ने अपने मंतव्य में आरक्षण बढ़ाने के प्रस्ताव को सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और कई अन्य न्यायादेशों के विपरीत बताया था।

राज्यपाल ने इस आधार पर सरकार को बिल वापस करते हुए उसकी समीक्षा करने का निर्देश दिया था। राज्यपाल की ओर से लौटाए गए इस बिल को राज्य सरकार दोबारा पारित कराना चाहती है, लेकिन इसमें एक अड़चन है।

दरअसल, संविधान के अनुच्छेद 200 के अंतर्गत यह व्यवस्था है कि राज्यपाल जिन विधेयकों को लौटाते हैं, उसके साथ अपनी आपत्ति के बिंदुओं पर नोटिंग करते हुए पुनर्विचार के लिए कहते हैं। सरकार का कहना है कि राज्यपाल ने आरक्षण संबंधित विधेयक लौटाते हुए कोई संदेश (नोटिंग) नहीं दिया है। यह नोटिंग जरूरी है, क्योंकि इसी के आधार पर दोबारा विधेयक पारित कराए जा सकेंगे। राज्य सरकार की ओर से बनाई गई समन्वय समिति राजभवन को ज्ञापन सौंपकर राज्यपाल से आग्रह कर चुकी है कि वे विधेयकों को नोटिंग के साथ लौटाएं। सीएम हेमंत सोरेन कई बार कह चुके हैं कि उनकी सरकार आरक्षण के साथ-साथ 1932 के खतियान (भूमि सर्वे) पर आधारित डोमिसाइल पॉलिसी पर अपने स्टैंड पर अडिग है। जाहिर है, इन दोनों बिलों को लेकर आने वाले दिनों में सियासत तेज होगी।

झारखंड में धान की सरकारी खरीद 15 दिसंबर से

रांची। राज्य सरकार इस साल खरीफ मौसम में उत्पादित धान की सरकारी खरीद 15 दिसंबर से शुरू करेगी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग लैम्प्स और पैक्स के माध्यम से होने वाली धान खरीद की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग जिलास्तर पर लैम्प्स की वर्तमान स्थिति से संबंधित रिपोर्ट सहकारिता विभाग को सौंपेगा। इसके बाद सरकार धान खरीद (अधिप्राप्ति) केन्द्रों की संख्या को अंतिम रूप प्रदान करेगी। हर साल किसानों को सरकारी समर्थन मूल्य के आधार पर धान का भुगतान किया जाता है। अभी सरकारी दर 2050 रुपये प्रति क्विंटल है। किसानों का कहना है कि खुले में धान का मूल्य ज्यादा है। विभागीय मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव सर्मथन मूल्य के मुद्दे पर माथापच्ची कर रहे हैं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत का कहना है कि संभावना है कि रांची में पिछले साल की तरह इस बार भी 75000 क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य तय होगा।

कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

कार्यालय आदेश सं०...../2023–24 दिनांक.....

अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक–13.06.2023 को जिला परिषद्, खूँटी की बैठक में लिए गए निर्णय एवं विभागीय आदेश संख्या–2713 दिनांक–30.12.2022 के आलोक में निम्नांकित स्थावर संपत्ति यथा विभिन्न प्रखण्डों अन्तर्गत निर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स के खाली दुकानों को किराये पर आवंटित किया जाना है। उक्त आवंटन निलामी के माध्यम से अधिकतम बोली लगाने वाले को किया जाएगा।

विवरणी निम्न प्रकार है:–

क्र०	मार्केट कॉम्पलेक्स/ डाक बंगला का नाम	प्रखण्ड का नाम	डाक बंगला/ मार्केट कॉम्पलेक्स की विवरणी/दुकान का क्षेत्रफल	न्यूनतम निर्धारित किराया प्रतिमाह प्रतिवर्ग फीट	खाली दुकान संख्या की विवरणी	अग्रधन की राशि	आवेदन पत्र की राशि (वापसी योग्य नही)	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	शहीद जावरा मुण्डा, मार्केट कॉम्पलेक्स, (ब्लॉक– बी०) मुरहू प्रखण्ड में शेष खाली दुकान	मुरहू	दुकान हेतु उपयुक्त एवं कुल क्षेत्रफल 110 sq.ft	प्रथम तल 7 रू० प्रतिवर्ग फीट	दुकान संख्या–10, 11एवं 15	(50,000.00) पचास हजार रू०	500.00 पाँच सौ रू०	कुल 03 दुकान
2	मक्की मुण्डा, मार्केट कॉम्पलेक्स, (ब्लॉक–ए०) मुरहू प्रखण्ड में शेष खाली दुकान	मुरहू	दुकान हेतु उपयुक्त एवं कुल क्षेत्रफल 110 sq.ft	भू–तल 8 रू० प्रतिवर्ग फीट	दुकान संख्या–5,6, 9,12,14,18 एवं 21	(50,000.00) पचास हजार रू०	500.00 पाँच सौ रू०	कुल 7 दुकान
				प्रथम तल 7 रू० प्रतिवर्ग फीट	दुकान संख्या–22 से 31, 33 से 39 एवं 41 तथा 42			कुल 19 दुकान
3	मार्केट कॉम्पलेक्स, अड़की प्रखण्ड में शेष खाली दुकान	अड़की	दुकान हेतु उपयुक्त एवं कुल क्षेत्रफल 110 sq.ft	7 रू० प्रतिवर्ग फीट	दुकान संख्या–2,4 एवं 6	(50,000.00) पच्चास हजार रू०	500.00 पाँच सौ रू०	कुल 3 दुकान

उपरोक्त प्रखण्डों में निर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स के खाली दुकानों को किराये पर आवंटित करने हेतु अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति में खुली बोली के माध्यम से आवेदन आमंत्रित की जाती है। विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक 12.12.2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबंद लिफाफे में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त आवेदनों का निष्पादन दिनांक 12.12.2023 को अपराह्न 3.00 बजे गठित चयन समिति के समक्ष की जायेगी। **इच्छा की अभिव्यक्ति समर्पित करने वाले इच्छुक फर्म/संस्थान/गैर–सरकारी संस्था/स्वयं सहायता समूह/प्रोपराइटर/अध्यक्ष/सचिव /स्वयं अथवा अपने द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहेंगे।** इच्छा की अभिव्यक्ति में भाग लेने संबंधित नियम एवं शर्ते तथा आवेदन पत्र प्रारूप कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट http://www.khunti.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी

PR311924 (District)23-24*D

एक नजर

भाजपा पंचायत समिति की कार्यशाला

रांची । भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण वर्ग की कार्यशाला का आयोजन किया गया है. पार्टी के सांसद, विधायक समेत प्रदेश पदाधिकारी इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं. बैठक में नेताओं को पंचायत समिति सद्स्यों के जरिये आम जनता को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देने और उसका लाभ दिलाने संबंधी चर्चा हो रही है. बैठक में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, सांसद पीएन सिंह, संजय सेठ, वीडी राम, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, अमित मंडल, भानु प्रताप शाही, अपर्णा सिंह गुप्ता, विधायक नीरा यादव समेत कई प्रदेश पदाधिकारी मौजूद हैं.

एएसआई में प्रोन्नत पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण 26 से

रांची। आरक्षी से एएसआई में प्रोन्नति पाने वाले पुलिसकर्मियों का 26 नवंबर से प्रशिक्षण शुरू होगा. इसको लेकर आईजी प्रशिक्षण ने आदेश जारी किया है. जारी आदेश के तहत पीटीसी प्रशिक्षण 26 से 28 नवंबर तक जेएपीटीसी पदमा और जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट में होगा. वहीं 17 से 18 दिसंबर तक सीटीसी मुसाबनी में प्रशिक्षण प्रारंभ किया जायेगा. इससे पहले 11 नवंबर से पीटीसी प्रशिक्षण जेएपीटीसी पदमा, सीटीसी मुसाबनी और जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट में कराने का आदेश था. लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया था. एक बार फिर से वैसे हवलदार जो मैट्रिक उत्तीर्ण हो और वैसे एएसआई जो पीटीसी प्रशिक्षण अभी तक प्राप्त नहीं किये हैं, उन्हें साक्षर आरक्षी से एएसआई पद पर प्रोन्नति के लिये पीटीसी प्रशिक्षण दिया जायेगा.

रनिया प्रखंड में फसल कटाई दिवस का आयोजन

खूँटी । कोटेर्वा एग्रीसाइंस पायोनियर बीज कंपनी द्वारा रनिया प्रखंड अंतर्गत गांव डहु में किसानों के बीच फसल कटाई दिवस मनाया गया दो नंबर जमीन पर पायोनियर 27,37 और अन्य हाइब्रिड धान को 55= 25 वर्ग मीटर क्षेत्र काटकर दिखाया गया जिसमें पायोनियर 27ढ37 का 21 किलोग्राम अन्य हाइब्रिड धान का 18 किलोग्राम आया प्रति एकड़ जिसमें 30 प्रतिशत ज्यादा उत्पादन के चार गुण 1लम्बी बालियां ,2 वजन बालियां,3 हर मौसम ज्यादा उपज 4 सुबह पकाओ शाम तक खाओ , यही चार गुण की चलते 5 क्विटंल प्रति एकड़ अन्य हाइब्रिड से पायोनियर शंकर धान 27,37 का ज्यादा उत्पादन हुआ आमदनी का बात करे तो सात से आठ का मुनाफा होगा मौके पर रांची रीजन के सर और टेरेटरी मैनेजर टिंकू कुमार बेमिसाल किसान को शॉल मेडल पहना कर सम्मानित किया क्षेत्रीय प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह डबल आय करने जानकारी प्राप्त दिया गया फ्अत्र्ह सर अन्य सब्जी की फसल में लगने दवा के बारे में जानकारी दिया गया क्षेत्रीय प्रतिनिधि जितेन्द्र राम , पौलुस सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे.

मुख्यमंत्री की पहल

टीटीपीएस के एमडी ने पुनः इसके विस्तारीकरण का प्रस्ताव भेजा

टीटीपीएस का अब होगा विस्तारीकरण

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अपनी लाइफ खो चुके तेनुघाट थर्मल पावर स्टेशन के विस्तारीकरण को लेकर समय-समय पर कई घोषणाएं, निर्णय और फैसले होते रहे, मगर वो अब तक धरातल पर नहीं उतर सकीं. झारखंड के एकमात्र अपने थर्मल पावर प्लांट के विस्तीकरण को लेकर पूर्ववर्ती रघुवर सरकार की कई घोषणाओं और कैबिनेट के निर्णयों के बावजूद अब तक कुछ नहीं हो सका. मौजूदा हेमंत सोरेन सरकार में फिर से इसके विस्तारीकरण के प्रयास शुरू हुए हैं. गत 6 एवं 7 दिसंबर को दिल्ली में हुए ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में यह मसला उठा. झारखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के समक्ष यह मसला उठाया. इसके बाद केंद्र सरकार ने इसमें मदद करने का आश्वासन दिया. इसके बाद टीटीपीएस के एमडी ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय को इसके विस्तारीकरण का प्रस्ताव बना कर भेजा है. जिसमें 660-660 मेगावाट की दो यूनिटों से उत्पादन शुरू करना शामिल है. वर्तमान में टीटीपीएस की क्षमता 210-210 मेगावाट है. इस बार भी इस पावर स्टेशन का भविष्य संवरेगा या नहीं. यह देखने वाली बात होगी.

अंतिम सांसें गिन रहा टीटीपीएस प्लांट : टीटीपीएस की स्थापना 1972 में तत्कालीन बिहार सरकार के समय हुई थी. एक थर्मल पावर प्लांट की अधिकतम आयु 35 साल होती है. मगर 51 वर्ष का ये प्लांट हो चुका है. हालत इतनी खराब है कि मुश्किल से ही एक महीने में दोनों यूनिट चल पाती हैं. वर्तमान में दो यूनिट की क्षमता 210-210 मेगवाट है. मगर मुश्किल से दोनों यूनिट चलने के बाद 200 से 250 मेगावाट ही बिजली का उत्पादन हो पाता है. मगर इस दिशा में अब तक जो भी प्रयास हुए, उनेके सार्थक परिणाम नहीं निकल पाए.

टीटीपीएस के विस्तारीकरण का बड़ा पेंच अब तक फंसा है : टीटीपीएस के विस्तारीकरण में अब तक बड़ा पेंच फंसा हुआ है. क्योंकि इसके विस्तारीकरण को लेकर राजबार कोल ब्लॉक का आवंटन हुआ था. मगर अब तक उसका परिचालन शुरू नहीं हो पाया है. इसमें 500 मिलियन टन कोयले का अनुमान लगाया गया है. हालांकि इसका माइनिंग प्लान भी केंद्र को भेज दिया गया है. लेकिन खनन का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है.

रघुवर सरकार ने विस्तारीकरण को लिया था कैबिनेट से फैसला

रघुवर सरकार ने 2016 में टीटीपीएस के विस्तारीकरण को कैबिनेट से दी थी. खास बात यह है कि विस्तारीकरण के तहत मई 2021 तक पहले चरण का उत्पादन शुरू होने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक यूनिट स्थापित करने का काम भी शुरू नहीं हो पाया है.

कोयला खरीदने का भी पूरा पैसा नहीं : टीटीपीएस प्रबंधन के पास कोयला खरीदने के लिए पूरा पैसा जुगाड़ नहीं हो पा रहा है. एक दिन में दोनों यूनिटों को चलाने के लिए 7000 टन कोयले की जरूरत होती है. हर महीने 32 करोड़ का कोयला खरीदा जाता है. वहीं टीटीपीएस के अफसरों- कर्मियों को भी वेतन देने में लगभग छह करोड़ खर्च होते हैं. जेबीवीएनएल बिजली लेने के एवज में रेगुलर टीटीपीएस को पैसे का भुगतान नहीं करता. इसके कारण टीटीपीएस सीसीएल को पैसा नहीं दे पाता है. अभी हाल में दुर्गा पूजा में सीसीएल ने कोयले की आपूर्ति रोक दी थी. ऊर्जा सचिव अविनाश कुमार की पहल पर सीसीएल ने कोयले की आपूर्ति शुरू की.

टीटीपीएस का फैक्ट

- टीटीपीएस की दोनों यूनिटों को चलाने के लिए हर माह 1.5 लाख टन कोयले की है जरूरत
- एक दिन में 7000 टन होती है कोयले की जरूरत
- टीटीपीएस हर महीने खरीदता है 32 करोड़ का कोयला
- एक यूनिट बिजली उत्पादन में 700 से 800 ग्राम कोयले की जरूरत
- बिजली उत्पादन के लिए जेड-8 और जेड-9 श्रेणी के कोयले का होता है उपयोग
- एक यूनिट बिजली उत्पादन में 3.50 रुपये प्रति यूनिट आता है खर्च
- एक माह में 20 करोड़ की बिजली का होता है उत्पादन
- प्रति माह डीजल में 3.5 करोड़ खर्च
- मेंटेनेंस में दो से ढाई करोड़ खर्च
- कर्मचारियों-अधिकारियों के वेतन में हर माह लगभग छह करोड़ खर्च

रेलवे स्टेशन की जमीन मामले में 3 सप्ताह में देना है जवाब

रांची । देवघर जिला के जसीडीह रेलवे स्टेशन के दक्षिणी इलाके में इंट्री पॉइंट नंबर दो के लिए जमीन देने का आग्रह करने वाली सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई. इस मामले में कोर्ट में राज्य सरकार की ओर से जवाब दायर नहीं होने पर अतिरिक्त समय देने की मांग की गई, जिस पर कोर्ट ने तीन सप्ताह का समय प्रदान किया. पिछली सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि राज्य सरकार ने पहले जसीडीह स्टेशन के दक्षिणी इंट्री पॉइंट नंबर दो के लिए जमीन देने की बात स्वीकारी थी. अब सरकार की ओर से इस जमीन के लिए 57 करोड़ रुपए की मांग की जा रही है. प्रार्थी का कहना था कि जसीडीह रेलवे स्टेशन के दक्षिणी इलाके में इंट्री पॉइंट नंबर दो बनने से देवघर में बाबा बैजनाथ धाम में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शिवानी जालूका ने पैरवी की. मामले में अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होगी.

झारखंड में नक्सली गतिविधियों को बढ़ावा के षड़यंत्र का पर्दाफाश

यूपी से गिरफ्तार नक्सलियों के पास बरामद दस्तावेज से हुआ खुलासा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उत्तरप्रदेश एटीएस ने बीते दिनों बलिया में गोपनीय बैठक कर रहे पांच नक्सलियों तारा देवी, लल्लू राम, सत्य प्रकाश, राममूरत और विनोद साहनी को गिरफ्तार किया था. इनके पास बरामद दस्तावेजों से नक्सलियों के बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है. बरामद दस्तावेज से यह खुलासा हुआ है कि ये सभी नक्सली केंद्रीय कमेटी के नेताओं के इशारे पर बलिया, आजमगढ़, वाराणसी और चंदौली को केंद्र बना कर यूपी में नक्सली गतिविधियां बढ़ा रहे थे. इसके अलावा यूपी के बलिया, मिजार्पुर, गाजीपुर, आजमगढ़, वाराणसी, चंदौली के अलावा बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ के तमाम जिलों में नक्सली गतिविधियों को विस्तार देते हुए भाकपा माओवादी का शासन स्थापित करने की साजिश रची जा रही थी. उनके पास से बरामद डायरी में बीते दिनों एनकाउंटर में मारे गए नक्सलियों के नाम और संगठन को होने वाली फंडिंग का ब्योरा भी मिला था. इस केस को अब एनआईए ने टेकओवर कर जांच शुरू कर दी है.

केंद्रीय कमेटी के सदस्य प्रमोद मिश्रा ने एडहॉक कमेटी बनाई थी

जांच में सामने आया है कि सीपीआई माओवादी नक्सली संगठन की केंद्रीय कमेटी के सदस्य प्रमोद मिश्रा (गिरफ्तार) एडहॉक कमेटी बनाई थी. संगठन के सचिव बलिया निवासी संतोष वर्मा उर्फ मंतोष के जरिए लगातार पूर्वांचल के कई जिलों में महिलाओं और पुरुषों की भर्ती की जा रही थी. साथ ही, पूर्वांचल में किसी सरकार विरोधी आंदोलन को चुन कर उसको सशस्त्र आंदोलन में बदलने की साजिश रची जा रही थी. इसके लिए जंगल में हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा था.

चंदा-लेवी वसूली व हथियार जमा कर रही थी तारा

गिरफ्तार नक्सली तारा देवी उर्फ मंजू उर्फ मनीषा 18 साल से नक्सली घटनाओं में शामिल रही है. वह नए सक्रिय सदस्यों की भर्ती के लिए नक्सल के एमओ (मास आर्गनाइजेशन) और मुखौटा संगठनों के साथियों के साथ मिल कर काम कर रही थी. पुराने भूमिगत सदस्यों के साथ नए लोगों की भर्ती कर रही थी. उनका उद्देश्य भारत सरकार के खिलाफ नक्सली विचारधारा के लोगों को जुटा कर सशस्त्र विद्रोह के जरिए सरकारी व्यवस्था को उखाड़ना था. वह नक्सलियों की सरकार स्थापित करने के लिए अपनी पार्टी भाकपा माओवादी के लिए चंदा व लेवी वसूलने व हथियार जमा कर रही थी.

पेड़ से लटकता मिला आर्मी जवान का शव, हत्या या आत्महत्या?

नवीन मेल संवाददाता। रांची

अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित कडरू ब्रिज के पास पेड़ से लटकता एक युवक शव बरामद हुआ है. शव की पहचान आर्मी के जवान मनोज सिंह के रूप में हुई है. मनोज सिंह मूल रूप से उत्तराखंड का था. लेकिन उसकी पोस्टिंग जमशेदपुर के सोनारी में थी. लेकिन वो दो दिन पहले बूटी मोड़ स्थित दीपाटोली आर्मी कैंप आया था. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मनोज सिंह की हत्या की गयी है या फिर उसने आत्महत्या की है. पुलिस इसकी जांच कर रही है.बताया जाता है कि मनोज सिंह ने रेलवे का टिकट बुक कराया गया था. उनकी ट्रेन गुरुवार रात 12 बजे रांची रेलवे स्टेशन से थी. लेकिन वो शाम छह बजे ही दीपटोली कैंप से निकल गये थे. जिसके बाद उनका कुछ पता नहीं चल पाया. वहीं आज शुक्रवार दोपहर में उसका शव बरामद हुआ है. इस संबंध में सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि आर्मी के जवान का शव बरामद हुआ है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पायेगा कि उसकी हत्या की गयी है या फिर उसने आत्महत्या की है. इस मामले में आगे की कार्रवाई जारी है.

दिल्ली के भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में रांची स्मार्ट सिटी

झारखंड पवेलियन में रांची स्मार्ट सिटी को स्टॉल पर मेले में आने वाले लोग ले रहे हैं रुचि

नवीन मेल संवाददाता। रांची/नई दिल्ली

नई दिल्ली। दिल्ली के प्रगति मैदान में चले रहे विश्व व्यापार मेले में अब अंतिम के कुछ दिन ही बचे है। सप्ताह अंत होने के कारण लोगों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। ऐसे में झारखंड पवेलियन में रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड की स्टॉल पर बनाया गया स्मार्ट सिटी का मॉडल खासा पसंद किया जा रहा है। यहां लोग रांची स्मार्ट सिटी के बारे में जानकारी भी ले रहे है। रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदक्योलियर ने बताया कि रांची स्मार्ट सिटी भारत सरकार और झारखंड सरकार का संयुक्त प्रोजेक्ट है। जो की रांची के धुर्वा में 656 एकड़ में ग्रीन फील्ड डेवलप कर रहे है। जिसमे हमारा उद्देश्य लोगों को विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया कराना है।यहां हम इंस्टीट्यूशनल, रेजिडेंशियल, कमर्शियल, पब्लिक/ सेमी पब्लिक, मिक्सयूज कंपोनेंट के लिए ऑक्शन कर रहे है। साथ ही इस स्मार्ट सिटी में आईटी कनेक्टिविटी, सेफ्टी और सिक्योरिटी, नो व्हीकल जोन, एनर्जी एफिशिएंट स्ट्रीट लाइट, स्मार्ट सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, स्मार्ट सेनिटेशन सिस्टम, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर जनरेशन, वाल्कबिलिटी और साइक्लिंग, स्मार्ट मेटरिंग, इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट और रिवर फ्रंट डेवलप कर लगभग 80000 लोगों को घर और 70000 लोगों को जॉब देना है। हमारा प्रोजेक्ट लगभग पूरा हो चुका है अब हम इसका ऑक्शन कर रहे हैं।

विश्वविद्यालयों में पीजी के नामांकन में हो रही है देरी

रांची । रांची विश्वविद्यालय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर सेशन 2023-24 का नामांकन लेट चल रहा है. नियम के मुताबिक, जुलाई से नए सेशन की शुरूआत हो जानी चाहिए. लेकिन इन दोनों विश्वविद्यालय में पीजी का नामांकन नवंबर के लास्ट तक चल ही रहा है. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में 10 अक्टूबर तक नामांकन के लिए आवेदन लिया गया, वहीं रांची विश्वविद्यालय 24 नवंबर से स्नाकोत्तर का नामांकन शुरू किया गया है. दिसंबर में पहले सेमेस्टर की परीक्षा हो जानी थी. मगर दिसंबर तक तो नामांकन ही लिया जा रहा है. ऐसे में समय पर सेशन पूरा करवाने में कठिनाई हो सकती है. अगर सेशन को जल्दी-जल्दी पूरा करवा लिया जाता है, तो सिलेबस पूरा करवाना भी एक बड़ी चुनौती होगी. वहीं इस वर्ष नामांकन के लिए सीईयूटी भी लिया गया था. जिसका रिजल्ट जारी होने के बाद विश्वविद्यालयों ने नामांकन के लिए आवेदन मांगा था. रांची विश्वविद्यालय ने यूजी सेशन 2020-23 के छठे सेशन का रिजल्ट जारी करने में काफी लेट किया.

अवैध खनन मामले की जांच करने साहिबगंज पहुंची सीबीआई

नवीन मेल संवाददाता। रांची

साहिबगंज जिले में अवैध खनन मामले की जांच करने सीबीआई की टीम पहुंची गयी है. सीबीआई की चार सदस्यीय टीम नींबू पहाड़ पर अवैध खनन की जांच करेगी. सीबीआई की टीम शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे कोर्ट और फिर एससी-एसटी थाना भी जायेगी. इसके अलावा वह ईडी के प्रमुख गवाह विजय हांसदा और खनन में संलिप्त एसपी, डीसी और खनन पदाधिकारी से भी पूछताछ कर सकती है. गौरतलब है कि बीते 20 नवंबर को सीबीआई ने नींबू पहाड़ पर अवैध खनन मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी. सीबीआई के डीएसपी कृष्ण कुमार सिंह को इस केस का आईओ बनाया गया है.

ईडी के बाद सीबीआई ने दर्ज की थी प्राथमिकी : सीबीआई ने अपने एफआईआर में बरहेट के विधायक प्रतिनिधि और ईडी केस में मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा, कारोबारी विष्णु कुमार यादव, पवितर कुमार यादव, साहिबगंज जिला परिषद के उपाध्यक्ष राजेश यादव, संजय कुमार यादव, बच्चू यादव, संजय यादव, सुवेश मंडल समेत अन्य को आरोपी बनाया है. सीबीआई ने साहेबगंज जिले के मुफ्फसिल थाना में विजय हांसदा द्वारा दर्ज कोर्ट कंप्लेन और एसटी-एससी थाना में दर्ज केस 6/22 को टेकओवर किया है. झारखंड माइंस एंड मिनरल्स एक्ट, आर्म्स एक्ट व एसटी-एससी एक्ट की संगत धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है.

हाईकोर्ट के आदेश के बाद शुरू हुई थी जांच

गौरतलब है कि झारखंड के साहिबगंज में हुए अवैध खनन की जांच सीबीआई से कराने के लिए विजय हांसदा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी. लेकिन बाद में विजय ने अपनी याचिका वापस लेने की कोशिश की थी. जिसके बाद हाईकोर्ट ने सीबीआई को मामले में पीई दर्ज कर जांच का आदेश दिया था. अदालत ने सीबीआई को सभी पक्ष में जांच का आदेश दिया था, जिसके बाद सीबीआई ने अवैध खनन से जुड़ा विजय हांसदा का केस टेकओवर कर लिया.

झारखंड पुलिस के पास 75769 मामले पेंडिंग, रांची की स्थिति सबसे खराब

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड के विभिन्न जिलों में पुलिस के पास 71560 वारंट, 4209 कुर्की और 42372 केस अनुसंधान के लिए लंबित हैं. यह आंकड़ा 31 सितंबर 2023 तक का है. जिसकी पुष्टि पुलिस मुख्यालय से प्राप्त वारंट और कुर्की को आंकड़ों से होती है. झारखंड में रांची जिले की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है. यहां सबसे अधिक वारंट और कुर्की के मामले अनुसंधान के लिए लंबित हैं.

जानें किस जिले में वारंट और कुर्की के कितने मामले हैं पेंडिंग

जिला	वारंट	कुर्की	जिला	वारंट	कुर्की
रांची	18566	3200	कोडरमा	294	23
खूंटी	506	27	चतरा	2782	96
गुमला	2171	02	गिरिडीह	664	46
सिमडेगा	355	00	धनबाद	16946	237
लोहरदगा	731	08	बोकारो	1034	70
चाईबासा	2660	36	दुमका	755	01
सरायकेला	1621	14	गोड्डा	512	00
जमशेदपुर	4072	22	जामताड़ा	796	01
पलामू	2959	79	देवघर	3394	14
लातेहार	1890	12	साहिबगंज	2704	110
गढ़वा	725	01	पाकुड	1213	04
हजारीबाग	3777	129	रेल धनबाद	48	01
रामगढ़	329	76	कुल	71560	4209

नागा बाबा खटाल के दुकानदारों ने निगम कार्यालय के बाहर किया हंगामा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची के जाकिर हुसैन पार्क स्थित नागा बाबा खटाल सब्जी मार्केट के दुकानदार आज शुक्रवार दोपहर में नगर निगम कार्यालय पहुंचे और जमकर विरोध-प्रदर्शन किया. दुकानदारों का कहना है कि मार्केट के बाहर कई सब्जी विक्रेता बिना अनुमति के अवैध तरीके से अपनी दुकानें लगा रहे हैं. ऐसे में ज्यादातर ग्राहक बाहर से ही सब्जी खरीद कर चले जाते हैं. इससे उनको हर दिन नुकसान उठाना पड़ रहा है. विक्रेतोओं का कहना है कि नगर निगम से सब्जी मार्केट के बाहर अवैध दुकान लगाने की कई बार शिकायत की गयी. लेकिन इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया.दुकानदारों का कहना है कि जब से मार्केट बना है, तब से कोई न कोई विवाद खड़ा होता रहता है. कभी छत जर्जर होने के कारण पानी का रिसाव होता है तो कभी गंदगी की समस्या उत्पन्न होती है .

बिना सुपरवाइजर चल रहा है मार्केट : नागा बाबा खटाल सब्जी मार्केट 12 करोड़ की लागत से बना है. निगम से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले एक साल से मार्केट बिना सुपरवाइजर के चल रहा है. वर्तमान में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत नियुक्त लोगों से मार्केट की देखरेख करवायी जा रही है. इसके साथ ही वार्ड सुपरवाइजर को भी हर दिन मार्केट में विजिट करने का आदेश दिया गया है.नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त निकेश कुमार ने कहा कि इनफोर्समेंट टीम को भेजकर सब्जी मार्केट के बाहर अवैध तरीके से लगाये जा रहे दुकानों को हटाया जायेगा. इनफोर्समेंट टीम में लोगों की कमी है. इसलिए इसमें समय लग रहा है. कहा कि बाजार शाखा से बातकर जल्द से जल्द स्थायी सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेगी. ताकि मार्केट की देखरेख सही तरीके से हो सके.

विधायक ने रनिया के लोहागाड़ा में किया डाइर मेला का उद्घाटन

खूंटी। तोरपा विधानसभा क्षेत्र के रनिया प्रखंड के लोहागड़ा में शुक्रवार को डाइर मेला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक कोंचे मुंडा और अन्य अतिथियों ने किया। मेले में उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि डाइर जतरा हमारी प्राचीन और समृद्ध संस्कृति की पहचान है।उन्होंने कहा कि डाइर जतरा, इंद जतरा, दसई जैसें प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा हमारी सांस्कृतिक विरासत है। हमें हर हाल में अपनी परंपरा और संस्कृति को बचाकर रखना है। विधायक ने कहा कि पुराने समय में जब हामरे पास आवागमन के अधिक साधन नहीं थे.

अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाना सरकार का उद्देश्य : विधायक

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में संजीव सरदार, विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन, जिला परिषद सदस्य कविता परमार और बीडीओ सच्चिदानंद महतो व अन्य मौजूद थे. यहां विभिन्न विभागों द्वारा कुल 19 स्टॉल लगाए गए थे, जिसमें लोगों ने पहुंच कर अपनी-अपनी समस्याओं को रखा. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. विधायक ने अपने संबोधन में ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसमें शामिल होकर इस मेले में पहुंचकर लाभ उठाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम आज से प्रारंभ हो रहा है. पंचायत स्तर पर इसका आयोजन हो रहा है. सभी पंचायत प्रतिनिधि के साथ ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद थे. सरकार की योजना कैसे समाज के अंतिम लोगों तक पहुंचे इसका प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है. यह कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को लाभ पहुंचाना ही सरकार का उद्देश्य है.

पेटरवार में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का डीसी ने लिया जायजा

बोकारो। बोकारो सहित राज्य के सभी जिलों में शुक्रवार को 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम की शुरूआत हुई. बोकारो जिले के शहरी क्षेत्र की कुल 11 पंचायतों व वार्डो में 14 शिविरों का आयोजन किया गया. पेटरवार प्रखंड की अरजुवा पंचायत में आयोजित शिविर में गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतो व उपायुक्त कुलदीप चौधरी शामिल हुए. उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने स्टॉल का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निदेश दिए. शिविर में विभिन्न विभागों के 22 स्टॉल लगाए गए हैं, जहाँ ग्रामीणों की काफी भीड़ देखी गई. इससे पूर्व योगेंद्र प्रसाद ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उन्होंने लाभुकों के बीच योजनाओं का स्वीकृति पत्र व परिसंपत्तियों का वितरण किया. सहायता केंद्र में बैठकर फरियादियों को फॉर्म भरने से लेकर योजना का लाभ दिलाने तक में सहयोग किया. उन्होंने कहा कि यह महत्वकांक्षी कार्यक्रम झारखंड की दिशा और दशा तय करेगा. इसके जरिए अंतिम व्यक्ति तक राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचेगा. बीते वर्ष यह

कार्यक्रम सार्थक साबित हुआ था, जिससे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की देश में खूब तारीफ हुई थी. उन्होंने कार्यकताओं से इस बार भी कार्यक्रम को सार्थक बनाने में भागीदारी की अपील की.

एक नजर

हत्या की योजना बना रहे तीन युवक हथियार के साथ गिरफ्तार

जमशेदपुर। साकची पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने राजेंद्र विद्यालय के पास स्थित बंद क्वार्टर में छापेमारी कर हत्या की योजना बना रहे तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवकों में बमार्माइंस थाना क्षेत्र के रघुवर नगर निवासी जितेश कुमार, परसुडीह गदड़ा निवासी रवि उपाध्याय और बिष्टुपुर शिवपुरी कॉलोनी निवासी राहुल साहू शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों के पास से 4 लोडेड पिस्टल, 7 मैगजीन, 42 जिंदा गोली और एक चोरी की बाइक बरामद की है. एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि सभी बंद क्वार्टर में जमा हुए थे. पुलिस को इसकी गुप्त सूचना मिली थी. गुप्त सूचना के आधार पर एक टीम का गठन कर छापेमारी की गई और सभी को गिरफ्तार किया गया. एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों पर हत्या और फायरिंग जैसे मामले भी दर्ज हैं.

8 महीने की गर्भवती ननद और सास पर जानलेवा हमला, भर्ती

धनबाद। अपनी ममेरी 8 महीने की गर्भवती ननद और सगी सास पर जानलेवा हमला करने का आरोप बहू पर लगा है. घायल दोनों महिलाओं का इलाज धनबाद के रठटटउल में चल रहा है .घटना के संबंध में जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के फुसबंगला में रहने वाले नूर मोहम्मद का कहना है कि 22 दिसंबर को उनकी बहू सब्बो और बेटा बादशाह के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. दोनों में तू-तू, मैं-मैं हो रही थी, इसी दौरान बहु ने अपने मायके फोन कर कुछ बात की. इसके बाद बहू के पिता, उनके भाई हुंडा, शहवाज, अफराज और कुछ अज्ञात लोग घर पहुंच गए और गाली-गलोज करते हुए घर में घुस गए और हमारी नाबालिक बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगे, पत्नी ने जब इसका विरोध किया तो बहू के मायके वालों ने उस पर रॉड से हमला कर दिया. जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं और बेहोश होकर गिर पड़ी. यह देख 8 महीने की गर्भवती भांजी मुस्कान दौड़ते हुए आई और बीच बचाव करने लगी. बदमाशों ने उस पर लात घुसो से हमला कर दिया.

हाथियों की मौत का मामला में प्रशासन एक्शन में

नहीं बक्शे जाएंगे दोषी, होगी कार्रवाई : आयुक्त

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। घाटशिला में पिछले दिनों करंट लगने से हुई पांच हाथियों की मौत के मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. जांच के बाद जो दोषी पाए जाएंगे उन्हें बक्शा नहीं जाएगा. उक्त बातें कोल्हान आयुक्त मनोज कुमार ने जमशेदपुर प्रखंड में आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कही. उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर मंगलवार को चाईबासा में एक समीक्षा बैठक रखी गई है. इसमें वन विभाग और बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहेंगे है. बैठक में घटना के कारणों और भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हो इस पर चर्चा करने के साथ-साथ रणनीति बनाई जाएगी. आयुक्त ने कहा कि कोल्हान में नक्सली घटनाओं में काफी कमी आई है. नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास की किरण पहुंच रही है. पश्चिमी सिंहभूम के जामरो में कभी बिजली का एक भी पोल नहीं हुआ करता था. वहां के लोगों को किसी प्रकार का लाभ नहीं मिल पाता था. लेकिन पिछले वर्ष वहां प्रशासन ने शिविर लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया. कुछ एक इलाकों में अब भी नक्सली सक्रिय है, उन्हें पूरी तरह से खत्म करने के लिए सुरक्षाबलों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है. सरकार का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले और भटके हुए युवाओं को वापस मुख्यधारा से जोड़ा जाए. आईईडी विस्फोट की घटना पर उन्होंने कहा कि इस पर सरकार काफी गंभीर है और आने वाले नए वर्ष में इस पर अंकुश लगा लिया जाएगा. इसके लिए प्लान तैयार किया जा रहा है.

चाकुलिया : दो हथिनी की मौत मामले की क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक ने की जांच

जमशेदपुर। चाकुलिया में हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर जख्मी दो हथिनियों की मौत के मामले में शुक्रवार को क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक रवि रंजन ने घटनास्थल पर आकर जांच की. उन्होंने उपस्थित जमशेदपुर की वन प्रमंडल पदाधिकारी ममता प्रियदर्शी और चाकुलिया के प्रभारी वन क्षेत्र पदाधिकारी दिग्विजय सिंह से मामले की विस्तृत जानकारी प्राप्त की. ज्ञात हो कि चाकुलिया नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 स्थित गणेश राइस मिल के पीछे निर्मित तालाब की मेंढ़ पर हाथियों का एक दल हाई वोल्टेज बिजली के तार की चपेट में आ गया था. इनमें से दो हथिनी विद्युत प्रवाह से जख्मी हो गई थी. 24 घंटे के अंदर दोनों हथिनी की मौत अलग-अलग जगह पर हो गई थी.

धनबाद अंचल में म्यूटेशन के 2189 आवेदन पेंडिंग

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। धनबाद अंचल में म्यूटेशन के पेंडिंग मामलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. राज्य सरकार एवं जिला उपायुक्त के आदेश का पालन भी नहीं किया जा रहा है. राज्य सरकार का सख्त आदेश है कि आवेदन के 30 दिनों के भीतर मामले का निपटारा कर देना है. आदेश के बावजूद सैकड़ों मामले ठंडे बस्ते में पड़े हैं. म्यूटेशन के पेंडिंग मामलों को न तो स्वीकृति दी जा रही है, न ही रिजेक्ट किया जा रहा है. धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन ने जिले के सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया था कि म्यूटेशन के मामलों में पेंडेंसी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. इसके साथ ही हर महीने म्यूटेशन के पेंडिंग मामलों की समीक्षा करने का भी आदेश दिया था. इसके बावजूद धनबाद अंचल में म्यूटेशन के कुल 2189 मामले पेंडिंग हैं, जिनमे 30 दिनों से ज्यादा के 493 और 90 दिनों से ज्यादा के 591 मामले शामिल हैं. इसी तरह ई-समाधान पोर्टल पर भी पेंडिंग पड़े मामलों में होल्ड पर 18, ओवर ड्यू 33, अंडर प्रोसेस 7 और रिजेक्ट हुए 8 मामले हैं. इन पेंडिंग पड़े मामलों की सुधि लेने वाला कोई नहीं है. पिछले 18 अक्टूबर को धनबाद के तत्कालीन अंचलाधिकारी प्रशांत लायक का तबादला कर दिया गया था. उनके स्थान पर किसी अंचलाधिकारी का पदस्थापन नहीं किया गया है. 3 नवंबर को धनबाद के प्रखंड विकास पदाधिकारी को ही अंचलाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया. विकास का कार्य करने वाले बीडीओ को राजस्व का जिम्मा दे दिया गया है. कार्यालय सूत्रों की मानें, तो वर्तमान अंचलाधिकारी आये आवेदनों का बेहद धीमी गति से निपटारा कर रहे हैं. प्रभार में रहने की वजह से संभवतः नीतिगत फैसले नहीं ले पा रहे होंगे. अंचल कार्यालय में प्रतिदिन करीब 20 नए आवेदन आ रह हैं, जिनमें से हर दिन एक मामले का निपटारा किया जा रहा है.

हजारीबाग : मकसूद बने मिस्टर फ्रेशर, ज्योति को मिस फ्रेशर का ताज

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस सभागार में सीएस एंड आईटी विभाग के सेमेस्टर तीन व पांच के विद्यार्थियों की ओर से सेमेस्टर एक के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विद्यार्थी जीवन बेहद अनमोल क्षण होता है, जिसमें सिर्फ शिक्षा ही प्राप्त नहीं की जाती बल्कि यह जीवन करियर निर्माण के लिए भी महत्वपूर्ण है. ऐसे में विद्यार्थियों को चाहिए कि समय का सदुपयोग करें और भविष्य के सुनहरे सपनों को साकार कर माता-पिता, क्षेत्र, विश्वविद्यालय के साथ-साथ देश का नाम रौशन करें. उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को एक अच्छे इंसान बनाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय अपने कदम आगे बढ़ा रहा है, जिसमें लगातार सफलता प्राप्त हो रही है. इससे पूर्व

कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, सीएस एंड आईटी डीन डॉ बिनोद कुमार, एचओडी उदय रंजन के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. इस दौरान विद्यार्थियों की ओर से एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए, जिसे मौजूद लोगों ने खूब सराहा. कार्यक्रम के आखिर में मिस्टर फ्रेशर व मिस फ्रेशर की घोषणा की गई, जिसमें मिस्टर फ्रेशर मकसूद अहमद बने जबकि ज्योति कुमारी को मिस फ्रेशर का ताज मिला. विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने समय की अहमियत के मद्देनजर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर क्षण विद्यार्थियों के लिए अहम है, जिसमें वे ना सिर्फ ज्ञान अर्जित करते हैं बल्कि शिक्षा, सदाचार, माता-पिता की सेवा, सच बोलना जैसे सद्गुणों को अपनाकर देश के श्रेष्ठ नागरिक भी बनते हैं. मौके पर कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, सीएस एंड आईटी डीन डॉ बिनोद कुमार, एचओडी उदय रंजन के अलावा रविकांत कुमार, चंदा प्रसाद, प्रभात कुमार, तारा प्रसाद, राहुल कुमार, विजय लाल आदि मौजूद थे.

सीआईएसएफ की टीम पर कोयला माफियाओं ने किया हमला, एक गिरफ्तार

धनबाद । निरसा थाना क्षेत्र के इसीएल मुगमा एरिया अंतर्गत श्यामपुर बी कोलियरी समीप सीआईएसएफ शीतलपुर की टीम पर कोयला माफियाओं ने हमला कर दिया. जिसके बाद सीआईएसएफ की टीम ने पिस्टल के साथ कोयला व्यवसाई रमाशंकर सिंह को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. सीआईएसएफ हेड कि तरफ से एक लिखित शिकायत निरसा थाना में दी गयी है. जानकारी देते हुए विधि व्यवस्था ऊढ अमर कुमार पांडेय ने बताया कि कोयला व्यवसाई रमाशंकर सिंह के विरुद्ध सीआईएसएफ की तरफ से लिखित शिकायत की गयी है. आगे की कार्रवाई की जा रही है. वहीँ दूसरी ओर कोयला व्यवसाई रमाशंकर सिंह ने अपने ऊपर लगे सारे आरोपों को बेबुनियाद बताया है. साथ ही सीआईएसएफ की टीम पर मारपीट करने और पैसे छिनतई का आरोप लगाया है.

छेड़खानी करना पड़ा महंगा, पुलिस ने दबोचा

बोकारो। जिले के चश्मा मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चमसाबाद गांव से पुलिस ने छेड़खानी करने के मामले में आरोपी अमित बाऊरी को गिरफ्तार कर लिया गया है. इस बात कि जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 10 दिन पहले छेड़खानी की एक प्राथमिक की दर्ज की गई थी. जिसके बाद से पुलिस लगातार उसके गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही थी. उन्होंने कहा कि आज पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है. गिरफ्तार कर आरोपी को सदर अस्पताल भेजकर मेडिकल कराया गया. वहीं मेडिकल के बाद उसे न्यायिक हिरासत में मंडल कारा चास भेज दिया गया है. पुलिस इस मामले में अग्रसर करवाई कर रही है. उन्होंने बताया कि दर्ज प्राथमिक की के बाद से आरोपी भागा फिर रहा था. उसकी गिरफ्तारी के लिए उसके कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी. एक गुप्त सूचना के आधार पर कल इसकी गिरफ्तार की गई.

अभिषेक महतो बने महुआटांड़ के नए थानेदार

बोकारो। बोकारो एसपी ने आईईएल के थाना प्रभारी अभिषेक महतो को महुआटांड़ का नया थाना प्रभारी बनाया है, वहीं मुख्यालय में कार्यरत देवानंद कुमार को आईईएल का थाना प्रभारी बनाया गया है. इस संबंध में एसपी के हस्ताक्षर से शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी किया गया. ज्ञात हो कि 19 नवंबर की रात औचक निरीक्षण के दौरान महुआटांड़ थाना प्रभारी श्रीकांत कुमार और सहायक पुलिस अवर निरीक्षक अर्जुन महतो बिना सूचना के थाना से गायब मिले थे. एसपी ने कर्तव्यहीनता के आरोप में दोनों को निलंबित कर दिया था. 5 दिन बाद अभिषेक कुमार को महुआटांड़ में नए थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित किया गया है.

50 वर्षीय व्यक्ति ने फंदे पर झूल दे दी जान

धनबाद। धनबाद सदर थाना क्षेत्र के शिव शक्ति नगर के रहने वाले 50 वर्षीय फागू मोदक ने फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली. उनके संबंधी मिथुन मोदक ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 12 बजे सूचना मिली कि फागू मोदक ने साड़ी के फंदे के सहारे फांसी लगा ली. बताया जाता है कि फागू मोदक लॉ कॉलेज के पास गरीब होटल दुकान चलाता था.इस घटना से फागू महतो की पत्नी और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था. मौके पर सदर थाने की पुलिस पहुंचकर जांच में जुट गई है.

कोर्ट ने अमन सिंह समेत 6 आरोपियों को किया बरी

धनबाद। गोविंदपुर ऊपर बाजार स्थित सिटी फ्यूल्स पेट्रोल पंप रंगदारी मांगने और गोलीबारी करने के चर्चित मामले में अदालत ने शुक्रवार को फैसला सुनाया. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वयंभू की अदालत ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता हुसैन हैकल, दीपनारायण, अनवर शमीम, धर्म वर्णवाल की दलील सुनने के बाद आरोपी अमन सिंह, रवि ठाकुर, जावेद अख्तर ऊर्फ रिंकू, बबलू कुमार मिश्रा, इलियास अंसारी व समीर खान को साक्ष्य के अभाव में बाइज्जत बरी कर दिया. गोविंदपुर ऊपर बाजार स्थित उक्त पेट्रोल पंप पर 3 दिसंबर 2020 की देर शाम बाइकसवार तीन बदमाशों ने पहुंचकर 5 राउंड फायरिंग की थी.

शिव मंदिर से नाग व त्रिशूल की चोरी

धनबाद। सदर थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक रोड स्थित दानीनाथ शिव मंदिर का ताला तोड़कर चोरों ने गुरुवार की रात चोरी कर ली. मंदिर के पुजारी भूदेव पांडे ने बताया कि शुक्रवार की सुबह जब पूजा करने मंदिर पहुंचे तो मेन गेट के दोनों ताला टूटे मिले. अंदर गया तो देखा कि भोले बाबा का पीतल का नाग, त्रिशूल और एक तांबा का छोटा नाग गायब है. पूर्व पार्षद अशोक पाल को इसकी सूचना दी गई.

प्रोत्साहित

एक्सआईएसएस में रजत जयंती समारोह का आयोजन

विद्यार्थियों ने ताजा किया पुरानी यादों को

नवीन मेल संवाददाता

रांची। जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची ने कैंपस में अपनी खूबसूरत यादों को ताजा करने के लिए पीजीडीएम-ग्रामीण विकास, 1996-1998 बैच के सिल्वर जुबली रीयूनियन समारोह का आयोजन किया। सिल्वर जुबली रीयूनियन समारोह में इस बैच के 21 पूर्व छात्रों ने भाग लिया और पुरानी यादों को ताजा किया। ये सभी पूर्व-छात्र देश के कई डेवलपमेंट, कॉर्पोरेट, शैक्षणिक और सामाजिक सेवा संगठनों में कार्यरत हैं और संस्थान का नाम रोशन कर रहें हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी पूर्व-छात्रों ने रूरल मैनेजमेंट प्रोग्राम के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों के साथ बातचीत की और चल रहे प्लेसमेंट प्रक्रिया के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। रूरल मैनेजमेंट प्रोग्राम के प्रमुख, डॉ अनंत कुमार ने स्वागत करते हुए कहा, कोर्स पाठ्यक्रम, इंडस्ट्रियल विजिट, इंडस्ट्री एक्सपोजर, प्लेसमेंट, और छात्रों के मार्गदर्शन के क्षेत्रों में कार्यक्रम की सहायता के लिए आपके समर्थन के लिए मैं आप सभी का आभारी हूं। आपके अनुभव और जीवन यात्रा छात्रों को एक ग्रामीण प्रबंधन पेशेवर के रूप में समाज के परिप्रेक्ष्य को समझने में मदद करते हैं। डॉ कुमार ने एक्सआईएसएस के निदेशक, डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे का संदेश भी पढ़ा, जहां निदेशक ने अपने अल्मा मेटर के प्रति सहयोग करने के लिए सभी पूर्व-छात्रों का हार्दिक स्वागत और आभार व्यक्त किया। सहायक निदेशक, डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे ने अपने संबोधन में कहा, ह्लहमारे पूर्व-छात्र आज जिस संगठन के साथ काम कर रहे हैं उसमें वे प्रेम, सेवा और समानता की सीख को प्रदर्शित करके संस्थान के मूल्यों को और ऊपर उठा रहें हैं। उनका आज यहां परिसर में होना बहुत गर्व की बात है। इसके अलावा, डीन अकादमिक, डॉ अमर ई. तिग्गा ने पूर्व छात्रों का स्वागत किया और कहा, मेरा मानना है कि इन 25 वर्षों ने दृष्टि और लक्ष्य में सकारात्मक बदलाव लाया है, और हम एक्सआईएसएस और हमारे छात्रों को अग्रणी बनाने के लिए अपने पूर्व-छात्रों का निरंतर समर्थन चाहते हैं। इस रीयूनियन समारोह की शुरूआत पौधे को पानी देने के साथ हुई, जिसके बाद पूर्व-छात्रों ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया गया, जिसके बाद इस रजत जयंती बैच का अभिनंदन किया गया।

साईं महोत्सव में सपरिवार पहुंचे सरायकेला एसपी, श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

नवीन मेल संवाददाता

सरायकेला-खरसावां। एकादशी पर 1976 में बने सरायकेला-खरसावां जिले के सिनी में अति प्राचीन साईं मंदिर में विराट साईं महोत्सव का आयोजन किया गया.महोत्सव की शुरूआत सुबह 4.00 बजे बाबा के श्रृंगार और महिलाओं द्वारा नगर कीर्तन के साथ हुआ. सुबह 7.00 बजे मंदिर में बाबा का पूजन और मंदिर के सजावट के साथ महिलाओं ने बाबा की आरती भी की. दोपहर 12.30 बजे बाबा का भंडारा आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से साईं मानवसेवा ट्रस्ट के संरक्षक पत्रकार प्रीतम सिंह भाटिया और चांडिल सर्कल इंस्पेक्टर राजेंद्र महतो सहित लगभग 500 भक्तों ने खिचड़ी और खीर का प्रसाद ग्रहण किया.3.00 बजे बाबा की आकर्षक पालकी शोभायात्रा ढोल-नगाडों,पुष्प वर्षा और

आतिशबाजी के साथ निकाली गई जो स्टेशन रोड,काली मंदिर रोड और सीनी ओपी से होते हुए पुनः मंदिर में आकर समाप्त हुई.दो घंटे की पदयात्रा में भक्तों ने साईं राम के जयकारे,पुष्प वर्षा और आतिशबाजी से पूरे सिनी क्षेत्र को साईंमय बना दिया. संध्या 7.00 बजे बाबा की आरती में जमशेदपुर के हेडक्वार्टर डीएसपी बीरेंद्र राम भी पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया.तो वहीं 7.30 बजे सरायकेला एसपी डॉ बिमल कुमार सपरिवार पहुंचे और बाबा के कीर्तन में शामिल हुए.डॉ बिमल कुमार का मंदिर कमेटी के सदस्यों ने जोरदार आतिशबाजी के साथ स्वागत किया.

रामगढ़ जिले के गोला, मांडू एवं पतरातू प्रखंड में शिविर का आयोजन

'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम शुरू

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के आलोक में 24 नवंबर 2023 से 29 दिसंबर 2023 तक मनाए जा रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कार्यक्रम के पहले दिन रामगढ़ जिले के गोला, मांडू एवं पतरातू प्रखंड में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान गोला प्रखंड के चोकाद पंचायत में आयोजित शिविर में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार शामिल हुए। इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य ने दिलीप प्रज्वलित कर पंचायत में शिविर का शुभारंभ किया। शिविर के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी लोगों से उनके पंचायत में आयोजित हुई शिविर के दौरान सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि आप सभी के लिए यह एक बहुत अच्छा अवसर है कि एक ही जगह पर आपको सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी व लाभ मिल सकता है। मौके पर उपायुक्त ने सभी से विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने की बात कही वहीं उपायुक्त ने सभी से कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जो भी शिविर आयोजित हो रहे हैं उन सभी में प्राप्त आवेदनों को यथा संभव शिविर के दौरान ही निष्पादित करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, जिन आवेदनों को तत्काल रूप से निष्पादित करना संभव नहीं है उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है एवं जल्द से जल्द आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित कराया जा रहा है। शिविर के दौरान उपस्थित सभी लोगों से उपायुक्त ने स्वयं एवं अपने आसपास के क्षेत्र में रह रहे अन्य लोगों को भी सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करने के अपील की। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर उपायुक्त ने स्टाल के माध्यम से आम जनों को दी जा रही जानकारी व लाभ का जायजा लिया वही उपायुक्त ने स्टॉलों पर प्रतिनियुक्ति अधिकारियों व कर्मियों को किसी भी योग्य लाभुक का सरकार की योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। चोकाद पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभुकों को के बीच स्वीकृति पत्र, चेक आदि का वितरण किया। इन सबके अलावा उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले प्रत्येक शिविर के लिए वरीय अधिकारियों को नामित किया गया है। शिविर के पहले दिन संबंधित शिविरों के वरीय अधिकारियों द्वारा उनके उनके क्षेत्र में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर लोगों को मिल रहे लाभ का जायजा लिया गया।वहीं, उनके द्वारा सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को शिविर के दौरान लाभान्वित किया गया।

बेड़ोकला : आपके द्वार कार्यक्रम में 274 मामलों का हुआ निष्पादन

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के बेडोकला पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी, मुखिया रिंकी देवी, मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय, पंसस रामचंद्र साव, उपमुखिया अरुणा कुमारी, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद, उपाध्यक्ष कुदूस अंसारी, बीएफटी दिलीप दास, बीपीओ श्यामनाथ वर्मा, पीएमएवाई समन्वयक अजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 705 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 274 आवेदन के मामले का निष्पादन किया गया। सबसे अधिक अबुआ आवास को लेकर आवेदन दिया गया। इस कार्यक्रम में बेडोकला पंचायत के लोगों में काफी उत्साह देखा गया। इस मौके पर सारे विभागों का स्टॉल लगाया गया। कार्यक्रम में प्रखंड सह अंचल कर्मी संतोष कुमार, परमेश्वर तुरी, मुकेश कुमार, नव पदस्थापित पंचायत सचिव राहुल कुमार, गुड़िया रानी, प्रियंका कुमारी, गौतम दास समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

'आपके द्वार' कार्यक्रम राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है : एसडीओ

नवीन मेल संवाददाता

बरही । शुक्रवार से प्रखंड के पूर्वी पंचायत से आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम प्रारंभ हुआ. जिसका शुभारंभ एसडीओ पूनम कुजूर, बीडीओ सीआर इंदीवार आदि सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नगर भवन में दीप प्रज्वलित कर किया. उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना है. जहां सरकार सीधे तौर से जनता की समस्याओं को जानने और समाधान करने का प्रयास करती है. इसके लिए विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए है. जहां आप अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दे सकते है और जानकारियां प्राप्त कर सकते है. मौके पर खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से सोना सोबरन योजना के तहत पूर्वी पंचायत के कुल चालीस लाभुकों के बीच साड़ी धोती लूंगी का वितरण किया गया. शिविर में बैंक, सिंचाई, श्रम विभाग इत्यादि के स्टॉल नही थे. वही प्रोजेक्टर की भी व्यवस्था नहीं की गई थी. योजनाओं की जानकारी के लिए स्टॉल तक जाना पड़ रहा था. जानकारी के अनुसार शुक्रवार के कार्यक्रम में सर्वजन पेंशन हेतु

विधवा और विकलांग के एक-एक, वृद्धा पेंशन के दस, कृषि विभाग में केसीसी के सात आवेदन, पशुधन योजना के लिए 89, जेएसएलपीएस के पास बतख पालन हेतु 10 आवेदन प्राप्त हुए. वही परी आजीविका सखी मंडल लोहार टोली को डेढ़ लाख को ऋण दिया गया. एमएसएमई उद्योग व मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के लिए दो आवेदन आए जबकि 25 छात्राओं को कल्याण विभाग की ओर से साइकिल की खरीद के लिए 4500 रुपए का चेक दिया गया. मनरेगा के तहत बिरसा सिंचाई कूप योजना के लिए एक, 3 नई स्कीम के लिए आवेदन प्राप्त हुए वही 12 जॉब कार्ड निर्गत किया गया. बीपीआरओ सावना मांझी ने बताया कि मतदाता सूची सुधार के लिए छः और नए मतदाता कार्ड के लिए 8 आवेदन प्राप्त हुए है. अंचल निरीक्षक सतीश कुमार सिन्हा ने बताया कि जाति व आवासीय के तीन-तीन, आय के एक, लगान रसीद हेतु 11 और म्यूटेशन हेतु कुल दो आवेदन प्राप्त हुए. नए यूआईडीएआई के लिए 6 तथा एक आवेदन अपडेट के लिए प्राप्त हुआ. स्वास्थ्य विभाग के शिविर में कुल 45 मरीजों की जांच की गई. वही विद्युत, वन विभाग, खाद्य आपूर्ति आदि विभाग के पास एक भी आवेदन जमा नहीं हुआ. जनता दरबार बीडीओ सी आर इंदवार के निगरानी में आयोजित की गई थी. शिविर में बीटीएम राकेश कुमार, बीसीओ संजय यादव, एमओ डॉ मुकेश कुमार सिंह, दंत चिकित्सक डॉ प्रवीण कुमार, ईएनटी डॉ साजिया, बीडब्ल्यूओ उपेंद्र कुमार आदि मौजूद थे.

एक नजर

ट्रक-ट्रेलर की टक्कर में चालक की मौत

रामगढ़। रामगढ़ कोठार पुल के नीचे रांची साइड से आ रही ट्रेलर और ट्रक में जोरदार टक्कर हो गई. जिससे ट्रक चालक केबिन में ही फंस गया. बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. घटना को लेकर बताया जा रहा कि ट्रक संख्या एचपी 72 सी 5920 जैसे ही कोठार पुल के पास टर्निंग में तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा था, उसी वक्त आगे वाले ट्रेलर से जाकर वह टकरा गया. रामगढ़ थाना एसआई भावेश झा ने बताया कि ट्रक और टेलर की टक्कर में ट्रक चालक बुरी तरह से फंस गया था उसे काफी मशक्कत के बाद अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया.

मुख्यमंत्री फुटबॉल प्रतियोगिता में चेचकपी की टीम विजयी

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत अडवार स्टेडियम में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023/24 का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में 8 पंचायत के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें फाइनल मैच चेचकपी बनाम चुगलामो पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें चेचकपी पंचायत की टीम 1-0 से विजय प्राप्त की। मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मौके पर कप्तान संतोष सिंह, रेफरी दुर्गा सिंह, प्रदीप सिंह खिलाड़ी, जग्गू सिंह, पप्पू सिंह, विपिन सिंह, बालेश्वर सिंह, अनिल मरांडी, संजय मरांडी आदि मौजूद थे।

स्कूली बच्चों के बीच मुखिया ने बांटी पोशाक

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत क्षेत्र के ग्राम कोनहरा कला स्थित नव सृजित प्राथमिक विद्यालय कोनहरा कला में तृतीय से लेकर पांचवीं कक्षा के स्कूली बच्चों के बीच मुखिया अब्बास अंसारी ने पोशाक का वितरण किया। मौके पर मुखिया अब्बास अंसारी ने सभी बच्चों को नियमित स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपने माता पिता,विद्यालय और क्षेत्र का नाम रौशन करने की बात कही।कहा कि मेहनत से पढ़ाई कर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। वहीं प्रधानाचार्य चंपा देवी ने मुखिया से स्कूल की चाहरदीवारी व शिक्षक की कमी से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि स्कूल में लगभग चार सौ बच्चे नामांकित है। और मात्र चार शिक्षक के भरोसे स्कूल चल रहा है। वहीं मुखिया ने अश्वासन दिया की वरीय पदाधिकारियों से बात कर जल्द ही समस्यायों का समाधान की जाएगी। मौके पर जीवन यादव, श्यामलाल सिंह, छोटी ठाकुर, भुनेश्वर राणा, रामसहाय पासवान, प्रबंधन समिति अध्यक्ष अशोक पाण्डेय, शिक्षक तुलसी प्रजापति,चायना देवी,सरीता देवी समेत आदि लोग उपस्थित थे।

बीडीओ ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हजारीबाग। 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम को लेकर प्रशासन सजग है. इसे लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है. दारू प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में जाकर प्रचार वाहन रथ लोगों को जागरूक करेगा. बीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया. मौके पर बीडीओ ने बताया कि रथ वाहन हरेक पंचायत में जाकर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की जानकारी देगा. शिविर में योग्य लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जायेगा. आवेदन का ऑन द स्पॉट निराकरण होगा.

तोपा में आयोजित जागरण में बही भक्ति की बयार

रामगढ़। श्री-श्री छठपूजा समिति तोपा के आयोजित जागरण कार्यक्रम में पवन सारेगामा जागरण मंडली के कलाकारों के प्रस्तुत भजनों व झांकी से पूरे रात भक्ति की बयार बही। सरना मैदान तोपा में आयोजित जागरण कार्यक्रम का सीसीएल कुजू क्षेत्र के जीएम नीरज कुमार सिन्हा ने आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, जीएम ऑपरेशन बीपी सिन्हा, आरा पीओ, डिस्पैच ऑफिसर तोपा नीलेश कुमार, रामभजनलाल महतो, सुरेश्वर तिवारी, ज्योतेंद्र प्रसाद साहू, जयनाथ महतो, धनेश्वर मांझी, राजकुमार दास के साथ मिलकर फीता काटकर शुभारंभ किया। इससे पूर्व माता के दरबार में ज्योत जलाया गया।

राधा गोविंद विवि में मना राष्ट्रीय पक्षी दिवस

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के जंतुशास्त्र विभाग ने 24 नवम्बर को राष्ट्रीय पक्षी दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। यह आयोजन बेहद सफल रहा, जिसने विश्वविद्यालय से छात्रों, शिक्षकों और पक्षी प्रेमियों को आकर्षित किया। विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सत्य प्रकाश ने उपस्थित व्याख्यातागण एवं छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पक्षी दिवस भारत में हर साल 12 नवंबर को डॉ. सलीम अली के जन्म दिवस में मनाया जाता है तथा उन्होंने यह भी बताया कि डॉ सलीम अली द्वारा बताए गए बात आज भी पक्षी

संरक्षण में अहम भूमिका निभाती है। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने कहा पक्षियां वन्यजीवों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और इनका संरक्षण वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देता है। हमें पर्यावरण के बचाव मे तत्पर रहना चाहिए। कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) शुक्ला मोहंती ने कहा कि कुछ पक्षियां वन्यजीवों के बीजों को फैलाने में मदद करती हैं, जिससे वन्यजीव समृद्धि होती है। बिना जीव जंतुओं के हमारा पर्यावरण संतुलित नहीं रह सकता हैं।

एक नजर

पल्लवी का राज्य स्तरीय क्रिकेट टीम अंडर-23 के लिए हुआ चयन, विधायक ने दी बधाई

बरही । रसोईया धमना निवासी रामचंद्र साव की बेटी पल्लवी कुमारी का झारखंड स्टेट महिला क्रिकेट अंडर 23 टीम के लिए चयन किया जा चुका है. वह पिछले कई वर्षों से जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना महत्वपूर्ण प्रदर्शन कर रही थी. उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि तौकीर रजा ने देते हुए बताया कि यह पूरे प्रखंड के लिए गर्व की बात है. बरही में प्रतिभा की कोई कमी नही है, उसे सपोर्ट और हौसला की आवश्यकता है. इस महत्वपूर्ण सफलता के लिए विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, बीएसए संरक्षक अब्दुल मन्नान वारसी, सचिव बलराम केशरी, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ निजामुद्दीन अंसारी, रमेश ठाकुर, छठु गोप, सुनील साहू, कृष्ण कुमार मेहता, अमित साहू, भगवान केसरी, व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल केसरी, मुखिया सिकंदर राणा, अमित केशरी, मनोज केशरी सहित अन्य कई लोग शामिल है.

झामुमो ने शुरू की शहादत दिवस की तैयारी

रामगढ़। झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन क्षेत्रिय कार्यालय रजरप्पा प्रोजेक्ट में झामुमो चितरपुर प्रखण्ड की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष खुदीराम महतो की अध्यक्षता में रखी गई. बैठक में 27 नवंबर को शहीद सोबरन सोरेन का शहादत दिवस की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो रामगढ़ जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कू उपस्थित रहे. जबकि जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो, झारखण्ड कोलियरी यूनियन मजदूर के क्षेत्रिय सचिव महेंद्र मिस्त्री, लुकेश्वर चौधरी, प्रखण्ड उपाध्यक्ष शिवलाल हांसदा के अलावा सभी पंचायत के प्रभारी एवं चितरपुर प्रखण्ड के विभिन्न गांव से आए कार्यकर्ता मौजूद थे. इस दौरान आगामी 27 नवंबर को लुकैयाटांड बरलंगा में शहीद सोबरन सोरेन की शहादत दिवस में शामिल होने के लिए चितरपुर प्रखण्ड से प्रखण्ड के तमाम पदाधिकारी एवं पंचायत के तमाम पदाधिकारी हजारों की संख्या में रवाना होंगें. मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के लोग छोटे बड़े वाहनों की मदद से बरलंगा रवाना होंगे. बैठक की संचालन प्रखंड सचिव विमल करमाली ने की. मौके पर झामुमो चितरपुर प्रखण्ड कोषाध्यक्ष विनय मुन्ना, पिन्टू कुमार, असादुद्दीन अंसारी, मुमताज अंसारी, मो. शकील, मकसूद अंसारी, चन्द्रकिशोर पासवान, सुनिल करमाली, कालीचरण महतो, भोला वर्मा, संदीप करमाली, संतोष महतो, कृष्णा मांझी सहित सक्रिय कार्यकर्त्ता मौजूद थे.

बरकट्ठा : कोनहरा खुर्द पैक्स अध्यक्ष पद पर संजय कुमार निर्विरोध निर्वाचित

बरकट्ठा। प्रखंड के कोनहरा खुर्द पंचायत भवन में शुक्रवार को कोनहरा खुर्द पैक्स अध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। मौके पर निर्वाचन पदाधिकारी कारू राम मौजूद थे। निर्वाचन प्रक्रिया में कोनहरा खुर्द पंचायत निवासी संजय कुमार को निर्विरोध अध्यक्ष चयन किया गया। वहीं कार्यकारणी सदस्य के रूप में मनोज सिंह, साहेबराम सोरेन, मुनीलाल प्रसाद, कलावती कुमारी, मंदोदरी देवी, कुमारी विनीता, लीला देवी, मनाव देवी, कौशल्या देवी, उस्मान आंसरी का निर्विरोध चयन किया गया। संजय कुमार को निर्विरोध निर्वाचित होने पर कई लोगों ने उनका स्वागत करते हुए बधाई दिया। बधाई देने वालों में मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र शर्मा, राजेश प्रसाद, अर्जुन दास, सुशील कुमार हितैसी, छोटीलाल प्रसाद, विजया साव समेत आदि लोग शामिल थे।

स्कूलों में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन

रामगढ़। अरका जैन यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में घाटो क्षेत्र के कुछ स्कूलों में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 400 बच्चों ने हिस्सा लिया। इस कैरियर काउंसलिंग के मुख्य अतिथि कुमार अभिषेक ने कैरियर को सेलेक्ट करने का टिप्स बच्चों को बेहतर तरीके से बताया। वहीं, सहयोगी सुमित कुमार और विश्वजीत ने अरका जैन यूनिवर्सिटी के कोर्सेज जैसे की बीबीए ,बीसीए, फामेर्सी और इंजीनियरिंग सहित विभिन्न कोर्सेज की जानकारी दी और नामकरण के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

भक्तिमय हुआ शहर

श्री गुरु नानक देव जी के 555वें जन्मोत्सव पर निकाली गई प्रभात फेरी

तुम करो दया मेरे साई, ऐसी मत दीजै मेरे ठाकुर...

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। सिख धर्म के संस्थापक एवं सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के 555 वें प्रकाशोत्सव को लेकर 24 नवम्बर को सातवें दिन की प्रभात फेरी उत्साह के साथ निकाली गई। प्रभात फेरी के सातवें दिन साध संगत में खासा उत्साह देखा गया। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में साध संगत ढोल नगाड़े बजाते हुए शब्द गा यन करते हुए चल रहे थे। सातवें दिन की प्रभात फेरी में साध संगत में गजब एवं अनोखा नजारा दिख रहा था। पूरा शहर भक्तिमय शब्दों से गूंज रहा था। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में सिख समाज के महिला और पुरुष शामिल हुए। सातवें दिन की प्रभात फेरी में साध-संगत शब्द गाते लोग चलते रहे थे। प्रभात फेरी में सबसे आगे कुज्जू गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान सरदार रामदयाल सिंह चोपड़ा हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। इस दौरान साध संगत ₹तेरी सेवा तेरी सेवा मुकत भुगत जगत तेरी सेवा, तुम करो दया मेरे साई, ऐसी मत दीजे मेरे ठाकुर सदा सदा तुध धियाई, सेवक की अरदास प्यारे जप जीवा गुर चरण तुम्हारे, सिमरो सिमर सिमर सुख पावों, बिछड़े थे माधो बिछड़े थे₹ आदि शब्दों के गायन से माहौल को भक्तिमय बनाते चल रहे थे । सातवें दिन की प्रभात फेरी श्री गुरुद्वारा साहिब से आरम्भ होकर सुभाष चौक होते हुए बिजुलिया सरदार इंद्रजीत सिंह कोहली के आवास पहुंची। इस मौके पर सरदार कोहली के परिवार की तरफ से प्रभात फेरी का स्वागत आतिशबाजी माल्यार्पण कर किया गया। साथ ही साध संगत के लिए चाय नाश्ते का प्रबंध किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरुचरण सिंह छाबड़ा ने सरदार इंद्रजीत सिंह कोहली को सरोपा देकर सम्मानित किया। सातवें दिन की प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, डॉक्टर नरेंद्र सिंह, हरपाल सिंह अरोड़ा, इंद्रजीत जस्सल , जिगर छाबड़ा हरजाप सिंह तेजिंदर सिंह सोनी, कुलवंत मारवाह, पपींदर सिंह खंबे, अनमोल सिंह ,अमरपाल आनंद, रमन कोहली, पवी कालरा,जसविंदर सिंह सलूजा, गुरप्रीत चाना, जगजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह कालरा, बबलू, कमल जस्सल, अजय सिंह छाबड़ा, हरदीप सिंह होरा, जसकीरत सिंह भाटिया, राजू, जसकीरत सिंह सैनी,रौनक सिंह, गुरजोत सिंह, नरेंद्र सिंह होरा, गुरदीप सिंह सैनी, कमलजीत सिंह लांबा, लकी मेहरा, पलविंदर सिंह बल, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, राजा कालरा, इंद्रजीत सिंह जससल, राजी गांधी, नरेंद्र सिंह गुजराल, बुग्गी जस्सल ब्रदर, देवेंद्र अरोड़ा, प्रीतम सिंह, त्रिलोचन सिंह, रज्जी गांधी, विनसी कोहली, नरेंद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह, रवींद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, विमला जस्सल, रानी जस्सल, रोमा छाबड़ा, मनप्रीत सैनी नवलजीत मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कोर, बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा, सुमी जोली, गुरबख्श कौर सैनी, मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर आदि शामिल हुए।

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़, डीसी हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता

कुरडेग । झारखंड सरकार की 4 वर्ष के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा का तीसरा चरण पूरे राज्य भर में शुरू किया है जिसके तहत पहले दिन प्रखंड में गड़ियाजोर पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की गई।कार्यक्रम की शुभारंभ उपायुक्त अजय कुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा जिला नजारत उपसमाहर्ता राजेन्द्र सिंह ,जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि यह कार्यक्रम आमजनों को सुविधा के साथ सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को पहूंचाने के लिए आयोजित है।सभी बढ़ चढ़कर हिस्सा लें।सही लाभार्थियों को इस कार्यक्रम में पूर्ण लाभ मिलेगा।राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास की जानकारी देते हुए उसका लाभ लेने की अपील की। मौके पर बिरसा सिंचाई कूप छः लाभुकों का स्वीकृति किया गया। फूलो झानों योजना में महिला समूह के दीदीयों को 125000 रू का स्वीकृति ,बैंक क्रेडिट लिंकेज के लिए समूह के दीदीयों को 15,00000 रू की स्वीकृति की गई। कल्याण विभाग की ओर पांच विद्यार्थियों को प्रत्येक को 4500 रू साइकिल क्रय हेतु एवं पांच स्कूली बच्चों को पोशाक एवं जाति प्रमाण पत्र तथा बारह वृद्ध जनों को कंबल डीसी महोदय के हाथों प्रदान किया गया। पेंशन योजना में 35 आवेदन राजस्व संबंधी 62 आवेदन, अबुआ आवास के लिए 400 से अधिक, पशुधन 21,विद्युत संबंधी 52 आवेदन, राशन कार्ड संबंधी 6 आवेदन सहित अन्य आवेदन जमा किये गये।मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, बीडीओ समीर रेनियर खलखो,सीओ किरण डांग, मुखिया प्रतिभा कुजूर, बीईईओ अरूण कुमार पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की आदि उपस्थित थे।

एक नजर

चंगाई सभा से 65 वर्षीया महिला लापता थाना में सनहा दर्ज

सिमडेगा। सिमडेगा में ईसाई प्रचारक प्रोफेट बजिंदर सिंह के द्वारा आयोजित विशाल धार्मिक चंगाई सभा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ से आई हुई 65 वर्षीय रितनी बाई नामक महिला लापता है। इधर परिवार वालों ने काफी खोजबीन किया, जब पता नहीं चल पाया तब जाकर शुक्रवार को सिमडेगा सदर थाने में आवेदन देखकर सनहा दर्ज कराते हुए खोजबीन की गुहार लगाई है, जानकारी देते हुए उसके बेटे ने बताया कि चंगाई सभा में शामिल होने के लिए उसकी मां को लाया गया था। उसकी मां की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी ,अचानक भीड़ के बीच उसकी मां कहीं चली गई और काफी देर तक खोजने का प्रयास किया गया लेकिन लाखों की उमड़ी भीड़ में प्रयास असफल रहा, दिनभर खोजने के बाद जब पता नहीं चला।

क्रिकेट टूर्नामेंट में आदर्श विद्यालय 220 रन से जीता

कोडरमा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर स्कूल क्रिकेट टूनामेंट में स्थानीय सीएच हाई स्कूल मैदान में आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड और शिव तारा शिशु मंदिर तिलैया के बीच मैच हुआ. टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए मधवाटांड़ की स्कूल ने 29.2 ओवर में 328 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. जिसमें आशीष कुमार ने शानदार 111 रन की शतकीय पारी खेली. वहीं अंकित ने 47 रन शंकर ने 31 रन और सुमित ने 28 रन का योगदान दिया. गेंदबाजी करते हुए शिव तारा स्कूल की ओर से सोनू ने तीन विकेट और प्रिंस तथा मयंक ने दो दो विकेट चटकाए. बाद में बल्लेबाजी करने उतरी शिवतारा शिशु मंदिर की टीम 19.3 ओवर में 108 रन ही बना सकी. जिसमें मयंक राज ने 17 सोनू ने 23 और सनी ने 12 रन का योगदान दिया.गेंदबाजी करते हुए आदर्श प्लस टू स्कूल की ओर से सुमित ने पांच विकेट और अभिषेक पंकज आयुष ने एक-एक विकेट लिए. मैन ऑफ द मैच मधवाटांड स्कूल के सुमित यादव को दिया गया.

प्रार्थना सह चंगाई सभा में परेशानी का आरोप, बोले सुजान मुंडा

'प्रशासन मृतक के परिजन को न्याय दे'

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। कोलेबिरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा ने चंडीगढ़ के जाने माने मिनिस्ट्री प्रोफेट बजिन्दर सिंह के द्वारा प्रार्थना सह चंगाई सभा के दौरान जिले की गड़बड़ाई यातायात व अन्य व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन को जिम्मेवार ठहराया है। सुजान मुंडा ने कहा कि प्रशासन की गलती के कारण ही शहर की पूरी व्यवस्था गड़बड़ा गई थी। सभा के दौरान अगर भगदड़ मच गई होती तो कल हजारों लोगों की मौत हो सकती थी। और इस भगदड़ को संभालने के लिए प्रशासन कुछ भी नहीं कर पाती। प्रशासन द्वारा लोकप्रिय व्यक्ति मिनिस्ट्री प्रोफेट बजिन्दर सिंह की सभा के लिए बीच शहर में सभा की अनुमति दिए जाने का नतीजा न सिर्फ सिमडेगा जिला वासियों को बल्कि दूर दराज से प्रार्थना सभा मे शामिल होने वाले लोगों, लंबी दूरी के वाहन चालकों को भुगतान पड़ा। इस परेशानी का शिकार स्कूली बच्चे भी हुए। प्रशासन को यह पता होना चाहिए था कि चंडीगढ़ के जाने माने मिनिस्ट्री प्रोफेट बजिन्दर सिंह कौन है और उनको चाहने वालों की संख्या कितनी है। इसी के अनुसार शहर के बाहर किनारे में सभा करने की अनुमति दी जानी थी। लेकिन अधिकारी इसको लेकर कोई जांच पड़ताल नहीं की और शहर में ही सभा करने की आसानी से अनुमति दे दी। अनुमति देने के बाद कोई तैयारी भी नहीं की। जब अचानक से भीड़ उमड़ने लगी तब व्यवस्था ठीक करने के लिए प्रशासन हड़बड़ाने लगा। लेकिन तब तक काफी बिलम्ब हो चुका था। कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग चुकी थी। हर तरफ जाम की समस्या बन चुका था। 15 मिनट की दूरी वाले रास्ते मे लोगों को डेढ़ घंटे तक का समय जाने में लग रहा था। जाम में दर्जनों एम्बुलेंस फंसे रहे। स्कूली बच्चे भी घण्टो जाम में फंसे रहे। देर तक स्कूल से घर नहीं पहुंचने पर बच्चों के अभिभावक हैरान व परेशान रहे। बच्चों की तलाश में अथवा घर लाने के लिए घर से बाहर निकले अभिभावक भी जाम में फंस गए। शहर से लेकर एनएच की यातायत व्यवस्था पूरी तरह गड़बड़ा गई। प्रशासन के साथ साथ आयोजन कमेटी की लापवाही के कारण जिले की भी बदनामी हुई। दूर दराज से पहुंचे लोगों के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी। खाने पीने से लेकर अन्य चीजों के लिए बाहर से आये लोग परेशान दिखे। जिले की व्यवस्था देखकर बाहर से आए लोग भी हैरान व परेशान दिखे। ऐसे प्रचलित एवं लोकप्रिय व्यक्ति का सभा करने के लिए प्रशासन को शहर से किनारे में सभा करने की अनुमति दिया जाना था। अनुमति देने के साथ साथ व्यवस्था भी दुरुस्त रखनी चाहिए थी। पर प्रशासन ने ऐसा करना जरूरी नहीं समझा। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ा। जाम के कारण समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने से एक की मौत भी होने की बातें आई है। प्रशासन मृतक के परिजनों को न्याय दे। उन्हें मुआवजा दे। आज अगर कोई आम आदमी रहता तो उसपर लापवाही का आरोप लगा प्रशासन द्वारा करवाई की जा चुकी होती। ऐसे में लापरवाह अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही प्रशासन को 20 से 30 हजार की ही भीड़ जुटने की झूठी जानकारी देकर गुमराह करने वाले समिति के लोगों पर भी प्रशासन करवाई करे। सुजान ने कहा कि वे लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को आवेदन देकर मांग करेंगे।

चंगाई सभा में रिटायर्ड हेड मास्टर की मौत

जुलयुस मिज अंबापानी बोड़ाखाड़ा स्कूल के रिटायर हेड मास्टर थे। वे अपने बेटे-बहू तथा अन्य परिजनों के साथ प्रार्थना सभा में आए हुए थे। इसी दौरान करीब तीन बजे अचानक भीड़ के बीच चक्कर खाकर गिर पड़े। इसके बाद उन्हें एंबुलेंस की सहायता से सदर अस्पताल लाने की कोशिश की गई, परंतु लंबे जाम के कारण नैगम टोली में एंबुलेंस फंसी रही। इससे समय रहते सदर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका और जुलयुस की मौत हो गई। मृतक के बेटे विकास मिंज ने बताया कि पिता के अचानक चक्कर खाकर गिरने के बाद बहुत मुश्किल से उन्हें एंबुलेंस तक ले जाया गया, परंतु नैगम टोली के समीप लंबे जाम में फंस गए। इस कारण समय रहते वे सदर अस्पताल नहीं पहुंच सके। मृतक का भाई भूषण लकड़ा ने कहा कि दो-ढाई घंटे जाम में फंसे रहने के कारण जूलियस को समय से इलाज नहीं मिल सका, जिससे उनकी मौत हो गई।

सीएम के आगमन पर झामुमो जिला अध्यक्ष और जिला सचिव ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

सिमडेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सिमडेगा जिले में ₹सरकार आपके द्वार कार्यक्रम₹ के तहत आगमन के मद्देनजर झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना और जिला सचिव सफीक खान ने पार्टी के अन्य कार्यकताओं के साथ कोलेबिरा स्टेडियम पर आयोजित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर बारीकी से स्थिति वस्तु का जायजा लिया। उन्होंने कार्यकताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए सभी कार्यकर्ता अपनी भागीदारी शत प्रतिशत सुनिश्चित करते हुए जिम्मेदारी का निर्वहन करे।मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली,जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, युवा मोर्चा जिला सचिव राजेश टोप्पो, जिला बीस सूत्री सदस्य फूलकुंवारी समद, प्रखंड सचिव वकील खान, प्रकाश बागे, प्रखंड उपाध्यक्ष जस्टिन डांग,मीडिया प्रभारी सनी रिजवान,सुनीता नायक, अलबीन डांग सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मधुमक्खी के काटने से एक व्यक्ति की मौत

कोडरमा। डोमचांच थाना क्षेत्र स्थित तेतरीयाडीह में मधुमक्खी के काटने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी. व्यक्ति की पहचान केदार यादव (62 वर्षीय) के रूप हुई है. केदार यादव के बेटे प्रेमचंद यादव ने बताया कि उसके पिता खेत में काम कर रहे थे. तभी कुछ मधुमक्खियों ने उनपर अचानक हमला कर दिया. मधुमक्खी के काटने से उनकी तबियत बिगड़ गयी. आनन-फानन में उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. केदार यादव पेट्रोल पंप में गार्ड का काम करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे. वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार (तीन बेटे और एक बेटी) छोड़ गये.

कोडरमा : बोल्डर लदा चार हाइवा जब्त

कोडरमा। जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सोनी और नवलशाही थाना प्रभारी सोनी प्रताप संयुक्त रूप से अभियान चलाकर ओवरलोड बोल्डर लदे तीन हाइवा और बिना चालान के एक हाइवा को जब्त किया. जानकारी अनुसार चारों हाइवा बरियारडीह की ओर से आ रहा था. इसी दौरान थाना भवन के समीप पहले से मौजूद पदाधिकारियों ने बोल्डर लदे उक्त चारों हाइवा को रुकवाकर जांच की, इसमें एक हाइवा का चालक बोल्डर से सबंधित चालान प्रस्तुत नहीं कर सका, वहीं तीन बोल्डर लदा हाइवा ओवरलोड पाया गया.

करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

सिमडेगा। शहरी क्षेत्र के साहू मोहल्ला में एक महिला बिजली करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई महिला की पहचान सब्बा परवीन के रूप में हुई। बताया गया कि वह अपने कुआं में कपड़ा धोने के लिए जा रही थी। इसी दौरान वाशिंग मशीन के लिए बिजली पलक को लग रही थी ।इसी दौरान करंट की चपेट में आ गई और आसपास मदद नहीं मिलने की वजह से मौके पर ही बेहोश हो गई थी। परिवार वाले उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव सफीक खान सेंट्रल अंजुमन के सदर मोहम्मद ग्यास साहित्य कई लोग सदर अस्पताल से सिमडेगा पहुंचे एवं सिविल सर्जन से मुलाकात करते हुए तत्काल पोस्टमार्टम कराने की बात कही ,वहीं पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाते हुए शो परिजनों को सौंप दिया गया।

पत्रकार आमिर हाशमी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच कल

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। मासूम क्लब द्वारा खैरनटोली स्कूल मैदान में आयोजित पत्रकार आमिर हाशमी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का शुक्रवार को कुल दो मैच खेले गए। पहला मैच मासूम क्रिकेट क्लब बनाम हैप्पी आटोमोबाइल्स कोलेबिरा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हैप्पी ऑटोमोबाइल्स की टीम निर्धारित दस ओवर में मात्र 46 रन ही बना सकी। इसके बाद जवाबी पारी खेलने उतरी मासूम क्लब की टीम सात विकट स उक्त मैच को जीतते हुए अगले चक्र में प्रवेश किया। उक्त मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मासूम क्लब के मो.हम्माद को दिया गया। इसके बाद प्रतियोगिता का तीसरा क्वार्टर फाईनल मैच मासूम क्लब बनाम एसीसी सिमडेगा के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसीसी की टीम निर्धारित दस ओवर में 98 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी मासूम क्लब की टीम आठ विकेट शेष रहते ही अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मासूम के मामून को दिया गया। इससे पूर्व मैच की शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला शिक्षा अधीक्षक बिनोद कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। डीएसई ने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए कहा कि खेल से आपसी सदभावना मजबुत होती है। जहां सदभावना मजबुत होगी वहां सभी समस्याओ का समाधान आसानी से हो जाता है। इसलिए समाज में खेल को बड़ा महत्व दिया गया है। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का फाइनल मैच 26 नवंबर को आयोजित किया जाएगा जिस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक मौजूद रहेंगे प्रतियोगिता को सफल बनाने में सरफराज पिंटू, मामून, इरफान, अहमद आदि योगदान रहे हैं।

गोवर्धन सिंह के हत्यारे जल्द पकड़े जाएं : श्रद्धानंद बेसरा

सिमडेगा: बांसजोर मंडल भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल श्रद्धानंद बेसरा के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से मिलकर गोवर्धन सिंह के परिवार को जल्द इंसाफ देने एवं हत्यारे को पकड़ने की मांग की। गौरतलब है कि तारगा निवासी कोमली देवी के पति गोवर्द्धन सिंह की हत्या दिनांक 30.08.2023 को कर दी गयी थी। कोमली देवी ने आवेदन देकर कुछ लोगों पर शंका जाहिर की है उसे पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि दोषी बक्से नहीं जाएंगे मामले का जल्द अनुसंधान कर दोषी सलाखों के पीछे रहेंगे। मौके पर श्रद्धानंद बेसरा ने कहा कि सिमडेगा पुलिस कप्तान पर पूरा भरोसा है कि पीड़िता को न्याय मिलेगा और दोषी जल्द पकड़े जाएंगे। मौके पर बांसजोर मंडल अध्यक्ष तपेश्वर साहू तुलसी कुमार साहु, सुदर्शन सिंह, मोती लाल, लोबो सिंह, चांदनी देवी, कोमली देवी, सिता देवी, सावित्री देवी आरती देवी, सुखमनी देवी आदि उपस्थित थे।

लंबोई में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन

विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रमुख योजनाओं का लाभ : सीओ

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'का जागरूकता रथ शुक्रवार को जलडेगा प्रखंड पहुंचा। निर्धारित कार्यक्रम के तहत अंचल अधिकारी मधुश्री मिश्रा के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय परिसर और लम्बोई में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, किसान, छात्राएं, महिला स्वयं सहयता समूह और ग्रामीण जनता के मध्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजना यथा आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा, किसान सम्मान निधि, पीएम पोषण अभियान, जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि तहत लाभ प्राप्त करने तथा योजना से संबंधित समस्त जानकारी को जागरूकता के विभिन्न साधनों द्वारा साझा किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल लाभार्थी द्वारा आमजन के साथ अपना अनुभव साझा कर सत्र सतत कृषि गतिविधियों के संदर्भ में भी प्रगतिशील किसानों को अवगत करवाया गया। बच्चों में क्विज प्रतियोगिता के साथ जैविक खेती को लेकर धरती कहे पुकार के थीम पर जेएसएलपीएस से जुड़ी समुह की दीदियों के द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। अनुभव साझा करते समय महिलाओं ने कहा ने कहा की उज्जवला योजना का लाभ लेने से अब मेरा रसोई धुआं मुक्त हो गया, समय की बचत होती है जिससे बच्चों को पढ़ाने में समय मिलता है।

कोडरमा : बचपन प्ले स्कूल में मनाया गया नेशनल मिल्क डे

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। जिले के गुमो स्थित बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में बच्चों को दूध के महत्व को बताने के उदेश्य से नेशनल मिल्क डे मनाया गया. कार्यक्रम में स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चे कृष्णा कुमार, रेयांष गुप्ता, प्रषिव मोदी, दिव्यम पुजारा, आरिष खान, उस्मान खान, अयांष कुमार और लव्यांष दूध वाले के वेष में स्कूल पहुंचे. कार्यक्रम की शुरूआत मनोरंजक तरीके से गीत मिल्क इज व्हाइट गाकर हुई. कार्यक्रम में बच्चों ने गाय का फेस मास्क पहनकर, गाय की आवाज तथा विभिन्न जानवरों की आवाजें निकाली और खूब मजे किये. मौके पर संयोजिका मारिया मंडल ने बच्चों को बताया कि अमूल मिल्क प्रोडक्ट कंपनी की स्थापना करने वाले डॉ वर्गीज कुरियन के जन्मदिन पर उनको सम्मान देने के लिए हम नेशनल मिल्क डे मनाते हैं. दूध के उत्पादन में भारत को नंबर वन पर पहुंचाने में डॉ वर्गीज का अहम योगदान है. उन्होंने बच्चों को दूध तथा दूध से बनी चीजें खाने के लिए प्रोत्साहित किया. मौके पर उपस्थित प्रधानाचार्या नीरजा ने कहा कि दूध सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है. दूध के सेवन से शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं. कार्यक्रम को सफल बनाने में मारिया मंडल, शिक्षिका श्वेता अग्रवाल, पूनम तेजपाल, अमिषा कुमारी, सीमा पंडित, सुनीता कुमारी आदि की भूमिका सराहनीय रही.

आस्था ठेठईटांगर करामुंडा कैलाशधाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

भक्ति गीतों पर रातभर झूमे दर्शक

नवीन मेल संवाददाता

ठेठईटांगर। प्रखंड के करामुंडा कैलाश धाम में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान 24 घंटे के अखंड हरी कीर्तन एवं रंगारंग देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ । सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसके अलावा झारखंड पार्टी जिला अध्यक्ष मतीयस बागे, अभय विश्वकर्मा रवि कुमार मांझी सोनू यादव ,समसेरा मुखिया सुरजन बड़ाईक शामिल हुए। आगंतुक अतिथियों के द्वारा विधिवत फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर झारखंड के कई बड़े मशहूर कलाकारों के द्वारा गीत संगीत से उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अपने संबोधन में संदेश एक्का ने कहा कि कैलाश धाम जो दिन प्रतिदिन लगातार विख्यात होता जा रहा है यहां प्राकृतिक चट्टन के बीच में जो धार्मिक स्थान है वह वाकई अलौकिक है और यहां पर जो सच्चे मन से जो भी कुछ मांगता है उनकी मुरादे पूरी होती है और प्रशासन ने इसे पर्यटन स्थल की सूची में शामिल कर लिया है जो की सराहनीय है। आज जिस प्रकार यहां लोग उपस्थित होकर यहां पर तीन दिनों तक यहां पर पूजन पाठ किया इससे इस क्षेत्र में सुख समृद्धि बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होना भी अपने आप में सराहनीय है, क्योंकि गीत संगीत और विलुप्त होती परंपरा को बचाना हम सभी का कर्तव्य है। इस धाम को विकसित करने के लिए झारखंड पार्टी लगातार प्रयासरत है और आने वाले दिनों में इसे पूरे देश विदेश तक प्रसिद्ध करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा इसके लिए समिति के सदस्य एवं झारखंड पार्टी मेहनत करेगी। इधर मंच संचालन कालो खलखो के द्वारा किया गया। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर बेहरा, सचिव रैंन सिंह, कोषाध्यक्ष शंभू बेहरा कपिलानंद प्रधान ,नारायण सिंह ,प्रकाश बेहरा, विनोद बड़ाईक, राजकुमार सिंह ,विजय महतो सहित कई लोग मौजूद रहे।

एक नजर

अबुआ आवास योजना से मिलेगा 8 लाख लोगों को घर

रांची। झारखंड सरकार 8 लाख लोगों को 3 कमरों का पक्का मकान देने जा रही है। 16 हजार करोड़ रुपये की लागत से लोगों को 'अबुआ आवास योजना' के तहत घर दिए जाएंगे। इसका लाभ लेने के लिए लोग 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' के तहत पंचायत स्तर पर लग रहे शिविरों में आवेदन दिया जा सकता है। **पहले चरण में 2 लाख घरः** योजना के तहत आवास विहीन गरीब लोगों के लिए 8 लाख पक्का आवास निर्माण का लक्ष्य तय किया गया है। इसके तहत प्रथम चरण वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2 लाख, 2024-25 में 3 लाख 50 हजार और 2025-26 में 2 लाख 50 हजार पक्का आवास का निर्माण किया जाएगा। तीन चरणों में 16 हजार 320 करोड़ रुपए की लागत से आवास का निर्माण होगा।

विधायक सुदेश महतो ने किये 50 लाख लागत से बनने वाले गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास

बुंडू। विधायक सुदेश महतो ने गुरुवार को राहे गांव में बुंडू-राहे सड़क के राहे तालाब में गार्डवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। पथ निर्माण विभाग के द्वारा 140 फीट गार्डवाल का निर्माण 50 लाख रुपये में किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि गांव की जरूरत को पूरा किया जा रहा है। पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर वृहत पैमाने पर काम किये जा रहे है। हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुँचाने का काम किया जा रहा है। गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है। मौके पर प्रभारी संजय सिद्धार्थ, रंग बहादुर महतो, मनोज चटर्जी, सुरेंद्र प्रजापति, प्रमोद सिंह, राजपति महतो, सहित काफी संख्या ग्रामीण उपस्थित थे।

मयूरहंड प्रखंड के दिवंगत पूर्व प्रमुख पंचतत्व में विलीन, पिता ने दी मुखाग्नि

मयूरहंड(चतरा)। मयूरहंड प्रखंड के दिवंगत भाजपा मंडल अध्यक्ष सह पूर्व प्रमुख विक्रम कुमार सिंह का शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया। दिवंगत का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव कदगावा खुर्द के शमशान घाट में किया गया। जहां अपने दिवंगत युवा पुत्र को मुखाग्नि पिता धनजंय सिंह ने भरी मन से दिया और दिवंगत का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। वहीं अपने युवा नेता के अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल होकर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। ज्ञात हो कि दिवंगत का पार्थिक शरीर देर रात उनके घर लाया गया। श्रद्धांजलि देने सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, पूर्व विधायक जनार्धन पासवान, भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह,भाजपा नेता अभिषेक रामाधीन, राजेश कुमार सिंह, मनजीत सिंह, रामनाथ यादव, आदि पहुंचे थे। दिवंगत अपने पीछे बारह वर्षीय एक पुत्री व दस वर्षीय एक पुत्र को छोड़ गए।

टीवीएनएल विस्तारीकरण का रास्ता साफ

दिल्ली की बैठक में शामिल हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर

नवीन मेल संवाददाता। रांची /नई दिल्ली
टीवीएनएल विस्तारीकरण का रास्ता साफ हो गया है। दिल्ली में बिजली अधिकारियों की बैठक में इस पर चर्चा की गयी। बैठक में राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर और जेबीवीएनएल के एमडी केके वर्मा शामिल थे। इस दौरान टीवीएनएल के विस्तारीकरण को सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी ने अपनी मंजूरी दी। इसके साथ ही ललपनिया में 660 मेगावाट के दो यूनिट लगाने की योजना भी पूरी की जायेगी। तेनुघाट विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड राज्य सरकार के स्वामित्व वाली एकमात्र विद्युत इकाई है। इसके विस्तारीकरण के साथ ही राज्य में बिजली की कमी और सेंट्रल पूल से खरीदी जाने वाली बिजली में भी कमी आयेगी। टीवीएनएल के विस्तारीकरण की

घोषणा पूर्व में कई बार समय समय पर की गयी है। साल 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने विस्तारीकरण की बात कही थी। इसके बाद 2021 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस संबंध में घोषणा की। हालांकि साल 2021 में झारखंड ऊर्जा विकास निगम और तेनुघाट विद्युत उत्पादन निगम दोनों को पत्राचार कर विस्तारीकरण के संबध में जानकारी मांगी गयी थी। इस दौरान टीवीएनएल का राज्य झारखंड उर्जा उत्पादन निगम में विलय के संबंध में भी आकलन रिपोर्ट की मांग की गयी थी। हालांकि इसके बाद मामला शांत हो गया था। ऐसे में अब उम्मीद है कि राज्य में टीवीएनएल का विस्तारीकरण जल्द संभव होगा। फिलहाल टीटीपीएस में दो यूनिट कार्यरत है, जिसकी क्षमता 420 मेगावाट है।

छात्राओं में सेनेटरी नैपकिन का वितरण

बालूमाथ। सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड की ओर से संचालित मगध संघमित्रा क्षेत्र की अपराजिता महिला समिति के द्वारा शुक्रवार को बालूमाथ स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शिविर लगाकर 200 छात्राओं के बीच सेनेटरी नैपकिन एवं सैनिटाइजर का वितरण किया गया। किशोरियों की कल्याण गतिविधि के अंतर्गत सैनिटरी नैपकिन और सैनिटाइजर किट वितरित किए गए। समूह की सदस्यों ने बताया कि छात्राओं को जागरूक करने एवं उनके व्यक्तिगत स्वच्छता से संबंधित प्रदर्शन और बातचीत भी आयोजित की गई। मौके पर अपराजिता महिला समूह की बिभानाथ, ममता सत्यनारायण सदाला, हसबुन निशा, अंजू बिनोद कुमार, प्रमिला सिन्हा, श्वेता प्रियदर्शी, दीप्ति चटराज एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

ओरमांझी में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

अबुआ आवास के लिए लोगों की उमड़ी भीड़

नवीन मेल संवाददाता। ओरमांझी
आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के गगारी पंचायत से विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया।आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में राज्य सरकार की 24 लाभकारी योजनाओं के काउंटर लगाये गए है। इस दौरान अबुआ आवास योजना काउंटर में सबसे ज्यादा लोगों की भीड़ देखी गई। वहीं सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के बीच साइकिल क्रय का सर्टिफिकेट वितरण किया गया। जिससे स्कूली छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। वहीं शिविर में ज्योतिष महतो ने प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार को अपना शिकायत सुनाते हुए बताया कि मैंने मनरेगा योजना द्वारा काम किया था,लेकिन अक्टूबर महीने से कार्य का भुगतान सरकार द्वारा नहीं किया गया है।कैसे परिवार का लालन पालन होगम जिसे सुन कर



प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि मनरेगा कर्मियों के भुगतान के लिए प्रक्रिया आगे बढ़ा दिया गया है केंद्र सरकार जब मजदूरों के भुगतान राज्य सरकार को भेजेगा तो सभी के खाते में भुगतान किया जाएगा। शिविर में बुढ़ा बूढ़ी भी अपने पेंशन के लिए पहुंचे थे।
सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी शिविर में दी गई। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गए जिनका त्वरित निष्पादित किया जाएगा। शिविर में मुख्य रूप से उप प्रमुख रिजवान अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार अंचल अधिकारी नितीन शिवम गुप्ता,गगारी पंचायत के मुखिया धनराज बेदिया,समिति सदस्य गगारी रीना केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर महतो,सुरेश प्रसाद साहू,पंसस रीना देवी ,शिव टहल नायक हरिमोहन महतो, सहित सभी विभागों के पदाधिकारी कर्मी व काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

प्रेमी ही निकला युवती का हत्यारा, गिरफ्तार

दुष्कर्म के बाद हत्या के आरोप में युवक को पुलिस ने भेजा जेल, फांसी की सजा की मांग

नवीन मेल संवाददाता। डंडई
पुलिस ने युवती की दुष्कर्म के हत्या के मामले में शुक्रवार को आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार जेल भेज दिया। युवती के परिजनों की ओर से दी गई लिखित शिकायत पर थाना प्रभारी शाबाज अंसारी ने उक्त कार्रवाई की। थाना प्रभारी ने बताया कि कहा मृतक युवती और आरोपी विवेक के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। घटना के दिन विवेक ने फोन कर को घटना स्थल पर बुलाया। उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद उसने उसकी हत्या कर दी। थाना प्रभारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

बताते चलें कि बुधवार सायंकाल के समय युवती का शव रारो पंचायत के बगिझरिया टोला से पुलिस द्वारा बरामद किया गया था। घटनास्थल पर शराब की अनेकों बोतलें, खाने का सामान बरामद किया गया था। कई जगहों पर खून के निशान मिले थे। उधर युवती की सगी बहन ने बताया कि घटना से पूर्व मंगलवार रात्रि उसक छोटा भाई और उसकी बहन एक कमरे में सोए हुए थे। शौच करने को लेकर जब मेरा भाई घर से बाहर निकल कर पुनः उस कमरे में गया तो बहन को नहीं देखा। उसके बाद उसने इसकी जानकारी घर वालों को दी। इसके बाद उसकी खोजबीन में हम सभी जुट गए लेकिन कहीं भी उसका आता पता नहीं चला। बुधवार को सायंकाल में उसका शव घर से हजार फीट की दूरी पर होने की जानकारी मिली। बताया कि घटना से चार दिन पूर्व विवेक कुमार नामक युवक से बहन को फोन पर बात करते देखा था। उसके बाद उससे बात करने को लेकर हम लोगों ने अपनी बहन को मना कर दिया था। इसी बीच, विवेक का दोस्त कृष्णा घर आकर धमकी देने लगा कि आप उससे बात करने से नहीं रोक सकते हैं। अगर पुनः ऐसा करेंगे तो इसका अंजाम बुरा होगा। विवेक के साथ उसकी बहन का प्रेम प्रसंग चल रहा था, लेकिन उसकी हत्या सिर्फ उसके द्वारा ही नहीं की जा सकती है, बल्कि उसके कई दोस्तों का भी इस घटना में हाथ हो सकता है। उन्होंने कहा कि उसकी बहन के साथ दुष्कर्म कर हत्या करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलने पर जब हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि उसकी बहन पूरी तरह नग्न अवस्था में पड़ी थी और उसके अगल-बगल की मिट्टी पूरी तरह खून से लथपथ हो चुकी थी।
उसका कपड़ा भी इधर-उधर फेंका पड़ा था। पीड़िता के परिजनों ने मामले में हत्यारों को फांसी की सजा की गुहार लगाई है।

उड़सुगी में वृद्ध की संदिग्ध हालात में मौत

गढ़वा। गढ़वा थाना क्षेत्र के उड़सुगी गांव निवासी कामेश्वर भुइयां (60) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शुक्रवार को उसका शव गढ़वा रोड-चोपन रेलखंड पर गढ़वा थाना क्षेत्र के उड़सुगी गांव में रेलवे लाइन के बगल में पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने इसकी जांच के लिए डाग स्क्वायड का भी सहारा लिया है। लेकिन इस मामले का पदार्फाश अभी नहीं हो सका है कि कामेश्वर भुइयां की मौत कैसे हुई। हालांकि मृतक के मुंह में खून का धब्बा लगा हुआ है। इससे उसकी हत्या का भी संदेह व्यक्त किया जा रहा है। पुलिस उसके शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल ले गई है। कामेश्वर भुइयां की शादी गढ़वा थाना क्षेत्र के महुलिया गांव में हुआ था। दंपती को एक पुत्र संतोष कुमार है। लेकिन कुछ दिनों बाद कामेश्वर भुइयां ने पत्नी से संबंध विच्छेद कर लिया था। इसके बाद उसकी पत्नी अपने बेटे संतोष कुमार के साथ महुलिया गांव स्थित मायके में रहती थी।कामेश्वर भुइयां उड़सुगी गांव में ही रहता था। वह मजदूरी का अपना जीवन-बसर करता था। इस संबंध में मृतक के पुत्र संतोष कुमार ने बताया कि उसे शुक्रवार की सुबह 10 बजे सूचना मिली थी कि उसके पिता का शव रेलवे लाइन के बगल में मिला है। इसके बाद वह उड़सुगी गांव में पहुंचा था। उसने बताया कि उसे किसी पर कोई संदेह भी नहीं है। लेकिन कामेश्वर भुइयां की मौत के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है।

रातू में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरआत

अबुआ आवास के लिए दिये गए 400 आवेदन

रातू। रांची उपायुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को प्रखंड के तारूप पंचायत सचिवालय से आपके अधिकार, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की गई। शिविर में सभी विभागों के अलग - अलग स्टॉल लगाये गये थे। कार्यक्रम में जिले के वरीय पदाधिकारी कार्यपालक दंडाधिकारी संजय प्रसाद मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ सह अंचल अधिकारी हरिशंकर हरिशंकर बारीक ने लोगो को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।इसके उपरांत कार्यक्रम को शुरूआत की गई। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन दिया। जिसमें सरकार की बहू चर्चित योजना अबुआ आवास के लिए 400 आवेदन दिया गया। इसके अलावा राशन कार्ड,पेंशन योजना के अलावा अन्य योजनाओं के लिए 650 आवेदन दिया गया खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से सोना सोबरन के तहत 500 धोती साड़ी का वितरण किया गया। गरीब,असहाय व जरूरत मंदो के बीच 200 कंबल का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, कृषि विभाग, थाना, पशु पालन, शिक्षा, पेयजल, विद्युत, मनरेगा, कल्याण, पंचायती राज, महिला प्रसार, सहकारिता व 15 वित्त आयोग विभाग के स्टॉल लगाये गये थे। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेख कुमार, सीआई संतोष उरांव, कल्याण पदाधिकारी अलख सिंह, महिला प्रसार पदाधिकारी अर्चना सिंह, बीपीओ अनिता कुमारी, अबुआ आवास के बीपीएम अल्बर्ट एंथोनी, सीएचसी के डॉ प्रीति, प्रकाश तिग्गा, अबू रेहान के अलावा झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी,महावीर विश्वकर्मा, जाबिर अंसारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन तैयब अंसारी ने किया।

खूंटी के श्रीराम मन्दिर में मानस पाठ तथा भंडारे का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी
स्थानीय पिपराटोली स्थित प्रसिद्ध श्रीराम मंदिर (हनुमान बाग) में आज श्रीराम चरित्र मानस का सामूहिक पाठ दिलदार नगर (वाराणसी) तथा पटना से पधारे संत जनों द्वारा जारी है । जबकि कल यानि रविवार को मंदिर प्रांगण में महा प्रसाद स्वरूप वृहद स्तर पर सामूहिक भंडारे का आयोजन किया जायेगा।
ज्ञातव्य है की पिछले दिनों श्रीराम मंदिर के सर्वप्रिय संत शिरोमणी श्री श्री 108 अनंत विभूषित स्वामी हरिदास जी महाराज का ब्रह्मलोक गमन दिलदार नगर स्थित श्रीराम मंदिर में हो गया । अगले दिन मंदिर (आश्रम) परिसर में ही पुरे विधि विधान के साथ संत शिरोमणी के पार्थिव शरीर को विधिवत समाधि दे दी गयी । उन्हीं को श्रध्दांजलि स्वरूप उनके खूंटी के श्रीराम मंदिर में आज मानस पाठ का आयोजन किया गया है तथा रविवार को भंडारे का वृहद आयोजन किया जायेगा। उल्लेखनिय है की ब्रहलीन संत राज एवं उनके सदगुरू रहे (तपस्वी बाबा के उपनाम से प्रसिद्ध) ब्रह्मलीन संत शिरोमणी बलराम दास जी महाराज के द्वारा स्थापित खूंटी के ही कर्रा प्रखंड क्षेत्र स्थित पडगांव में भी श्री राम मंदिर स्थित है । सर्वविदित है की ब्रह्मलीन संत श्री की अगणित गतिविधियों के प्रतयक्षदर्शी रहे भक्त जन ब्रह्मलीन संत शिरोमणी को साक्षात श्रीराम भक्त बजरंग बली हनुमान जी का अंशावतार मानते रहे हैं ।

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार के दिन झारखंड सरकार द्वारा आयोजित आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन मुरी पूर्वी पंचायत भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना देवी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू बाला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में राशन कार्ड में नाम जोड़ने के लिए 13 आवेदन, अबुआ आवास के लिए 68 आवेदन, वृद्धा पेंशन के लिए 14 आवेदन एवं जॉब कार्ड के लिए 90 आवेदन जमा लिए गए। साथ ही साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली के प्रभारी डॉ मुकेश कुमार और डॉक्टर मोना के नेतृत्व में विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण का शिविर लगाया गया जिसमें टीवी के लिए 25 सैंपल लिया गया। 12 लोगों की बीपी जांच की गई तथा 15 लोगों की मधुमेह की जांच की गइ।

झारखंड के 15वें डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा
गोड्डा मुख्य डाकघर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन सांसद डॉ. निशिकांत दुबे के कर कमलों से हुआ। कार्यक्रम मे झारखंड परिमंडल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, राकेश कुमार तथा इस अवसर पर डाक महानिदेशालय नई दिल्ली से विशेष रूप से पधारे राजकुमार मिश्रा उप महानिदेशक (ग्रामीण व्यवसाय) भी उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त झारखंड डाक परिमंडल के निदेशक (मुख्यालय) राम विलास चौधरी, नाथू सिंह मीना, पुलिस अधीक्षक गोड्डा, डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर मौन प्रकाश , मनिता के, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी रांची. भारतीय डाक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी वडक रविराज हरिश्चंद्र, बिनोद कुमार पंडित वरीय डाक अधीक्षक दुमका, उदयभान सिंह, वरीय डाक अधीक्षक रांची, उत्तम कुमार सिंह, वरीय डाक अधीक्षक, धनबाद तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। गोड्डा मुख्य डाकघर पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत डाकघर के रूप में विकसित किया गया है। यहाँ से गोड्डा जिले के 13,13,551 की जनसंख्या को विविध डाक सेवाओ का सीधा लाभ मिलेगा। गोड्डा मुख्य डाकघर के अंतर्गत 35 शाखा डाकघर है तथा गोड्डा जिले में कुल गोड्डा मुख्य डाकघर के अलावे 8 उपडाकघर है तथा उनसे सम्बद्ध 174 शाखा डाकघर हैं।

प्रदेश भाजपा आयोजित करेगी पंचायत समिति सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग

कार्यकर्ता निर्माण की सहज-सरल प्रक्रिया है प्रशिक्षण वर्ग : कर्मवीर सिंह

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को पंचायत समिति सदस्य प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें आगामी 27 से 30 नवंबर तक प्रदेश के 17 स्थानों पर आयोजित होने वाले पंचायत समिति सदस्यों के एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी की रीति नीति, कार्यपद्धति, कार्यक्रम, लोक कल्याणकारी योजनाएं आदि से संबंधित जानकारियों के लिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक है। भाजपा ही ऐसी एकमात्र पार्टी है, जो पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक के जन प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण

कार्यक्रम आयोजित करती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ता निर्माण की सहज सरल प्रक्रिया है। सिंह ने कहा कि भाजपा ने पंचायत चुनाव में जीते जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया तथा जनता का आभार जताया। अब पार्टी उनका प्रशिक्षण वर्ग आयोजित कर रही। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग जमीनी स्तर के प्रतिनिधियों से संवाद का माध्यम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के नवनिर्माण में पंचायत जन प्रतिनिधियों की भूमिका सुनिश्चित कराने के लिए प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम की भूमिका महत्वपूर्ण है। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सभी स्तर के जन प्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पंचायत प्रतिनिधि नींव के पत्थर हैं, जिन्हें सक्रिय करके विकसित भारत, आत्म निर्भर भारत के सपनों को तेजी से पूरा किया जा सकता है। प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने आगामी प्रशिक्षण वर्ग की जानकारी देते हुए कहा कि 27 नवंबर को गिरिडीह, पलामू, 28 नवंबर को हजारीबाग, पश्चिम सिंहभूम, चतरा, लातेहार, 29 नवंबर को लोहरदगा, गुमला, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर, धनबाद महानगर एवं ग्रामीण तथा 30 नवंबर को सिमडेगा, खूंटी, रांची ग्रामीण, सरायकेला खरसावां, कोडरमा, बोकारो रामगढ़ जिलों के प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, सांसद दीपक प्रकाश, दिनेशानंद गोस्वामी, रविंद्र कुमार राय सहित प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक भी शामिल होंगे। कार्यशाला में भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय, सांसद पीएन सिंह, बीडी राम, संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, बिरंची नारायण, अनंत ओझा, नवीन जायसवाल, समरी लाल, अमित मंडल, भानु प्रताप शाही सहित प्रशिक्षण वर्ग से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैंक ने बीमा राशि का चेक महिला के पति को सौंपा

मेराल। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के मेराल शाखा प्रबंधक उज्जवल कुमार ने खाता धारक प्रमिला देवी की आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके पति उदय उरांव को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख का चेक प्रदान किया। शाखा प्रबंधक ने बताया कि मेराल प्रखंड के बाना गांव के रामबांध टोला निवासी प्रमिला देवी ने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के सीएसपी केंद्र बाना गांव में खाता खुलवाया था, जिसका संचालक मोहम्मद एजाज अंसारी है। उस खाते से प्रमिला देवी ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा योजना के तहत 436 रुपये सालाना प्रीमियम कराई थी। महिला का पहला वर्ष था। 2022 के दिसंबर माह में बीमा कराया था। प्रमिला देवी की 37 वर्ष की उम्र में मृत्यु हो गई। प्रमिला देवी के परिजनों द्वारा सभी आवश्यक कागजात बैंक दिये गये। डेथ क्लेम आवेदन के आधार पर बैंक ने जांच की प्रक्रिया पूरा कर 24 नवंबर को मृतक के पति को बैंक शाखा बुलाकर 2 लाख का चेक दिया गया।

आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायतों में लगा शिविर

नवीन मेल संवाददाता। खूंटी
आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का संचालन जिले में किया जा रहा है। उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह ने शुक्रवार कों कर्रा प्रखंड की कच्चाबारी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में शिविर का निरीक्षण किया। अभियान के तहत अबुआ आवास योजना को लेकर आवेदन लिये गये। बिरसा सिंचाई कूप, वनाधिकार पट्टा का वितरण, साइकिल वितरण, आय, जन्म, मृत्यु, जाति, आवासीय प्रमाण आदि के अलावा दिव्यांगता प्रमाण पत्र, भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान क्रिडेट कार्ड एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल लगाए गए। उन्होंने लोगों से आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में आकर योजनाओं का लाभ लेने को कहा। डीडीसी ने कहा कि कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का ऑन द स्पॉट समाधान का प्रयास किया जा रहा है। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत ग्रामीणों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। तोरपा प्रखंड के डोडमा पंचायत में भी कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने शिविर का निरीक्षण किया। साथ ही खूंटी, रनिया, मुरहू प्रखंड के पंचायत स्तरीय शिविर में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजना के चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया।

लोस चुनाव को लेकर मगजमारी

लोकसभा चुनाव की बाबत मगजमारी को दौर शुरू है। उम्मीदवार चयन के लिए बीजेपी की कसरत जारी है। झारखंड में बीजेपी अगले चुनाव में कुछ नये चेहरे को मौका देने की तैयारी में है। ऐसा एक सोची समझी रणनीति के तहत किया जा रहा है। इसी के तहत राज्य की राजधानी रांची में गृह मंत्री अमीत शाह और पीएम मोदी दहाड़ चुके हैं। बीजेपी तकनीक से संपन्न पार्टी है। संगठन की ओर से पार्टी के सभी सांसदों के कार्यों का मूल्यांकन को लेकर गुप्त सर्वे चल रहा है। राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों में सर्वे चल रहा है। पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए जनता और कार्यकताओं की नजर में योग्य उम्मीदवार की तलाश के लिए सर्वे कराया जा रहा है। पार्टी की ओर से कराये जा रहे सर्वे के बाद कई वर्तमान सांसदों का टिकट सकता हैं, वहीं कुछ नये चेहरे को मौका मिल सकता है। बताया जा रहा है कि बीजेपी तीन चरणों में रिपोर्ट कार्ड तैयार कर रही है। अंतिम चरण का रिपोर्ट कार्ड दिसंबर में फाइनल हो जाने की संभावना है। सर्वे में सांसदों और उनके परिजनों का पूरा लेखा-जोखा, सांसद ने क्या काम किये, और जनता का फीडबैक क्या है, इसकी पूरी जानकारी एकत्रित की जा रही है। इस सर्वे के कारण बीजेपी के कई वर्तमान सांसदों के होश उड़े हैं। अगले साल लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने झारखंड में 14 लोकसभा सीटों में से 11 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि एक सीट पर एनडीए में शामिल सहयोगी दल आजसू पार्टी को जीत मिली थी। जबकि एक सीट पर जेएमएम और एक सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार को जीत मिली थी। अब बीजेपी के आंतरिक सर्वे के बाद कई संसदीय क्षेत्रों में उलटफेर की गुंजाइश बनती दिख रही है। किस सांसद को फिर से मौका मिलेगा और किनका पत्ता कटेगा, सर्वे में प्राप्त फीडबैक के बाद ही अंतिम फैसला होगा। मध्य प्रदेश में बीजेपी ने 75 वर्ष से अधिक उम्र वाले को टिकट नहीं देने की अघोषित नीति से समझौता किया। 80 साल के उम्मीदवारों को भी टिकट मिला। लेकिन झारखंड में इस अघोषित नीति का किस तरह से पालन किया जायेगा, यह कहना अभी मुश्किल है। हालांकि चर्चा है कि संताल परगना के एक सांसद का टिकट उनके परफॉरमेंस के कारण खतरे में पड़ने की संभावना है। पार्टी के अंदर चर्चा है कि दुमका के सांसद सुनील सोरेन की मुश्किलें बढ़ सकती है। उनकी लोकप्रियता का ग्राफ बढ़ा है या नहीं, इसका आकलन पार्टी नेतृत्व की ओर से किया जा रहा है। दूसरी चर्चा केंद्रीय मंत्री और कोडरमा की बीजेपी सांसद अन्नपूर्णा देवी को लेकर है। धनबाद में बीजेपी सांसद पीएन सिंह की जगह विधायक सरयू राय की दावेदारी की बात सामने आ रही हैं। हालांकि सरयू राय अभी निर्दलीय विधायक हैं, लेकिन रघुवर दास के झारखंड की सक्रिय राजनीति से दूर होने के बाद सरयू राय के फिर से बीजेपी में शामिल होने की चर्चा जोर-शोर से चल रही है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों बाबूलाल मरांडी के साथ नई दिल्ली में सरयू राय ने बीजेपी के कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात भी की थी। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम को लेकर पार्टी के अंदर कई तरह की चर्चा हो रही है। पार्टी के कुछ नेताओं का मानना है कि नौकरशाह से सांसद बने विष्णु दयाल राम की छवि आज भी क्षेत्र में एक आईपीएस अधिकारी के रूप में ज्यादा नजर आती है, आम कार्यकताओं को उनके सामने अपनी बात रखने में झिझक होती हैं, लेकिन अनुसूचित जाति सीट के लिए आरक्षित इस सीट में उनका विकल्प कौन बनेगा, इस पर मंथन जारी है।

राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों में सर्वे चल रहा है। पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए जनता और कार्यकताओं की नजर में योग्य उम्मीदवार की तलाश के लिए सर्वे कराया जा रहा है। पार्टी की ओर से कराये जा रहे सर्वे के बाद कई वर्तमान सांसदों का टिकट सकता हैं, वहीं कुछ नये चेहरे को मौका मिल सकता है।

पुराने पैतरों पर फिर क्यों लौट रहा पाकिस्तान?

प्रदीप मिश्र

संघर्ष विराम के आये दिन उल्लंघन के बीच पाकिस्तान फिर पुराने पैतरों पर आ गया है। 2021 के बाद जम्मू-कश्मीर में बढ़ी आतंकियों की सक्रियता इसका स्पष्ट संकेत है। इस साल भी सर्दी शुरू होते ही आतंकियों के हमले तेज हो गये हैं। बीते पांच दिन में पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की तीन बड़ी मुठभेड़ जाहिर करती हैं कि सीमा पार से घुसपैठ कराने की साजिश बड़े स्तर पर की जा रही है। साथ ही पाकिस्तान अपनी आर्थिक बदहाली से ध्यान हटाने के लिए भी परिवर्तन के दौर से गुजर रहे केंद्रशासित प्रदेश में माहौल सामान्य न होने का संदेश भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देना चाहता है। राजोरी में 28 घंटे से अधिक चली मुठभेड़ में सेना के दो कैप्टन समेत पांच सैन्यकर्मियों का सर्वोच्च बलिदान बताता है कि तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ के पिछले महीने पाकिस्तान लौटने के बाद वहां की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई अपने प्यादे को गद्दीनशीं करने के लिए आतंकियों को नये सिरे से खाद-पानी देने लगी है। फरवरी 2024 में वहां संसदीय आम चुनाव होना है और नवाज को चौथी बार प्रधानमंत्री बनाने की योजना है। अपने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पस्त पाकिस्तान का अपने आंतरिक हालात से ध्यान हटाना पहली प्राथमिकता है। पड़ोस में घुसपैठ और जनहानि के बूते अपने अवाम को प्रलोभन देना भी इसी का हिस्सा है। हालांकि राजोरी की मुठभेड़ में पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकीकारी समेत दो आतंकियों को मार कर सेना ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने पराक्रम का परिचय दिया है। कारी ने पहली जनवरी को जिले के ढांगरी गांव में बच्चों समेत सात हिंदुओं की हत्या कर समूचे तंत्र को दहला दिया था। राजोरी में जिस तरह सेना पर हमला किया गया है, 13 सितंबर को अनंतनाग में भी यही तरीका अपनाया गया था। गौरतलब है कि राजोरी में अक्तूबर 2021 में भी नौ सैन्यकर्मियों ने आतंकियों से जूझते हुए शहादत दी थी। अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में सेना ने कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश करते लश्कर-ए-ताइबा के पांच आतंकी मार गिराये थे। 16 नवंबर को कुलगाम की मुठभेड़ में भी लश्कर के ही पांच स्थानीय दहशतगर्द ढेर कर दिए गए थे। इसके अगले ही दिन राजोरी के बुद्धल इलाके में संदिग्ध आतंकियों से मुठभेड़ हो गई थी। हर मुठभेड़ में प्रशिक्षित आतंकियों की पराजय, स्थानीय लोगों की उनके प्रति बेरुखी और सुरक्षा बलों का पराक्रम पाकिस्तान को परास्त कर देता है। पाकिस्तान की बौखलाहट यूं ही नहीं है। 2019 में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद 31 अक्टूबर को पुनर्गठन के चार साल हो चुके हैं। पाकिस्तान के सीमावर्ती राजस्थान के विधानसभा चुनाव की सभाओं में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गर्व और आत्मविश्वास से बताते हैं कि 370 हटाये जाने पर जम्मू-कश्मीर में खूनखराबे की आशंका जताने वाल देश के राजनीतिक दलों और विदेश के नेताओं को देख लेना चाहिए कि केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद यहां कितनी तेजी से तरक्की हो रही है। चार साल में नये जम्मू-कश्मीर में परिवर्तन को ऐसे समझा जा सकता है कि यहां आजादी के बाद पहली बार विदेशी पूंजी का निवेश हुआ है। खाड़ी देशों समेत कुल 80 हजार करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव आये हैं। करीब दो हजार करोड़ का निवेश हो भी चुका है। दुबई का इमर समूह तो श्रीनगर में 500 करोड़ खर्च कर विशाल मॉल बना रहा है। यही नहीं, श्रीनगर में नाइट लाइफ शुरू हो गई है। स्थानीय लोग और सैलानी इसका लुत्फ उठा रहे हैं। जी20 के सफल आयोजन ने अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है। जल शक्ति का समुचित उपयोग कर यहां 20 हजार मेगावाट बिजली के उत्पादन का लक्ष्य 2026 तक हासिल होने की उम्मीद है। फिलहाल यहां अधिकतम 3500 मेगावाट बिजली का ही उत्पादन हो रहा था। इस साल नियंत्रण रेखा पर टीटवाल में 75 साल में पहली बार दिवाली मनाई गई। सभी धर्मों के लोग इस आयोजन में शामिल हुए। पूजा-अर्चना की गई। दीये जलाये गये। सीमा पर तैनात जवानों ने भी उत्साह से दिवाली मनाई। नियंत्रण रेखा के नजदीक पुंछ में तो भजन-कीर्तन के साथ आतिशबाजी भी की गई। एक तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में पहली बार सियाचिन में सेना के जवानों के साथ दिवाली मना कर इसका शुभारंभ किया था। श्रीनगर में 35 साल बाद पहली बार दशहरे पर शोभायात्रा निकाली गई और रावण दहन के कार्यक्रम में पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा भी शामिल हुई। आतंकवाद का दौर शुरू होने के बाद के हालात कश्मीरी हिंदुओं और पंडितों के लिए ही दयनीय नहीं थे, मुसलमान भी इसका दंश झेल रहे थे। यह इससे जाहिर है कि शिया समुदाय के 25 हजार लोगों ने भी 33 साल बाद इसी साल मोहर्रम पर जुलूस निकाला। पाकिस्तान की चिढ़ के और भी कारण हैं। तीन साल में देश विरोधी गतिविधियों में शामिल 50 से अधिक सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है। ये कर्मचारी आतंकी संगठनों को गोपनीय सरकारी सूचनाएं ही नहीं, आर्थिक मदद भी मुहैया कराते थे। यहां उल्लेखनीय है कि केंद्र शासित प्रदेश बनने और केंद्रीय कानून लागू होने के बाद सरकारी एजेंसियों ने आतंकवाद और अलगाववाद में इस्तेमाल होने वाली अरबों रुपये की 500 से अधिक संपत्तियां भी जब्त की हैं। इनमें ज्यादातर संपत्तियां नशे और हथियारों की तस्करी कर बनाई गई थीं। आर्थिक तंत्र बिगड़ने से आतंकियों की कमर टूट गई है, वहीं सुरक्षा बल इनके नेटवर्क को आसानी से ध्वस्त कर रहे हैं। सीबीआई और ईडी ने चार साल के दौरान 75 से अधिक मामले दर्ज किये हैं। इसके पहले अनुच्छेद 370 के कारण पिछले 20 साल में सीबीआई चार मामले ही दर्ज कर पाई थी। उधर, एक साल में भारत में वांछित सात बड़े आतंकी पाकिस्तान में मारे जा चुके हैं। 14 नवंबर को जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी मौलाना रहीमउल्लाह तारिक कराची में मारा गया। तारिक मसूद अजहर का करीबी थी। धार्मिक आयोजन में जाते समय उसे गोली मारी गई। पाकिस्तान इसे टारगेट किलिंग मान रही है। कुछ समय पहले ही लश्कर कमांडर अकरम गाजी की भी हत्या हुई थी। गाजी को 2018 में जम्मू के सुजवां हमले का एक मास्टरमाइंड माना जाता है। 11 अक्टूबर को जैश-ए-मोहम्मद के शाहिद लतीफ को सियालकोट में ढेर कर दिया गया। 2 जनवरी 2016 को पठानकोट एयरबेस पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता शाहिद लतीफ भारत के मोस्ट वांटेड आतंकियों में शामिल था। वह 1999 के बहुचर्चित कांधार हवाई जहाज अपहरण कांड में भी आरोपी था। आतंक के सरपरस्त पाकिस्तान में अज्ञात कारणों और अज्ञात हमलावरों द्वारा की जा रही हत्याओं के पीछे की ताकत पर वहां के हुक्मरानों पर ही सवाल उठ रहे हैं।

फरवरी 2024 में वहां संसदीय आम चुनाव होना है और नवाज को चौथी बार प्रधानमंत्री बनाने की योजना है। अपने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पस्त पाकिस्तान का अपने आंतरिक हालात से ध्यान हटाना पहली प्राथमिकता है।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आइये सुने ऋषि अत्री की कहानी

इस तरह से ऋषि अत्री के कहने पर माता अनुसूइया त्रिदेवों को मुक्त करती हैं। अपने स्वरूप में आने पर तीनों देव ऋषि अत्रि व माता अनुसूइया को वरदान देते हैं कि वह कालाम्तर में उनके घर पुत्र रूप में जन्म लेंगे और त्रिदेवों के अशं रूप में दत्तात्रेय ,दुवार्सा और सोम रुप में उत्पन्न हुए थे।

वैदिक मन्त्रद्रष्टा

महर्षि अत्रि वैदिक मन्त्रद्रष्टा ऋषि माने गये हैं अनेक धार्मिक ग्रंथों में इनके आविर्भाव तथा चरित्र का सुन्दर वर्णन किया गया है। महर्षि अत्रि को ज्ञान, तपस्या, सदाचार, भक्ति एवं मन्त्रशक्ति के ज्ञाता रूप में व्यक्त किया जाता है।

ऋषि अत्रि और श्री राम

भगवान श्री राम अपने भक्त महर्षि अत्रि एवं देवी अनुसूया की भक्ति को सफल करने के लिए स्वयं उनके आश्रम पर पधारते हैं और माता अनुसूइया देवी सीता को पतिव्रत का उपदेश भी देती हैं। उन्हें दिव्य वस्त्र एवं आभूषण प्रदान करती हैं महर्षि अत्रि तीनों गुणों सत्त्व, रजस, तमस गुणों से परे थे, वह गुणातीत थे। महर्षि अत्रि सदाचार का जीवन व्यतीत करते हुए चित्रकूट के तपोवन में रहा करते थे। वेदों में वर्णित है कि ऋषि अत्रि को अश्विनीकुमारों की कृपा प्राप्त थी इस पर एक कथा भी प्राप्त होती है कि एक बार जब महर्षि अत्रि समाधिस्थ थे, तब दैत्यों ने इन्हें उठाकर शतद्वार यन्त्र में डाल देते हैं और जलाने का प्रयत्न करते हैं परंतु समाधी में होने के कारण इन्हें इस बात का ज्ञान नहीं होता तभी उचित समय पर अश्विनीकुमार वहाँ पहुँचकर ऋषि अत्रि को उन दैत्यों के चंगुल से बचाते हैं यही कथा ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में भी बताई गई है।

(क्रमशः)

सशक्तिकरण के शोर में आधी आबादी असुरक्षित

डॉ. रमेश ठाकुर

दिल्ली का निर्भया कांड जिसने आधी आबादी पर होते जुल्म को देखकर गहरी नींद में सोने वाले संपूर्ण मानव समाज को झटके से जगाया था, वो समाज शायद अब फिर से सोने लगा है। झकझोर देने वाली उस घटना के बाद कुछ वर्षों तक तो लोगों में महिला जागरूकता को लेकर अच्छी खासी चेतनाएं रहीं, लेकिन जैसे-जैसे समय आगे बढ़ा, लोग सब कुछ भूलते चले गये। देखकर दुख होता है जब भीड़ की मौजूदगी में भी हिंसक प्रवृति के लोग महिलाओं का सरेआम उत्पीड़न करते हैं और लोग तमाशबीन बनकर चुपचाप देखते रहते हैं। उस वक्त थोड़ा सा भी कोई विरोध नहीं करता। विरोध न करना ही, अपराधियों के हौसले बढ़ाना होता है। बीते सात-आठ महीनों में मणिपुर में हुई ऐसी तमाम घटनाएं इस बात का उदाहण हैं। महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती हिंसक घटनाओं को रोकने की वकालतें तो पूरा जग-जमाना करता है। पर, ये तभी संभव हो पायेगा, जब जनमानस सामूहिक रूप से एकत्र होकर इस काम में आहुति देगा। कड़ाई से मुकाबला करना होगा। लज्जित होने वाली प्रत्येक महिलाओं को हमें अपनी मां-बहन समझना होगा। ये बातें आज 'अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन' के खास दिवस पर करना इसलिए जरूरी हो जाता है, ताकि हम सभी संकल्पित हो सकें। बहरहाल, खास दिवसों को मनाने के पीछे कोई न कोई वजहें जरूर होती हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के पीछे भी एक वजह है। बात कोई पांच-छह दशक पूर्व की है जब डोमिनिकन शासक 'राफेल ट्रूजिलो' के आदेशानुसार डोमिनिकन गणराज्य की तीन सगी बहनों, पैट्रिया मर्सिडीज मिराबेल, मारिया अर्जेंटीना मिनर्वा मिराबल व एंटोनिया मारिया टेरेसा मिराबल की एक साथ सामूहिक निर्मम हत्या कर दी गई। तीनों बहनों का गुनाह मात्र इतना था उन्होंने ट्रूजिलो की दमनकारी और तानाशाही हुकूमत के खिलाफ आवाज उठाई थी। उस घटना की समूचे संसार में निंदा हुई, तभी महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने तीनों बहनों की मौत की सालगिरह पर हिंसा के खिलाफ ये खास दिन मनाने की रिवाज शुरू की। इसके बाद इस दिवस को संयुक्त राष्ट्र से सरकारी मान्यता भी मिली। 17 दिसंबर 1999 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 25 नवंबर को महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में नामित कर लिया। तभी से ये दिवस मनाया जाने लगा। वैसे, हुकूमती व्यवस्था में वूमेन क्राइम पर रोकथाम के लिए कानूनों की कमी नहीं, बहुतेरे कानून हैं और सामाजिक स्तर पर सजगता-जागरूकता की भी कोई कमी नहीं? महिलाओं पर बढ़ती हिंसक घटनाएं किसी भी सूरत में रूके इसके लिए केंद्र व राज्य सरकारें धन खर्च करने में भी पीछे नहीं हटती। बावजूद इसके सभी कोशिशें नाकाफी साबित होती हैं। अगर गौर करे तो ये प्रयास मुकम्मल हो सकते हैं। इसके लिए समाज को गहरी नींद से जागना होगा, चुप्पी तोड़कर दुर्दांत व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठानी होगी। महिलाओं पर जुल्म ढ़हाने वाले भेडिये हमारे इर्द-गिर्द ही मंडराते हैं। उन्हें देखकर कई मर्तबा हम इग्नोर कर देते हैं, जो हमारी सबसे बड़ी भूल होती है। उसी भूल का ही अपराधी फायदा उठाते हैं। ऐसे तत्वों से मुकाबले के लिए अगर समाज एकजुटता हो जाय और उन्हें ललकारना शुरू कर दे, तो किसी की भी हिम्मत महिलाओं पर हिंसा करने की नहीं होगी? अपराधी हिंसा करने से पहले सौ बार सोचेंगे। ऐसा ही एक बेहतरीन उदाहण पंजाब के भठिड़ा में टांसजेंडर समुदाय ने पेश किया। कॉलेज के बाहर कुछ शरारती तत्व रोजाना कॉलेज की छात्राओं पर गंदे इशारे करते थे, एक दिन उन्हें पकड़कर ट्रांसजेंडरों ने अच्छी सुताई करी और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। ठीक इसी तरह समाज को चेतना होगा। बहरहाल, तेज गति से फैला वूमेन क्राइम सिर्फ हिंदुस्तान तक ही सीमित नहीं, बल्कि समूचे संसार में विकराल समस्या बन चुका है।

बीते सात-आठ महीनों में मणिपुर में हुई ऐसी तमाम घटनाएं इस बात का उदाहण हैं। महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती हिंसक घटनाओं को रोकने की वकालतें तो पूरा जग-जमाना करता है।

असुरक्षा

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से



काश, 'हलाल' पर सभी मुख्यमंत्री 'योगी आदित्यनाथ' हो जायें!

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

उत्तर प्रदेश के अभी हाल ही में एक खबर आई और देखते ही देखते देश के 80 प्रतिशत लोगों के चेहरे खिल उठे। भारत का बहुसंख्यक हिन्दू समाज लम्बे समय से यह मांग प्रशासन से कर रहा है कि आखिर देश में मुसलमानों की संख्या सिर्फ 15 प्रतिशत है तो बाकी की 85 फीसदी जनसंख्या को 'हलाल' के नाम पर सामान खरीदने के लिए क्यों मजबूर किया जा रहा है? यहां मांसाहार में 'हलाल' का होना उनकी मजहबी मान्यताओं के अनुसार समझ में आता है किंतु किसी भी कंपनी, संस्था या छोटे दुकानदार, वस्तु निर्माता को इसके लिए मजबूर नहीं किया जा सकता कि यदि उसने 'हलाल' सर्टिफिकेट नहीं लिया है तो उसके सामान को बाजार के चलन में नहीं आने दिया जायेगा। भला, यह कैसी मनमर्जी है ? वास्तव में 'हलाल' प्रमाणपत्र के नाम पर ऐसा करनेवालों ने उन तमाम नियमों को भी एक झटके में ताक में रख दिया है, जो भारत सरकार एवं राज्य सरकारों ने फूड प्रोसेसिंग, नागरिक खाद् सुरक्षा के लिए अनिवार्य कि हैं। इसलिए ही आज इस गोरख धंधे को तुरन्त बंद कर देने की अवाज उठाई जा रही है। यह पूरा खेल हर कंपनी में 'हलाल' सर्टिफिकेट की आड़ में जबरन मुसलमानों को रोजगार दिलाने और एक अवैध समानान्तर अर्थव्यवस्था खड़ी कर लेने का है। जिससे कि आतंकवाद को पोषित करने का संदेह भी सामने आता रहा है। यह बेवजह नहीं है, इसके पीछे भी ठोस प्रमाण मौजूद हैं। मुंबई में हुए 26/11 के हमले के लिए अमेरिका के 'हलाल' प्रमाणित एक बूचड़ खाने से पैदा इकट्ठा किया गया था। इसका खुलासा तब हुआ जब इस आतंकी हमले की जांच के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकयों डेविड हेडली (दाऊद गिलानी) और तहव्वुर राणा को गिरफ्तार किया गया। भारत में आतंकवादियों को कानूनी सहायता मुहैया कराने में 'हलाल' सर्टिफिकेट से होनेवाली आय का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसका यह प्रमाण देखिये, जमीयत उलेमा ए-हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली कई केसों में आतंकवादियों को जेल से छुड़ाने के लिए काम कर रहा है। जर्मन बेकरी ब्लास्ट केस (मिर्जा हिमायत बेग बनाम महाराष्ट्र सरकार) - फरवरी 2010 में पुणे के जर्मन बेकरी ब्लास्ट में 17 लोगों की हत्या और 64 लोग घायल हुए थे। इस आतंकी हमले का दोषी इंडियन मुजाहिद्दीन का आतंकी मिर्जा हिमायत बेग था। पुणे की सेशन कोर्ट के स्पेशल जज एन. पी. धोते ने 18 अप्रैल, 2013 को बेग को फांसी की सजा सुनाई थी। इसे कानूनी सपोर्ट यही जमीयत उलेमा ए-हिंद हलाल ट्रस्ट मुहैया कराती रही है। यह एक दूसरा केस है, (अब्दुल रहमान बनाम कर्नाटक सरकार), अब्दुल रहमान ने रावलपिंडी में लश्कर-ए-तोइबा के आतंकी कैंप में प्रशिक्षण लिया था। साल 2004 में वह अवैध तरीके से मुंबई आया और मस्जिदों में मुसलमानों को जिहाद के नाम पर भारत के खिलाफ लड़ने के लिए उकसाता था। इसी तरह से पलारीवत्तम आईएसआईएस केस (अर्शी कुरेशी एवं अन्य बनाम केरल सरकार) यह केस फिलहाल एनआईए के अधीन है। इसके अंतर्गत केरल के रहने वाले बेस्टिन विन्सेंट ने इस्लाम धर्म अपनाकर अपना नया नाम याह्या रख लिया था। याह्या साल 2017 में आईएसआईएस में शामिल होने के लिए अफगानिस्तान भाग गया था। या फिर यह जयपुर का आईएसआई केस (सिराजुद्दीन बनाम राजस्थान सरकार) देख लीजिए, जिसमें कि मूलतः गुलबर्ग, कर्नाटक का रहने वाला मोहम्मद सिराजुद्दीन जयपुर में आईएसआईएस के लिए भर्ती का काम देखता था। वहीं, 26/11 मुंबई ब्लास्ट (सईद जबूद्दीन बनाम महाराष्ट्र सरकार) - सईद जबूद्दीन का सम्बन्ध इंडियन मुजाहिद्दीन और लश्कर ए-तोइबा से है। वस्तुतः जमीयत उलेमा ए-हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली द्वारा आतंकियों को महंगे वकील एवं अन्य कानूनी सहायता के मामले यहीं नहीं रुकते दिखते, 2011 पुणे ब्लास्ट (असद खान और अन्य बनाम महाराष्ट्र एटीएस)- पुणे की जेएम रोड आतंकी हमले में इंडियन मुजाहिद्दीन का आतंकी असद खान मुख्य आरोपी है।

पुणे की सेशन कोर्ट के स्पेशल जज एन. पी. धोते ने 18 अप्रैल, 2013 को बेग को फांसी की सजा सुनाई थी। इसे कानूनी सपोर्ट यही जमीयत उलेमा ए-हिंद हलाल ट्रस्ट मुहैया कराती रही है।

हलाल

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

एक नजर

किसान आंदोलन से ट्रेनें प्रभावित

लखनऊ। पंजाब में किसान आंदोलन के चलते शुक्रवार को ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। सहारनपुर से होकर जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस को रद्द किया गया, जबकि अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस को बदले रूट से चलाया गया। जबकि जनसेवा, शालीमार एक्सप्रेस सहित 10 से अधिक ट्रेनें अपने निर्धारित समय से लेट चल रही हैं। पंजाब में किसानों के रेलवे ट्रैक पर आने से रेलवे ने कुछ ट्रेनों को रद्द किया और कई का रूट परिवर्तित किया है। साथ ही ट्रेनों को देरी से चलाया जा रहा है। शुक्रवार को ट्रेन नंबर 12054 अमृतसर-हरिद्वार जनशताब्दी एक्सप्रेस रद्द रही, जबकि 12318 अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस बदले रूट से चल रही है। 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस नौ घंटे, 14646 जम्मूतवी-जैसलमेर शालीमार एक्सप्रेस, 12332 जम्मूतवी-हावड़ा हिमगिरी एक्सप्रेस छह-छह घंटे की देरी से सहारनपुर में आएगी। इनके अलावा 12470 जम्मूतवी-कानपुर सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस साढ़े दस घंटे, 13152 जम्मूतवी-कोलकाला एक्सप्रेस साढ़े सात घंटे, वाराणसी-बठिंडा स्पेशल पांच घंटे, पटना-फिरोजपुर स्पेशल साढ़े नौ घंटे की देरी से सहारनपुर पहुंचेगी। जयनगर-अमृतसर शहीद एक्सप्रेस, प्रयागराज-सहारनपुर नौचंदी एक्सप्रेस, बनमनखी-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस, कोलकाता-नंगलडैम गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस और लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस भी अपने तय समय से नहीं चल रही और सहारनपुर में देरी से आएगी। ट्रेनों के रद्द, रूट बदलने और देरी से चलने के कारण यात्री रेलवे स्टेशन पर परेशान नजर आए।

स्कूल में प्रार्थना सभा के बीच पेड़ की टहनियां टूटकर गिरी, कई बच्चे घायल

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर प्रखंड के एक सरकारी स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान एक विशाल पेड़ की कई टहनियों के अचानक गिर जाने से कई बच्चे घायल हो गए। इस हादसे में एक शिक्षिका के भी घायल होने की सूचना है। पुलिस के मुताबिक, मीनापुर प्रखंड के मोथहां मल गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में शुक्रवार को प्रार्थना सभा चल रही थी, जिसमें स्कूल के बच्चे और शिक्षक, शिक्षिका शामिल थी। इसी बीच, स्कूल मैदान में स्थित एक बरगद के पेड़ की टहनी आकर नीचे खड़े बच्चों और शिक्षकों पर गिर गई। स्कूल शिक्षक के मुताबिक इस हादसे में पांच बच्चे और एक शिक्षिका घायल हो गए हैं।

500 कलाकारों के साथ श्री राम नाम के वीडियो एलबम की हुई शूटिंग

भागलपुर। भोजपुरी अभिनेता सह भाजपा सांसद रवि किशन ने भागलपुर के माधव के गाने से प्रेरित होकर श्री राम पर एक वीडियो एल्बम शूट किया है। यह एलबम जल्द लोगों के सामने आने वाला है। यशराज प्रोडक्शन के बैनर तले इसे फिल्माया गया है। इसमें 500 डांस करने वाले कलाकार भी शामिल हैं।

बिहार में वर्तनी-अशुद्धि के फेर में मास्टर साहब निलंबित

पढ़ा रहे थे बोर्ड पर 'स्कुल व समीती'

एजेंसी। दरभंगा

बिहार के माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ.कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने सिंहवारा प्रखंड के पांच विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निदेशक ने प्लस टू कन्या उच्च विद्यालय रामपुरा में वर्ग कक्ष के गेट पर व्यायाम अशुद्ध लिखा देख निदेशक ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान में इस तरह गलत लिखावट क्या दर्शाता है। प्रधानाध्यापक देवनाथ प्रसाद से अविलंब ठीक करवाने का निर्देश दिया। उसी स्कूल में एक शिक्षक पवन कुमार चौधरी उर्फ श्रीजी द्वारा ब्लैक बोर्ड पर (स्कूल,परिसर और समिति) शब्द गलत लिखा हुआ देखकर उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को तत्काल उक्त शिक्षक को निलंबित करने का आदेश दिया है। स्कूल की प्रिंसिपल रेखा कुमारी भारतीं पर भी नाराजगी जताई है।

शिक्षक को निलंबित करने का दिया निर्देश : कन्या मध्य विद्यालय रामपुरा में प्रिंसपल से उपस्थित शिक्षकों की जानकारी ली। एचएम ने 11 शिक्षक में चार के उपस्थित रहने की बात बताई जबकि सात शिक्षक अनुपस्थित थे। इस दौरान लंबे समय से अन्य जगह प्रतिनियोजित एक शिक्षक पर कार्रवाई को लेकर एचएम को फटकार लगाते हुए डीईओ समर बहादुर सिंह से कहा कि ऐसी परिस्थिति में सुधार लावें। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक वातावरण में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निदेशक ने वर्ग छठा में ब्लैक बोर्ड पर बच्चों को पढा रहे शिक्षक पवन कुमार चौधरी उर्फ श्रीजी ब्लैक बोर्ड पर छात्र को पढा रहे थे। इसमें बोर्ड पर स्कुल व समीती शब्द गलत लिखा देख कर नाराजगी व्यक्त कर डीईओ से तत्काल शिक्षक को निलंबित करने का निर्देश दिया। नियुक्ति में गड़बड़ी की जांच के बाद अब लगता है अशुद्धियों की धर-पकड़ से शिक्षा विभाग में सुधार की संभावना है ।

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पर अराजक तत्वों ने किया पथराव खिड़की टूटी, दहशत में यात्री

बाराबंकी। वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थरबाजी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। बीते चार माह में गोरखपुर से लखनऊ आ रही वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन पर चौथी बार अराजक तत्वों ने पत्थरबाजी की। गुरुवार को लखनऊ आ रही वंदेभारत पर रसौली स्टेशन (बाराबंकी) आउटर के पास अराजक तत्वों ने चलती ट्रेन पर पथराव किया। इससे कोच सी-6 की खिड़की के कांच टूट गए। अचानक हुए पथराव से कोच में बैठे यात्रियों में दहशत भर गई। जीआरपी-आरपीएफ मामले की जांच में जुटी हैं। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि सीसीटीवी के जरिए अराजक तत्वों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। गोरखपुर से लखनऊ के बीच नौ जुलाई से वंदेभारत ट्रेन शुरू हुई। दो दिन भी नहीं बीता था कि अयोध्या से लखनऊ रूट पर देवराकोट से सोहावल के बीच पत्थरबाजी की घटना सामने आई। इसके बाद 15 सितंबर को मल्हौर में ए-4 कोच के खिड़की पर पत्थरबाजी हुई।

गृह रक्षकों के शारीरिक दक्षता परीक्षा जांच को ले समीक्षात्मक बैठक

गृह रक्षकों की बहाली प्रक्रिया शुरू

एजेंसी। कटिहार

जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक के उपस्थिति में शुक्रवार को 27 नवंबर से 03 दिसंबर तक बीएसएपी- 07 मैदान में आयोजित होने वाली कटिहार गृह रक्षकों के स्वच्छ नामांकन के लिए अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा जांच हेतु निर्धारित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा सभी को संबोधित करते हुए बताया गया कि महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशाम सेवाएं बिहार पटना के विज्ञापन संख्या 02/2011 के आदेश के आलोक में गृह रक्षाकों की बहाली प्रक्रिया प्रारंभ किया जाना है जिसका तिथि निर्धारित है। उक्त गृह रक्षकों की चयन प्रक्रिया के लिए शांतिपूर्ण वातावरण में सफलता पूर्वक सम्पन्न कराना हम सभी की जिम्मेवारी हैं। बैठक में उन्होंने निदेशित करते हुए कहा कि सभी प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी एवं कर्मियों को निदेशित करते हुए कहा कि जिस पदाधिकारियों को अभ्यर्थी का दस्तावेज, बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए लगाएं वह सभी पदाधिकारी अपने कर्मियों के साथ टेबल पर निर्धारित तिथि को स-समय मुस्तैद रहेंगे।

ओडिशा सरकार ने मंदिरों के पुनर्विकास के लिए 42.51 करोड़ रुपये की मंजूरी दी

एजेंसी। भुवनेश्वर

ओडिशा सरकार ने गंजम जिले में 26 प्राचीन मंदिरों के पुनर्विकास के लिए 42।51 करोड़ रुपये की मंजूरी दी। यह जानकारी गुरूवार को एक अधिकारी ने दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के गृह क्षेत्र गंजम में बेरहामपुर को छोड़कर 13 विधानसभा क्षेत्रों में से 12 में स्थित प्राचीन मंदिरों का नवीनीकरण, जीर्णोद्धार और पुनर्निर्माण इसी राशि से किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि निर्माण विभाग इस परियोजना को अमल में ले कर आएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने जनता की मांग के मद्देनजर पुराने और ऐतिहासिक मंदिरों के नवीनीकरण और बुनियादे ढांचे के विकास के लिए सरकार से सिफारिश की थी। इससे पहले सरकार ने जिले के 997 गांवों के मंदिरों को नया रूप देने के लिए 48.97 करोड़ रुपये मंजूर किए थे। सहायक मुख्य अभियंता (कार्य) दुर्गा चरण बेहरा ने कहा, परियोजनाओं के निष्पादन के लिए निविदाएं प्रक्रिया में हैं। उन्होंने बताया कि इन 26 मंदिरों में से पोलासरा ब्लॉक में 300 साल पुराना मर्दा मंदिर भी है, जिसे शरण श्रीक्षेत्र के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर में 1733 से 1735 तक पुरी जगन्नाथ मंदिर के देवताओं को रखा गया था। सरकार ने एक अलग योजना के तहत बेहरामपुर में प्रसिद्ध मां बूढ़ी ठकुरानी मंदिर का जीर्णोद्धार करने का भी निर्णय लिया है।अधिकारी के मुताबिक, सरकार ने पंचायतों को 'अमा ओडिशा नबीन ओडिशा' योजना के तहत मंदिर के बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए भी कहा है।

बंद कमरे में फंदे से लटका मिला प्रेमी युगल का शव

हत्या और आत्महत्या की गुत्थी में उलझी पुलिस

एजेंसी। फरुर्खाबाद

यूपी के फरुर्खाबाद से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां घर के कमरे में प्रेमी युग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लड़के के घर पर दोनों के शव एक ही कुंडे से लटकते मिले। कमरे में बाहर से ताला लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को फंदे से उतरवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। ये घटना जहानगंज थाना क्षेत्र के नगला रामपुर गांव का है। जहां अरविंद की बेटी शिवानी और अहिबरन के बेटे सुरजीत के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग था। दोनों

के घर पास पास में हैं। हत्या और आत्महत्या की गुत्थी में अब पुलिस उलझ गयी है। बताया जाता है कि अहिबरन अपने परिवार के साथ राजस्थान के एकईंट भट्ठे पर काम करते हैं। दीपावली पर वह अपने परिवार के साथ गांव आये थे इसके बाद सुरजीत लौटकर नहीं गया जबकि परिवार के अन्य लोग राजस्थान में काम करने के लिए चले गये। ताऊ रामवरन का कहना है कि घर में सुरजीत अकेला रहता था। विगत बुधवार को दोनों घर से गायब हो गए। किशोरी के पिता ने जहानगंज थाना पुलिस को सूचना देकर तलाश शुरू की।वहीं गुरुवार तड़के चार बजे सुरजीत के घर में कमरे की बत्ती बंद थी जो दिन में जल रही थी। इस पर लड़की के पिता को शक हुआ तो सुरजीत के ताऊ रामबरन को जानकारी दी। ताऊ ने झांक कर देखा तो कमरे में एक ही कुंडे से दोनों के शव लटक रहे थे। जानकारी पर पुलिस की टीम पहुंची। कमरे में बाहर से लगा ताला तोड़कर पुलिस अंदर पहुंची और शवों को फंदे से उतारा।

इंस्पेक्टर ने कहा हो सकता है प्रेम प्रसंग का मामला

इंस्पेक्टर योगेंद्र सिह सोलंकी ने बताया कि पता चला है कि दोनों में प्रेम प्रसंग था। लड़के के घर वाले बाहर रहते हैं। परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी कि शिवानी कक्षा 8 तक पढ़ी थी आगे उसने पढ़ाई बंद कर दी थी। वहीं घटना को लेकर सुरजीत के घर वालों को जानकारी दे दी गयी है वह राजस्थान से आए और पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर चले गये।

जिलों में टॉप-10 अपराधी घोषित करें डीएम व पुलिस कमिश्नर : योगी

लखनऊ। यूपी में अपराधियों पर सरकार लगातार शिकंजा कसती जा रही है। शुक्रवार को योगी सरकार ने एक और फरमान जारी किया है। सरकार की ओर से जारी फरमान में डीएम, एसपी और पुलिस कमिश्नरों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग को हर जिले के टॉप 10 अपराधियों को कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर कड़ी सजा दिलाने के निर्देश दिए हैं। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस कप्तानों व पुलिस आयुक्तों को पत्र लिखकर अपने-अपने जिले के टॉप-10 अपराधियों को सजा दिलाने के लिए कोर्ट में प्रभावी पैरवी कराने का निर्देश दिया है। प्रमुख सचिव गृह ने सभी जिलों व पुलिस कमिश्नरेट से अपनी कार्रवाई से शासन को भी अवगत कराने के निर्देश दिए हैं ताकि इसकी नियमित समीक्षा कर मुख्यमंत्री के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सके। उन्होंने प्रदेश के 46 जिलों द्वारा टॉप 10 अपराधियों को दोषसिद्ध कराने को लेकर रुचि न लिए जाने पर नाराजगी भी जताई है।

पटना हाईकोर्ट ने पकड़ौआ शादी को अमान्य किया



एजेंसी। पटना

हाईकोर्ट ने पकड़ौआ शादी को अमान्य घोषित कर दिया है । अपने आदेश में कहा है कि जबरदस्ती की गई शादी मान्य नहीं होगी। बंदूक की नोंक पर मांग भरना शादी नहीं कहलाएगी। यानी अब किसी भी महिला की मांग में जबरन सिंदूर लगाना हिन्दू कानून के तहत शादी नहीं है। जब तक दूल्हा और दुल्हन पवित्र अग्नि के चारों फेरे नहीं ले या दोनों के बीच सहमति न हो, तब तक शादी वैध नहीं मानी जाएगी। गुरुवार को पटना हाईकोर्ट के जस्टिस अरुण कुमार झा और जस्टिस पीबी बजंथ्री ने दस साल पहले हुए पकड़ौआ शादी के केस में सुनवाई की। कोर्ट ने पकड़ौआ शादी को अमान्य बताया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सबूत और गवाह के आधार पर पकड़ौआ विवाद को अमान्य कर दिया। नवादा निवासी रविकांत की शादी 30 जून 2013 को जबरन कर दी गई थी। वह अपने चाचा के साथ मंदिर गए थे, इसी दौरान उन्हें अगवा किया गया है। इसके बाद बंदूक के बल पर जबरन लड़की की मांग भरवाई गई। इसके बाद रविकांत ने लखीसराय के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में केस दायर किया। रविकांत ने पकड़ौआ को रद्द करने के लिए फैमिली कोर्ट भी गए थे। लेकिन, 27 जनवरी, 2020 को कोर्ट ने इनकी याचिका खारिज कर दी थी। रविकांत हार नहीं मानें और वह पटना हाईकोर्ट न्याय मांगने पहुंच गए।

पकड़ौआ विवाह कानून की नजर में अमान्य है : हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी। साथ ही कहा कि दुल्हन यह साबित करने में विफल रही कि दूल्हा और दुल्हन द्वारा सात फेरे लिए थे। कोर्ट ने यह भी माना कि 2020 में फैमिटी कोर्ट के निष्कर्ष त्रुटिपूर्ण थे। गवाही के दौरान पुजारी उस स्थान के बारे में बताने में भी सक्षम नहीं था, जहां विवाह संस्कार पूर्ण हुआ था।

स्वामी प्रसाद के दिमाग में है दिक्कत, अखिलेश कराएं उनका इलाज

फरुर्खाबाद। उन्नाव के सांसद सच्चिदानंद साक्षी महाराज ने शुक्रवार को गठबंधन पर निशाना साधा। अपने अंदाज में बोले कि मैं इसे घमंडिया गठबंधन कहता हूं। यह सब चोर-चोर मौसेरे भाई हैं। उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर कहा कि अखिलेश उनका इलाज कराएं। नहीं तो स्वामी प्रसाद सपा को साफ कर देंगे। साक्षी महाराज शुक्रवार को अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा के मीडिया प्रभारी अरविंद राजपूत की बेटी नंदिनी की शादी में आशीर्वाद देने के लिए राजपूत कृषि फार्म हाउस चुरसई में पहुंचे थे। यहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता का हाल-चाल लिया। मीडिया से रूबरू साक्षी ने अपने पुराने अंदाज में विरोधियों पर हमला बोला। कहा कि जिन लोगों ने इंडिया गठबंधन बनाया है, जिसे मैं घमंडिया गठबंधन कहता हूं यह चोर-चोर मौसेरे भाई हैं।

राज्य खाद्य निगम के गोदामों को लेकर प्रबंध निदेशक ने दिया कड़ा आदेश

बाहरी व्यक्तियों के पाए जाने पर करें कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता। गोपालगंज

सरकारी दर की दुकानों तक सरकारी खाद्यान्न पहुंचाने के लिए से सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी सिस्टम लागू होने के बाद से राज्य खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक ने जिला प्रबंधक को पत्र लिखकर खाद्य निगम के गोदाम पर जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं को जाने पर प्रतिबंध लगाया है। दिए गए पत्र में कहा गया है कि राज्य खाद्य निगम के गोदामों से खाद्यान्न सीधे राशन डीलर के यहां पहुंचाया जाएगा। डीलरों के दुकानों तक निगम द्वारा जीपीएस एवं लोडसेल युक्त वाहनों से खाद्यान्न भेजने की व्यवस्था किया है। ऐसी स्थिति में डीलरों के मोबाइल नंबर खाद्यान्न भेजने की सूचना दिए जाने का निर्देश दिया है। डीलर के दुकान तक खाद्यान्न पहुंचाने की व्यवस्था करने के बादर किसी भी परिस्थिति में डीलरों के साथ बाहरी व्यक्तियों को गोदाम पर आने की अनुमति नहीं दी गई। पत्र लिखा है कि लगातार सूचना मिल रही है की डीलरों और बाहरी व्यक्तियों के गोदाम पर अनावश्यक भीड़ रहने के कारण कार्यो के निष्पादन में परेशानी हो रही है। जिससे होम स्टेप डिलवरी करने के नियमों के प्रावधानों के प्रतिकूल है। प्रबंध निदेशक ने अपने पत्र के जरिए राज्य के सभी सहायक प्रबंधकों निर्देश दिया है कि वे किसी भी परिस्थिति में बाहरी व्यक्तियों को गोदामों पर नहीं जाने एवं ऐसे व्यक्तियों को गोदाम में पाए जाने पर उनपर कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। जिसकी जानकारी डीएम को दी गई है। गोदाम से खाद्यान्न भेजे जाने की सूचना एसएमएस के माध्यम से संबंधित जन वितरण विक्रेताओं के अलावे निगरानी समिति के सदस्य एवं उपभोक्ताओं को भी भेजने का निर्देश दिया गया है।

अनधिकृत व्यक्तियों को गोदाम में आने पर रोकथाम के लिए जिला प्रबंधक निदेशक ने कर्मियों को पहचान पत्र निर्गत करने का आदेश दिया है

पांच राज्यों के चुनाव परिणाम के बाद क्या नीतीश बदल सकते हैं पाला ?

कार्यक्रम के मंच पर राजद को नीचा दिखाने से नहीं चूके

एजेंसी। पटना

तीन दिसम्बर को पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आएंगे। इसके बाद 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का बिगुल भी बज जाएगा। इन सबके बीच बिहार में राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। इसके केंद्र बिन्दु में सीएम नीतीश बने हुए हैं। यह कहावत राजनीति में सटीक बैठती है कि सियासत में कुछ भी स्थायी नहीं है। नीतीश के लालू से रास्ता अलग होने के संकेत हाल के दिनों में स्पष्ट रूप से दिखने लगे हैं। नीतीश करीब करीब हर कार्यक्रम में राजद को बताने से नहीं चूकते कि 2005 के पहले बिहार की स्थिति बदतर थी। कई बार तो सीएम ने तेजस्वी और राजद कोटे के मंत्रियों के सामने ही लालू शासन की याद दिलाते हुए अपने कार्यों को बताया।

नीतीश कुमार जिस सरकारी कार्यक्रम या किसी सभा में जाते हैं

तो वे किसी न किसी बहाने वर्ष 2005 के पहले की चर्चा कर पूछते हैं कि तब कुछ था। ये तो हम आए और विकास का कितना काम किया। लोग भूलने लगे हैं। उन्हें याद कराते रहिए। वर्ष 2017 जैसी स्थिति है बिहार में, जब नीतीश ने महागठबंधन से अलग होने का फैसला लिया था। तब आईआरसीटीसी घोटाले में तेजस्वी का नाम उछला था और अंतरात्मा की आवाज पर सुशासन बाबू ने अपनी राहें राजद से अलग कर ली थीं। अब तो एक घोटाले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट तक दायर हो चुकी है। अब लैंड फॉर जॉब स्कैम में लालू परिवार पूरी तरह फंसा हुआ है। ऐसे में जदयू और राजद गठबंधन के भविष्य को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। सियासत में दोस्ती-दुश्मनी कभी स्थायी नहीं रहती। सीएम नीतीश कुमार के रुख को देखकर तो यह असल में साबित होता है। कल के धुर विरोधी आज बेहद कट्टर समर्थक हो सकते हैं। नीतीश कुमार ने कई बार ऐसे कदम उठाए हैं जो हर बार ये संकेत देने वाले रहे हैं कि बिहार की राजनीति में बड़ा बदलाव होने वाला है। बहरहाल लालू-नीतीश की दोस्ती के इस चैप्टर की असली राजनीति जल्दी हीं पता चलेगी। बीते दिन सीएम नीतीश मोतिहारी में केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। यहां सीएम नीतीश कुमार ने कहा है कि उनकी और भाजपा की दोस्ती कभी खत्म नहीं होगी। नीतीश जिस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे, वहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर भी मौजूद थे। इसके अलावा कार्यक्रम में कई भाजपा नेता भी शामिल थे। सितम्बर में देश में जी-20 समिट आयोजित की गई थी। इसमें राज्यों के मुख्यमंत्री भी आमंत्रित थे।

नीतीश व भाजपा के बीच चल रहा है लुका छिपी का खेल

दीक्षांत समारोह के दौरान जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भाषण देने की बारी आई तो उन्होंने कहा, 'जितने लोग हमारे हैं, सब साथी हैं। सीएम नीतीश यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा, छोड़िए ना भाई। हम अलग हैं आप अलग हैं। इसको छोड़ दीजिए, इससे क्या मतलब है। हमारा दोस्ती कहियो खत्म होगा क्या? चिंता मत कीजिए, जब तक जीवित रहेंगे, तब तक आप लोगों (भाजपा) से संबंध बना रहेगा। हम सब मिलकर काम करेंगे। यह बात उन्होंने राष्ट्रपति, राज्यपाल को देखते हुए और भाजपा नेताओं की तरफ इशारा करते हुए कही। इससे यह साबित हो रहा है कि नीतीश और भाजपा के बीच लुका छिपी का खेल रहा है। ऐसा न हो चुनाव के परिणाम के बाद दो फिर एक साथ न हो जायें। कुछ भी कहा जा नहीं सकता।

मतगणना की तैयारियों का निर्वाचन अधिकारियों ने लिया जायजा

बेमेतरा। विधानसभा सामान्य निर्वाचन के लिए तीन दिसंबर को प्रदेश की सभी 90 सीटों सहित जिले की तीनों विधानसभा साजा, बेमेतरा और नवागढ़ की मतगणना होगी और नतीजे आएंगे। जिला प्रशासन ने मतगणना के लिए व्यापक तैयारियां की है। इन्हीं तैयारियों का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ से सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शारदा अग्रवाल और सहायक अंजलि शर्मा जिला मुख्यालय स्थित कृषि मंडी मतगणना स्थल पहुंची। उन्होंने जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों की होने वाली मतगणना की तैयारियों का अवलोकन किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उमा शंकर बंदे ने की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पीएस एल्मा ने कहा कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी।

खुद खबर बन गई प्रसिद्ध यूट्यूबर मालती

एजेंसी। संत कबीरनगर यूपी

जिले में महुली क्षेत्र के काली जगदीशपुर निवासी पूर्वांचल की मशहूर यू-ट्यूबर का शव कमरे की छत के पंखे से लटका मिला। बताया जा रहा कि तीन महीने से पति-पत्नी का पारिवारिक विवाद चल रहा था। पुलिस ने पति विष्णु को हिरासत में ले लिया है।

मालती चौहान और पति विष्णु के बीच काफी दिनों से एक दूसरे के प्रति शक को लेकर विवाद चल रहा था। मालती जहां एक लड़की से विष्णु के संबंध होने की शंका में थी। वहीं विष्णु को मालती से एक युवक के संबंध होने का शक रहता था, लेकिन तीन महीने से मामले ने तूल पकड़ लिया था। जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काफी वायरल हो चुका है। यह प्रकरण तीन बार स्थानीय थाने पर पहुंच चुका था। इस मामले के पटाक्षेप के लिए अन्य यू-ट्यूबर टीम द्वारा हस्तक्षेप किया गया, लेकिन बात नहीं बन सकी थी।

बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा का 24वां एथलेटिक मीट संपन्न

आरएनएम। रांची

बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा का 24वां एथलेटिक मीट खेलगांव में शुक्रवार को आयोजित की गई। इस दौरान खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन ऑडिट जनरल अनूप डुग-डुग ने किया। उद्घाटन समारोह में विद्यार्थियों द्वारा दी गयी प्रस्तुतियों ने उपस्थित मेहमानों और अभिभावकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ चारों सदनों द्वारा शानदार

मार्च पास्ट से किया गया। प्रतियोगिता में बैंड डिस्प्ले और योगासनों की सुन्दर प्रस्तुति दी गयी। कराटे पर आधारित प्रस्तुति में छात्राओं द्वारा आत्मरक्षा के अनेक तरीकों का प्रदर्शन किया गया। छात्राओं द्वारा स्पेनिश डांस, आदिवासी डांस की प्रस्तुति को सराहा गया। प्रतियोगिता में 100 मी और 200 मी दौड़, शटल रिले, 400 मी हैंडल्स रेस, हाई जंप, लॉन्ग जंप, टग वार सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ऑडिट जनरल अनूप डुग-डुग ने कहा कि शिक्षा और खेल का उचित संयोजन छात्राओं के समग्र विकास में सहायक होता है। मौके पर उपस्थित स्कूल के सेक्रेटरी रिवेनलेंट सिकंदर नाग ने कहा कि विद्यालय का चरित्र निर्माण और देशप्रेम की भावना जगाने का विद्यालय हमेशा प्रयास करता रहेगा। विद्यालय की प्राचार्य के एडविन ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पनौती शब्द राजनीतिक मुद्दा : मो शमी

पीएम मोदी ने हमारा हौसला बढ़ाया, इससे हमें काफी हिम्मत मिली

एजेंसी। अमरोहा

विश्व कप में अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीतने वाले मो शमी इन दिनों अपने गांव अमरोहा के सहसपुर अलीनगर में हैं। विश्वकप के बाद वह अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। वह अपने फार्म हाउस पर गांव के कुछ युवाओं से भी मिले। उन्होंने कहा कि पहले क्षेत्र में सुविधाएं नहीं थीं। अभ्यास के लिए मुझे 25 किलोमीटर दूर साइकिल से जाना पड़ता था। आज सरकार ने हमारे गांव को मिनी स्टेडियम की सौगात दी है। मैं भी हमेशा से चाहता था कि यहां कोई बड़ी एकेडमी या स्टेडियम हो जो युवाओं को तैयार करे। बच्चों के लिए किसी खास

कोच का इंतजाम हो, अब सरकार ने मौका दिया है तो युवाओं को इससे भुनाना चाहिए।

स्टेडियम बनेगा तो मैं भी बच्चों को देंगे प्रशिक्षण

मोहम्मद शमी ने कहा कि गांव में स्टेडियम बन जाएगा तो मैं भी बच्चों को प्रशिक्षण दिया करूंगा। अब घर आया हूं लेकिन बहुत अधिक समय नहीं है, फिर भी कोशिश करूंगा कि गांव के उन युवाओं से मिलूं जो क्रिकेट में रुचि रखते हैं। आगे बढ़ना चाहते हैं, यदि संसाधनों का अभाव है तो अपनी ओर से मदद के लिए भी तैयार हूं। मैंने जिन कठिनाइयों का सामना किया, वो प्रतिभावान युवाओं को न देखनी पड़ें। इसके लिए जो भी मदद की जा सकती है, मैं तैयार हूं। वह युवाओं को यह निर्णय लेना होगा कि हमें किस तरफ जाना है।

पनौती शब्द को राजनीतिक मुद्दा बताया

हाल ही में राहुल गांधी द्वारा दिए गए पनौती वाले बयान को लेकर शमी से पूछा गया कि कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि टीम इंडिया एक पनौती के कारण मैच हार गई।

शमी ने इस बात को राजनीतिक मुद्दा कहकर टाल गए। उनका कहना था कि राजनीतिक लोग क्या बात करते हैं, इससे खेल का कोई मतलब नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि पीएम ने हमारा हौसला बढ़ाया, इससे हमें काफी हिम्मत मिली। वह क्षण हमारे लिए अविस्मरणीय था। इतनी बड़ी शख्सियत का ड्रेसिंग रूम में पहुंचकर खिलाड़ियों से बात करना अच्छा लगा।

एक नजर

भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने गर्लफ्रेंड से की शादी

नई दिल्ली। भारत के तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने अपनी प्रेमिका स्वाति अस्थाना से शादी कर ली है। हरियाणा के रहने वाले सैनी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम प्रोफाइल के माध्यम से इस खबर की घोषणा की है। सैनी ने 2019 में 30 साल की उम्र में भारत के लिए टी20ई में पदार्पण किया था। सैनी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, 'आपके साथ, हर दिन प्यार का दिन है। आज, हमने हमेशा के लिए फैसला कर लिया है। हम अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं, इसलिए हम आपके आशीर्वाद और प्यार की कामना करते हैं।'

लॉरा वोल्वार्ट द अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नियुक्त

जोहान्सबर्ग। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बताया कि सलामी बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट को सभी प्रारूपों के लिए दक्षिण अफ्रीका का पूर्णकालिक कप्तान नियुक्त किया गया है और उनका कार्यकाल अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से शुरू होगा। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरों के दौरान अंतरिम कप्तान के रूप में काम करने के बाद लॉरा ने पूर्णकालिक नेतृत्व की भूमिका संभाली। 24 वर्षीय लॉरा 86 वनडे मैचों में खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने इस प्रारूप में 30 अर्द्धशतक और चार शतक के साथ 3,421 रन बनाए हैं। इसके अलावा उन्होंने 59 टी20 में नौ अर्धशतक के साथ 32.82 के औसत से 1,313 रन बनाए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ 3 से 8 दिसंबर तक होने वाली टी20 सीरीज में लॉरा दक्षिण अफ्रीका टीम की देखरेख करेंगी।

टी20 विश्व कप के लिए विराट-रोहित को चुना जाना चाहिए : वसीम अकरम

एजेंसी। नई दिल्ली

रोहित शर्मा और विराट कोहली के टी20 इंटरनेशनल भविष्य के बारे में अटकलों के बीच पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम का मानना है कि भारत को आगामी टी20 विश्व कप 2024 के लिए दोनों अनुभवी सितारों को अपनी टीम में चुनना चाहिए। भारत के नवंबर 2022 में टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के बाद से रोहित और विराट सबसे छोटे प्रारूप से गायब हैं। कप्तान रोहित के ज्यादातर अनुपस्थित रहने पर हार्दिक पांड्या ने 2023 में टी20आई में भारतीय टीम का नेतृत्व किया है। इससे पहले रोहित शर्मा ने इस साल की शुरूआत में संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिककिंगडम अकादमी के अगस्त लॉन्च के दौरान टी20 विश्व कप 2024 के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया था। कई लोगों का मानना है कि यह इस बात का संकेत था कि वह इसमें खेलेंगे या नहीं। वसीम अकरम ने कहा, 'टी20 विश्व कप कुछ ही महीने दूर है। मैं दोनों (रोहित शर्मा और विराट कोहली) को चुनूंगा। वे

भारत के लिए मुख्य खिलाड़ी होंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है। टी20 में आपको थोड़े अनुभव की जरूरत है। आप केवल युवा खिलाड़ी पर भरोसा नहीं कर सकते।'

रोहित ने 148 मैचों में 3853 रनों का प्रभावशाली टी20आई रिकॉर्ड बनाया है जिसमें लगभग 140 रन हैं, जिसमें चार शतक और 29 अर्धशतक शामिल हैं, जबकि कोहली 115 मैचों में 4008 रन, एक शतक और 37 अर्द्धशतक के साथ अग्रणी रन-स्कोरर हैं। भारत के पास शुबमन गिल, यशस्वी जयसवाल, ईशान किशन और रुतुराज गायकवाड़ जैसे युवा सलामी बल्लेबाजों की एक मजबूत श्रृंखला है जो आईपीएल में सिद्ध कलाकार हैं। हालांकि, यदि युवा प्रतिभाएं लड़खड़ाती हैं, तो चयनकर्ता या बीसीसीआई रोहित से अपने रुख पर पुनर्विचार करने का आग्रह कर सकते हैं। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने रोहित को विश्व कप में न केवल एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में बल्कि एक कप्तान के रूप में शामिल करने की वकालत की है। गंभीर ने कहा, 'उन्हें (रोहित और कोहली) दोनों को चुने जाने की जरूरत है, दोनों को चुना जाना चाहिए और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं रोहित शर्मा को टी20 विश्व कप में कप्तान के रूप में देखना चाहता हूं।'

पाक की बार-बार कप्तान बदलने की आदत पुरानी है : इयान चैपल

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा कि अगले महीने होने वाले ऑस्ट्रेलिया के तीन मैचों के टेस्ट दौरे से पहले, अपने कप्तानों को बार-बार बदलना पाकिस्तान के लिए आम बात है। विश्व कप 2023 में पांचवें स्थान पर रहने और घर में हर तरफ से भारी आलोचना के बाद, बाबर आजम ने पाकिस्तान के सभी प्रारूपों के कप्तान के रूप में पद छोड़ दिया। अब इस इस्तीफे के बाद पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज शान मसूद को नया टेस्ट कप्तान बनाया है। मसूद 2009 के बाद से पाकिस्तान के नौवें टेस्ट कप्तान हैं, क्योंकि पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ (14-18 दिसंबर), मेलबर्न (26-30 दिसंबर) और सिडनी (3-7 जनवरी, 2024) में तीन टेस्ट खेलने हैं। लेकिन, उन्होंने कभी भी कोई श्रृंखला नहीं जीती है। चैपल ने 'वाइड वर्ल्ड ऑफ' पर कहा, यह दुख की बात है, मुझे लगता है कि बाबर एक बहुत अच्छा खिलाड़ी है। वह पाकिस्तान की टीम में अब भी शामिल है और हो सकता है कि वे एक बेहतर कप्तान ढूंढ सकें। लेकिन यह पाकिस्तान की खासियत है, वे अक्सर कप्तान बदलते हैं। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2019/20 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, क्योंकि मेजबान टीम ने दोनों मैचों में पारी के अंतर से जीतकर श्रृंखला 2-0 से जीत हासिल की थी। पाकिस्तान के साथ समस्या यह है कि उनका ऑस्ट्रेलिया में कोई अच्छा रिकॉर्ड नहीं है, तब भी जब उनके पास अच्छी टीमें थीं जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर सकती थी। इस समय उनके पास कुछ अच्छे तेज गेंदबाज हैं।

जोकोविच की नोरी पर जीत के साथ सर्बिया सेफा में

एजेंसी। स्पेन

नोवाक जोकोविच ने मलागा में डेविस कप फाइनल्स में जीत के साथ अपनी उपस्थिति की घोषणा की, जिससे सर्बिया का इटली के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबला सुरक्षित हो गया। 'डेविसकॉम.कॉम ' की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने अपना 40वां डेविस कप एकल मैच ब्रिटेन के कैमरून नोरी पर 6-4 6-4 से जीत के साथ जीता, जिससे शनिवार को इटली के जानिक सिनर के साथ एक और भिड़ंत का रास्ता साफ हो गया, दोनों के बीच ट्यूरिन में एटीपी फाइनल्स में चैंपियनशिप मैच लड़ने के एक हफ्ते से भी कम समय बाद यह मुकाबला होगा। ऐसा प्रतीत होता है कि जोकोविच सर्दी से पीड़ित थे, उन्होंने मुकाबले के बीच में अपनी नाक को पोंछने के लिए टिश्यू का उपयोग किया, फिर भी उन्होंने लेजर जैसे फोरहैंड विनर्स के साथ बेदाग गुणवत्ता और सटीकता का प्रदर्शन किया, क्योंकि उन्हें जूझ रहे नोरी से आगे निकलने का रास्ता मिल गया। जोकोविच ने नोरी से मुकाबला एक घंटे 41 मिनट में जीता। इस जीत ने डेविस कप एकल मैचों में जोकोविच के अजेय क्रम को 21 तक बढ़ा दिया और, उल्लेखनीय रूप से, 36 वर्षीय खिलाड़ी ने मार्च 2009 के बाद से प्रतियोगिता में कोई प्रतिस्पर्धी एकल मैच नहीं हारा है। जोकोविच ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, कैमरून नोरी एक महान खिलाड़ी हैं और उन्होंने वहां कड़ा संघर्ष किया। मैंने हाल ही में बहुत अधिक बाएं हाथ के खिलाड़ियों के साथ नहीं खेला है, इसलिए काम खत्म करना बहुत अच्छा है। अपने देश के लिए खेलना हमेशा सबसे बड़ा दबाव और प्रेरणा होता है। लंबे सीजन के बाद, हम इसे पैरों पर महसूस कर सकते हैं। अब हम इटली से खेलेंगे। वे बहुत मजबूत देश हैं। हम लड़ने जा रहे हैं और कोर्ट पर सबकुछ झोंक देंगे। जोकोविच ने मियोमिर केकमानोविच के शानदार प्रदर्शन के बाद सर्बिया के लिए जीत हासिल की, जिन्होंने एक कड़े मुकाबले में जैक ड्रेपर को 7-6(2) 7-6(6) से हराया।

दिसंबर के दूसरे सप्ताह में शुरू होगी एआईएफएफ यूथ लीग

एजेंसी। नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को अंडर-17 संस्करण के साथ एआईएफएफ यूथ लीग की शुरूआत की घोषणा की, जो दिसंबर के दूसरे सप्ताह में शुरू होगी। निष्पक्ष खेल सुनिश्चित करने के प्रयास में, एआईएफएफ आयु धोखाधड़ी को खत्म करने के लिए एक व्यापक रणनीति के हिस्से के रूप में जनवरी से शुरू होने वाले अंडर-13 और अंडर-15 यूथ लीग के लिए टीडब्ल्यू3 टेस्ट आयोजित करेगा। इसमें 50 से अधिक टीमों के भाग लेने की उम्मीद है जिसमें इंडियन सुपर लीग (आईएसएल), आई-लीग, आई-लीग 2 और एआईएफएफ अकादमी मान्यता के साथ एलीट अकादमियों की टीमों को सीधे प्रवेश दिया जाएगा। एआईएफएफ अकादमी मान्यता का पहला दौर पूरा हो गया, जिसमें विशिष्ट श्रेणी की 30 अकादमियों को विभिन्न मानदंडों को पूरा करने के आधार पर मान्यता प्रदान की गई। मानदंड में आवासीय सेटअप, तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारी, चिकित्सा और शिक्षा प्रावधान और अन्य महत्वपूर्ण आवश्यकताएं जैसे कारक शामिल थे। उन्नत और बुनियादी मानदंड मान्यता बाद में पूरी की जाएगी।

कैरेबियन दौरे से बाहर हुए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोश

लंदन। संयुक्त अरब अमीरात में चल रहे इंग्लैंड लायंस प्रशिक्षण शिविर के दौरान चोट लगने के बाद जोश टंग अगले महीने इंग्लैंड के कैरेबियन दौरे से बाहर हो गए हैं। 3 दिसंबर से एंटीगुआ में शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए मैथ्यू पॉट्स उनकी जगह लेंगे, लेकिन 12-21 दिसंबर तक होने वाले पांच टी20 मैचों के लिए अभी तक किसी प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की गई है। यह चोट 26 वर्षीय टंग के लिए एक झटका है, जिन्होंने 2023 की घरेलू गर्मियों में लॉर्ड्स में अपने दो टेस्ट मैचों के दौरान प्रभावित किया था, और सभी प्रारूपों में सफेद गेंद से पदार्पण की उम्मीद कर रहे थे। 90 मील प्रति घंटे की गति से उछाल उत्पन्न करने की उनकी क्षमता के साथ, इंग्लैंड सेट-अप के लिए टंग के मूल्य की पुष्टि पिछले महीने हुई थी जब उन्हें एक आकर्षक दो साल का ईसीबी केंद्रीय अनुबंध सौंपा गया था। टंग की तरह, पॉट्स को भी 2023-24 के लिए दो साल का ईसीबी अनुबंध प्राप्त हुआ था, जो 2022 में अपने पहले टेस्ट समर के दौरान उनकी कार्य नीति से प्रभावित हुए थे।

डीजीसी लेडीज एमेच्योर ओपन गोल्फ चैंपियनशिप के 13वें संस्करण का समापन

गौरी मोंगा ने जीता खिताब

एजेंसी। नई दिल्ली

उषा द्वारा प्रस्तुत डीजीसी लेडीज एमेच्योर ओपन गोल्फ चैंपियनशिप 2023 का 13वां संस्करण शुक्रवार को दिल्ली गोल्फ क्लब में समाप्त हो गया। 3 दिवसीय गोल्फिंग इवेंट में 10 से 83 वर्ष की आयु के 102 प्रतिभागियों ने 54-होल डब्ल्यूएजीआर इवेंट में हिस्सा लिया। अंतिम होल तक बराबरी पर गौरी मोंगा (236) एक स्ट्रोक की बढ़त लेकर पहले स्थान पर रहीं जबकि 16 वर्षीय अमरीन संधू (237) दूसरे स्थान पर रहीं।

यह पहला वर्ष है, जब डीजीसी लेडीज एमेच्योर ओपन गोल्फ चैंपियनशिप को डब्ल्यूएजीआर द्वारा मान्यता मिला है। आर एंड ए और यूएसजीए की देखरेख में विश्व एमेच्योर गोल्फ रैंकिंग में विशिष्ट शौकिया खिलाड़ियों की रैंकिंग शामिल है और इसमें 4,000 से अधिक आयोजनों में 10,000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है।

पुरस्कार समारोह में उषा के प्रवक्ता ने कहा, आज का खेल

गोल्फ कौशल का एक शानदार प्रदर्शन था और यह दोहराता है कि डीजीसी के साथ हमारी साझेदारी सही है, जो अधिक से अधिक महिलाओं को गोल्फ खेलने के लिए प्रोत्साहित करती है और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करती है। यह सहयोग सक्रिय और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर जोर देते हुए उषा के मूल मूल्यों को आगे बढ़ाता है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई।

डीजीसी की महिला कैप्टन निम्मी धीर ने कहा, ग्रीन ग्रास पर गोल्फ खेलना एक सुखद अनुभव था। उषा के अटूट समर्थन का धन्यवाद है, कि हम सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं और देश में महिला गोल्फ के पथ को आकार दे रहे हैं। हर साल बढ़ती संख्या और 10 से 83 तक के प्रतिभागियों को देखते हुए, ये वर्ष वास्तव में उत्साहवर्धक हैं। डब्ल्यूएजीआर द्वारा मान्यता इस बात का प्रमाण है कि हमारे प्रयास सही दिशा में हैं। उषा ने जूनियर से लेकर महिलाओं तक विभिन्न प्लेटफार्मों पर गोल्फ का समर्थन करने के लिए चार दशकों से अधिक समय तक दिल्ली गोल्फ क्लब के साथ साझेदारी की है, जिससे पिछले कुछ वर्षों में कई होनहार गोल्फर उभर कर सामने आए हैं।

यौन उत्पीड़न का मामला

ब्राजील के फुटबॉलर के लिए 9 साल की जेल की मांग

मैड्रिड। स्पेन की एक अदालत ने गुरुवार को कहा कि पिछले साल एक महिला के साथ कथित यौन उत्पीड़न के मामले में ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी दानी अल्वेस के लिए अभियोजन पक्ष के वकीलों ने 9 साल की जेल की सजा की मांग की है। अल्वेस को 30 दिसंबर को बार्सीलोना के एक नाइट क्लब में महिला के साथ दुराचार करने के आरोप में मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अगस्त में इस मामले में दोषी ठहराया गया था और अदालत ने कहा था कि उनके खिलाफ मुकदमा शुरू करने के लिए पर्याप्त सबूत है। सुनवाई की तारीख अभी तक निर्धारित नहीं की गई है। अल्वेस ने हालांकि किसी भी गलत काम से इनकार किया है, उन्होंने दावा किया है कि आरोप लगाने वाली महिला के साथ उन्होंने सहमति से यौन संबंध बनाए थे।

एफआईएच जूनियर विश्व कप | अमनदीप लकड़ा ने टूर्नामेंट से पहले कहा

खामियों की पहचान कर उस पर काम किया

एजेंसी। बेंगलुरु

भारतीय रक्षापंक्ति के खिलाड़ी अमनदीप लकड़ा ने शुक्रवार को कहा कि टीम ने कुआलालंपुर में आगामी एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) जूनियर हॉकी विश्व कप से पहले सभी खामियों की पहचान कर उसमें सुधार किया है। इस टूर्नामेंट का आयोजन पांच से 16 दिसंबर तक होगा, जिसमें भारत शुरूआती दिन पूल सी मैच में दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा।

लकड़ा ने हॉकी इंडिया से जारी विज्ञप्ति में कहा, टीम का तैयारी शिविर शानदार रहा। हमने अपनी सभी खामियों की पहचान

की और अपने खेल के सभी पहलुओं में सुधार करने के लिए कड़ा अभ्यास किया है।

इस युवा खिलाड़ी ने कहा, हमारे में से हर खिलाड़ी ने बहुत कड़ी मेहनत की है और शिविर में सबने अच्छे से एक-दूसरे का सहयोग किया। मैं इस टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगा और उम्मीद है कि जूनियर विश्व कप जीतने में महत्वपूर्ण योगदान दूंगा। लाकड़ा ने कहा कि सीनियर पुरुष टीम की टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीत ने उन्हें खेल में खुद को साबित करने और गौरव हासिल करने के लिए प्रेरित किया। भारतीय टीम ने तोक्यो में कांस्य पदक जीतकर इस खेल में पदक के 41 साल के सूखे को खत्म किया था। लकड़ा ने कहा, मैंने उसी उपलब्धि (ओलंपिक पदक) को हासिल करने का सपना देखना शुरू कर दिया है। मैंने जब इसकी चर्चा अपने पिता से की तो उन्होंने कहा कि इसे हासिल करने का एकमात्र रास्ता कड़ी मेहनत करना है। लकड़ा हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की से प्रभावित होकर इस खेल से जुड़े। टिर्की भारत के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, एक उभरते हुए खिलाड़ी के तौर पर मुझे महान दिलीप टिर्की से मिलने का मौका मिला, जिन्होंने मुझे बताया कि वह दिन में चार घंटे अभ्यास करते थे। लाकड़ा को 2021 में भारतीय जूनियर टीम के शिविर के लिए बुलावा आया था और उन्होंने 2022 सुल्तान जोहोर कप में पदार्पण किया था। भारत ने तब स्वर्ण पदक जीता था।

पहली बार रांची में साइकिलिंग की सबसे बड़ी प्रतियोगिता का होगा आयोजन

आरएनएम। रांची

भारतीय साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, नई दिल्ली और झारखंड साइकलिंग संघ, रांची द्वारा आगामी को 30 नवंबर से 04 दिसंबर तक मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सिदो कान्हु वेलोड्रम में 75वां सीनियर, 52वा जूनियर, 38वा सब जूनियर महिला-पुरुष तथा बालक-बालिका राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है जिसको सफल बनाने हेतु झारखंड साइकिलिंग संघ द्वारा ऑर्गेनाईजिंग कमिटी बनाई गई है।

मंत्री सहित अन्य अधिकारी आयोजन समिति में

मुख्य संरक्षक : मिथिलेश कुमार ठाकुर (मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड सरकार

चेयरमैन : विजय हांसदा (सांसद,राजमहल , लोक सभा)

वाइस चेयरमैन : डॉ मधुकांत पाठक

वाइस प्रेसिडेंट : राज महेस्वरम (उपसचिव, पयर्टन कला संस्कृति खेल कूद एवम युवा कार्य विभाग, झारखंड, रांची), अम्लाम कुशुम सिन्हा, अजय मुकुल टोप्पो, सुरेश कुमार, सुरजीत कुमार, विरेन्द्र कुमार, सी डी सिंह, एस के पांडेय, ब्रजेश सिंह (मुन्ना), चंदन तिवारी

आयोजन सचिव : शैलेंद्र कुमार पाठक

कोषाध्यक्ष : रणवीर सिंह

सदस्य : दिवाकर सिंह, राजेश कुमार यादव, दिलीप गुप्ता, जितेंद्र महतो, दीपक हेमब्रम, शशि कांत पांडेय, ओम प्रकाश गुप्ता, अमित कुमार, सोमित्रों बोराल, सतविंदर कौर, सुश्री अनीता कुमारी, गुलाची बांद्रा, राहुल प्रकाश, सलिल कुमार, चंद्र बहादुर सिंह।

एक नजर

सरकार को कच्चे माल पर आयात शुल्क कम करने की जरूरत : जीटीआरआई

नई दिल्ली। कच्चे माल और पूंजीगत वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करने से सरकार को कई मौजूदा निर्यात योजनाओं की आवश्यकता में कटौती करने में मदद मिल सकती है। शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को यह बात कही। जीटीआरआई के अनुसार, यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा क्योंकि भारत को अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानूनों के ढांचे के भीतर इन प्रोत्साहनों के प्रबंधन में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के अनुसार, यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका जैसे भारत के प्रमुख व्यापार साझेदारों सहित कई देश भारतीय योजनाओं को सब्सिडी के रूप में घोषित करते हैं और प्रतिपूरक शुल्क लगाकर निर्यातकों को दंडित" करते हैं। देश के कुल निर्यात में अमेरिका और यूरोपीय संघ की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से अधिक है।

ओडिशा सरकार ने बांग्लादेश को भेजा दो मीट्रिक टन काजू

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने बांग्लादेश को दो मीट्रिक टन काजू भेजे हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पाफ ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दो मीट्रिक टन प्रीमियम गुणवत्ता वाले काजू का निर्यात किया गया। अधिकारी ने बताया कि यह महत्वपूर्ण कदम न केवल दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करता है बल्कि ओडिशा में कृषि क्षेत्र के लिए नए मार्ग भी प्रशस्त करता है। एपीईडीए के चेयरमैन अभिषेक देव ने कृषि एवं किसान अधिकारिता के मुख्य सचिव अरबिंद पाधी, एमएसएमई के मुख्य सचिव स्वस्वत मिश्रा और राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में खेप को रवाना किया। पाफ ग्लोबल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुब्रत घोष ने कहा, यह न केवल ओडिशा में काजू उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि भारत तथा बांग्लादेश के बीच कृषि क्षेत्र में वृद्धि व सहयोग की क्षमता को भी दशार्ता है।

अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच लगभग पूरी

सेबी को और समय की जरूरत नहीं

एजेंसी। नई दिल्ली

अडानी-हिंडनबर्ग मामले में महीनों से चल रही सेबी की जांच अब लगभग पूरी हो चुकी है। इसके लिए अब सेबी को और समय की जरूरत नहीं है। इस पूरे मामले में कई लोगों के ऊपर कार्रवाई भी की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट में एक सुनवाई के दौरान यह अपडेट सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सेबी से पूछा कि बाजार नियामक की तरफ से निवेशकों की वैल्यू व उनके हितों की सुरक्षा के लिए क्या किया जा रहा है। इसके जवाब में सेबी के वकील सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि शॉर्ट-सेलिंग के जो मामले सामने आए हैं, उनमें कार्रवाई की गई है।

सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को ये भी बताया कि सेबी को मामले की जांच के लिए और समय नहीं चाहिए। हिंडनबर्ग रिसर्च ने इस साल की शुरूआत में अडानी समूह के खिलाफ रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें समूह के ऊपर कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। आरोपों के बाद अडानी समूह के शेयरों के भाव में भारी गिरावट आई थी, जिससे कई आम निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। बाजार नियामक सेबी ने उसके बाद सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में मामले की जांच शुरू की।

क्या है शेयरों की शॉर्ट-सेलिंग

अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के बारे में कहा जाता है कि वह दुनिया भर में कई कॉरपोरेट घरानों को निशाना बनाती रहती है। हिंडनबर्ग रिसर्च पहले संबंधित शेयरों को शॉर्ट करती है। उसके बाद कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट जारी की जाती है, जिससे उसके शेयरों के भाव में गिरावट आती है। इस तरह हिंडनबर्ग रिसर्च को शेयरों का भाव गिराकर मोटी कमाई हो जाती है। कमाई करने के इस तरीके को शॉर्ट सेलिंग कहा जाता है। बाजार नियामक ने इस जांच में शॉर्ट सेलिंग करने वालों को निशाने पर लिया है।

इतने मामलों में पूरी हुई जांच

सेबी ने कहा कि इस प्रकरण में कुल 24 मामले थे, जिनकी जांच चल रही थी। उनमें से 22 मामलों में जांच पूरी की जा चुकी है। बाकी बचे 2 मामलों में भी तेजी से जांच चल रही है। बाजार नियामक ने कहा कि वह जांच पूरी करने के बाद अब नतीजे पर पहुंचने की प्रक्रिया शुरू कर चुका है।

सोने के दाम में मामूली उछाल

सोने के साथ चांदी की भी कीमत बढ़ी



एजेंसी। नई दिल्ली

शादी के सीजन के आगाज के साथ ही सोने-चांदी की डिमांड अचानक बढ़ जाती है। अगर आप भी सोना खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं तो राहत की खबर है। सोने और चांदी कीमतों में मामूली तेजी देखने को मिल रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 61,000 के स्तर के ऊपर कारोबार कर रहा है। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन वायदा बाजार में सोना फिलहाल कल के मुकाबले 78 रुपये उछाल के साथ 61,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बना हुआ है। वहीं बीते कल सोने के रेट 61,072 रुपये पर देखे गए थे। चांदी भी मामूली तेजी के साथ हरे निशान पर बनी हुई है। इसके भाव में 18 रुपये की बढ़त आई है और यह फिलहाल 72,916 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। वहीं 23 नवंबर को चांदी 72,901 रुपये पर थी। घरेलू मार्केट के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना 0।09 फीसदी तेजी के साथ 1,993।80 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है।

एलन मस्क की टेसला भारत में कर सकती है 2 अरब डॉलर का निवेश

एजेंसी। नई दिल्ली

दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क की कंपनी टेस्ला भारत में निवेश के लिए तैयार बैठी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी देश में अपनी फैक्टरी खोलने के लिए 2 अरब डॉलर तक के निवेश पर नजर गड़ाए हुए है लेकिन एक शर्त के साथ। टेस्ला ने इसके लिए केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव भेजा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका की कार मेकर ने केंद्र सरकार को निवेश के लिए एक प्रस्ताव भेजा है। अगर उसे 12,000 वाहनों के लिए रियायती शुल्क मिलता है, तो वह भारत में 500 मिलियन यानी 50 करोड़ डॉलर का निवेश कर सकती है। अगर रियायत 30,000 वाहनों तक बढ़ाई जाती है तो यह 2 अरब डॉलर तक जा सकती है। इस लिहाज से कंपनी की शर्त यह है कि अगर उसे भारत में फैक्टरी स्थापित करने के बाद पहले दो वर्षों में आयातित वाहनों पर 15 प्रतिशत

रियायती शुल्क मिलता है, तो वह भारत में अपना कारखाना खोल देगी। दूसरी ओर, केंद्र टेस्ला की 10,000 वाहनों पर पहले साल और दूसरे साल में 20 प्रतिशत रियायती टैरिफ पर जोर दे सकता है। वर्तमान में, भारत 40,000 डॉलर से अधिक लागत, बीमा और माल ढुलाई मूल्य वाली कारों पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाता है। इससे सस्ते वाहनों पर आयात शुल्क 70 फीसदी है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि टेस्ला पहले दो सालों में अपनी मेड-इन-इंडिया कारों में 20 प्रतिशत स्थानीयकरण करने की संभावना रखती है और चार वर्षों में यह 40 प्रतिशत तक बढ़ सकती है।

शेयर बाजार 66000 के पार

एजेंसी। नई दिल्ली

शेयर बाजार की शुरूआत शुक्रवार को फिर सपाट लेवल पर हुई है और ये सिलसिला तीन दिन से चल रहा है। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी मिक्स्ड ओपनिंग के साथ खुले हैं। ओपनिंग मिनटों में ही सेंसेक्स-निफ्टी हरे निशान में आ गए हैं और सेंसेक्स ने 66000 पर खुलने के बाद 66044 के लेवल तक दिखा दिए। टीसीएस की एक्स बायबैक डेट आज है और इसके असर से टीसीएस के शेयरों में हलचल देखी जा रही है। स्टॉक मार्केट की ओपनिंग मिलेजुले ट्रेड के साथ हुई है और बाजार सपाट ही दिखाई दे रहा है। बीएसई का सेंसेक्स 17.52 अंक गिरकर ठीक 66000 के लेवल पर ट्रेड की ओपनिंग दिखा रहा था और एनएसई का निफ्टी 7.95 अंक की मामूली तेजी के साथ 19809 पर खुला है। निफ्टी के 50 में से 30 शेयरों में गिरावट देखी जा रही है



और 19 शेयरों में ही केवल तेजी है। इसके टॉप गेनर्स में सिप्ला, डीवीज लैब्स, डॉ रेड्डीज लैब्स, हिंडाल्को और जेएसडबल्यू स्टील के शेयर दिखाई दे रहे हैं। ओपनिंग के लगभग दो घंटे बाद निफ्टी 19,806 पर है और सेंसेक्स 66,023 के लेवल पर दिख रहा है। साफ है कि बाजार में कोई खास गतिविधि नहीं हो रही है और इंवेस्टर्स में उत्साह नहीं है। सेंसेक्स की 30 में से 14 कंपनियों के स्टॉक बढ़त के हरे निशान पर हैं जबकि 16 शेयरों में गिरावट देखी जा रही है। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर बढ़त पर हैं जबकि टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयरों में गिरावट आई है।

ग्लोबल संकेत भी हैं सुस्त : थैंक्सगिविंग के चलते अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बंद थे और आज ग्लोबल ऑयल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 81.40 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था जिसके चलते शेयर बाजार के लिए बढ़ने की कोई वजह नहीं मिली। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 255.53 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की।

प्री-ओपन मार्केट का हाल ऐसा था प्री-ओपनिंग में भी सेंसेक्स और निफ्टी सपाट ही ट्रेड दिखा रहे थे और इसी के आधार पर बाजार की ओपनिंग के लिए बेस बना जो कि फ्लैट ओपनिंग के रूप में सामने आया।

अक्टूबर में क्रेडिट कार्ड के रिकॉर्ड टूटे, फेस्टिव सीजन में लोगों ने जमकर की शॉपिंग

नई दिल्ली। फेस्टिव सीजन के दौरान जमकर खरीदारी हुई। महीनों से सूने पड़े बाजार में रौनक आ गई। लोगों ने दिल खोलकर अपनी जेबें खाली कीं। कंपनियों को भी इस दौरान खूब मुनाफा हुआ। इस दौरान लोगों ने क्रेडिट कार्ड से खरीदारी के भी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर भी खरीदारी के नए रिकॉर्ड बने। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर में क्रेडिट कार्ड से होने वाला खर्च साल दर साल 38।3 फीसद बढ़कर 1।8 खरब रुपये के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह पिछले 9 महीने की सबसे बड़ी ग्रोथ थी। मासिक आधार पर इसमें 25.4 फीसद का इजाफा देखने को मिला। उम्मीद जताई जा रही है कि नवंबर के आंकड़े और भी ज्यादा उत्साहित करने वाले आएंगे। अक्टूबर में क्रेडिट कार्ड द्वारा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर खरीदारी 30 फीसद बढ़कर 1.2 खरब रुपये हो गई।

यूक्रेन के पीएम व यूरोपीय संघ के अधिकारी ने सीमा नाकेबंदी पर की चर्चा

कीव। यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस श्मीहल ने कहा है कि उन्होंने कुछ यूरोपीय संघ (ईयू) के देशों के साथ यूक्रेनी सीमा की नाकेबंदी पर चर्चा करने के लिए यूरोपीय आयोग के उपाध्यक्ष वाल्डिस डोम्ब्रोव्स्की के साथ एक ऑनलाइन बैठक की। श्मीहल ने फेसबुक पर लिखा, यूक्रेन ने इस मुद्दे पर यूरोपीय संघ को अपने प्रस्ताव की रूपरेखा दी है और समस्या के समाधान में यूरोपीय आयोग की मदद पर भरोसा कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री के हवाले से कहा कि यूक्रेन अपने निर्यात और आयात के लिए वैकल्पिक लॉजिस्टिक मार्ग भी तेजी से विकसित कर रहा है। पोलैंड के मालवाहक यूक्रेनी सीमा पर कई चौकियों पर 6 नवंबर से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि यूरोपीय संघ में प्रवेश करने वाले यूक्रेनी मालवाहकों के लिए परमिट की व्यवस्था की जाय। प्रदर्शनकारियों ने क्रॉसिंग पॉइंट के पास सड़कों को अवरुद्ध कर दिया है, जिसके चलते लंबी कतारें लग गईं और हजारों ट्रक सीमा पर रुके रहे। विगत गुरुवार को यूक्रेन ने पोलैंड के विदेश मंत्रालय को एक आधिकारिक नोट भेजा, जिसमें दो यूक्रेनी ट्रक ड्राइवरों की कतार में मौत के बाद सीमा को तत्काल हटाने की मांग की गई। यूक्रेनी ड्राइवरों के लिए परमिट वापस करने की मांग करने वाले स्लोवाकिया के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए, जिससे स्लोवाकिया और यूक्रेन के बीच एक प्रमुख सीमा अवरुद्ध हो गई। यूरोपीय संघ ने पिछले साल यूक्रेनी मालवाहकों के परमिट रद्द कर दिए थे।

विदेश

आतंकियों और पुलिस के बीच गोलीबारी, दो स्कूली छात्रों की मौत

एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के तनावग्रस्त खैबर पख्तूनख्वा प्रांत (केपीके) में तलाशी अभियान के दौरान पुलिस और एक वांछित आतंकी के बीच गोलीबारी में दो स्कूली छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को टांक जिले के कोट आजम इलाके में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए पुलिस के तलाशी अभियान के दौरान गोलीबारी में वांछित आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने बताया कि दोनों ओर से हुई गोलीबारी के दौरान आठवीं कक्षा के दो छात्रों की भी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मारे गये आतंकियों के कब्जे से बंदूकें, गोला-बारूद, दो हथगोले और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। पाकिस्तान में हाल के महीनों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य आतंकवादी संगठनों ने सुरक्षा बलों

पर हमले तेज कर दिये हैं तथा उग्रवादियों और अलगाववादी समूहों की आतंकी गतिविधियां काफी बढ़ गई हैं। इन घटनाओं के बीच, सुरक्षा बलों और स्थानीय पुलिस ने भी आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में विगत बुधवार को चार अलग-अलग आतंकवादी घटनाओं में दो सैनिकों सहित नौ लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हो गए थे। एक अन्य प्रांत, बलूचिस्तान में भी सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को मुठभेड़ में कम से कम चार आतंकवादियों को मार गिराया और अभियान के दौरान पिस्तौल, ग्रेनेड, विस्फोटक लगी मोटर साइकिल और अन्य हथियारों का जखीरा बरामद किया।

चीन में ठंडी हवा के चलते तापमान में भारी गिरावट

बीजिंग। चीन के मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि देश के मध्य और पूर्वी हिस्सों में शुक्रवार को तापमान में गिरावट आई और अगले 10 दिनों तक देश के विभिन्न हिस्सों में ठंडी हवा जारी रहने की संभवना है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, शीत लहर के इस दौर से प्रभावित होकर, भीतरी मंगोलिया और पूर्वोत्तर चीन सहित कई क्षेत्रों में तापमान 6 से 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जबकि कुछ क्षेत्रों में तापमान में 12 से 17 डिग्री की गिरावट देखी गई।

पेज एक के शेष

आदिवासी और मूलवासियों.....

नौकरी भी दे रहे हैं और स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को मदद भी कर रहे :
मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार के मोर्चे पर सरकार बेहद संवेदनशील है। सरकारी और निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर युवाओं को नौकरी दी जा रही है । वहीं, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से रोजगार के इच्छुक युवाओं को आर्थिक मदद दे रही है। युवा अपने पैरों पर खड़ा हो सके, इसके लिए सरकार योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है ।

बच्चियों की शिक्षा से कोई समझौता नहीं : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बच्चियों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार कृत संकल्पित है। किसी भी कीमत पर बच्चियों की पढ़ाई से कोई समझौता नहीं किया जाएगा । बच्चियां अपनी पढ़ाई नहीं छोड़े, इसके लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना शुरू की गई है । अब इस योजना के तहत एक परिवार में जितनी भी बच्चियां होंगी, उसे इसका लाभ मिलेगा क्योंकि योजना का लाभ लेने के लिए एक परिवार से दो बच्चियों की बाध्यता को सरकार ने खत्म करने का निर्णय लिया है ।

आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के विदेश में पढ़ने का सपना हो रहा है साकार : अब राज्य के आदिवासी, दलित अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना साकार हो रहा है । हमारी सरकार इन विद्यार्थियों को विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दे रही है। दूसरी तरफ गुरुजी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड के माध्यम से यहां के जरूरतमंद विद्यार्थियों को मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्स करने के लिए मदद देने का काम कर रही है। इसके अलावा बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए स्कूल आफ एक्सीलेंस खोले गए हैं । तमाम सरकारी विद्यालयों को संसाधन उपलब्ध कराया जा रहा है । सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार करने के साथ यहाँ के रहने वाले विद्यार्थियों के लिए अनाज और रसोईया के साथ सुरक्षा की भी व्यवस्था सरकार करेगी।

आदिवासियों के साथ खड़ी है सरकार
मुख्यमंत्री ने कहा कि जल, जंगल और जमीन से आदिवासियों का रिश्ता काफी पुराना है । लेकिन, उन्हें इस अधिकार से हमेशा वंचित करने का प्रयास होता रहा। हमारी सरकार ने अबुआ वीर दिशोम योजना शुरू की है। इस योजना के माध्यम से आदिवासियों को वनाधिकार पट्टा दिया जा रहा है। हमारी सरकार आदिवासी और मूलवासियों के साथ हमेशा खड़ी है।

साहिबगंज जिले वासियों को मिली कई सौगातें : मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 212 करोड़ 91 लाख 39 हजार 600 रुपए की रुपए की 891 योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास किया। इसमें 62 करोड़ 97 लाख रुपए की 746 योजनाओं का उद्घाटन और 149 करोड़ 94 लाख 39 हजार 600 रुपए की 145 योजनाओं की आधारशिला रखी गई। वहीं, 3 लाख 97 हजार 330 लाभुकों के बीच 2 अरब 98 करोड़ 27 लाख 18 हजार 121 रुपए की परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती मोनिका किस्कू, पूर्व मंत्री श्री हेमलाल मुर्मू, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार चौबे , संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त श्री लालचंद दादेल और साहिबगंज जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

पहली महिला चीफ जस्टिस....

अफसरों को विरोध में रिपोर्ट लगाने लायक कोई कारण या गड़बड़ी नहीं मिली , तो उन्होंने दोबारा नाप-जोख शुरू किया। इस दौरान उन्होंने एक साफ्ट में त्रुटि निकाल कर कहा कि सॉफ्ट निर्धारित मापदंड से साढ़े तीन इंच छोटा है। इस पर लीला सेठ अपने वास्तुविद पर बहुत ही नाराज हुईं। क्योंकि उन्होंने अपने वास्तुविद से कह सका था कि मकान बनाने में किसी भी तरह की कोई छोटी गड़बड़ी भी नहीं होनी चाहिए। वास्तुविद ने हर तरह से नियम का पालन करते हुए निर्माण कराए और उसने ऐसा ही करने का भरोसा भी दिलाया था। वास्तुविद ने बताया कि यह कोई गंभीर मसला नहीं है, बल्कि कंडोनेबल है, और मामूली जुमार्ना भर कर सब ठीक हो जाएगा। लेकिन, नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना था कि दिल्ली में यह ह्यकंडोनेबलह्न मसला हो सकता है, यहां ऐसा नहीं है। अफसरों ने कहा कि दीवार तोड़नी होगी। साथ ही, यह भी बता दिया कि दूसरा विकल्प (घूस देकर सर्टी?फि?केट लेने का) हमेशा खुला है। जस्टिस लीला सेठ लिखती हैं कि उनको नोएडा अथॉरिटी के अफसरों के रवैये पर बहुत गुस्सा आया और उन्होंने दीवार तोड़ कर बनाने का फैसला कि?या। उनके वास्तुविद ने बताया कि अफसर पांच हजार रुपए घूस मांग रहे हैं, दीवार तोड़ कर बनाने में दोगुना खर्च आएगा। फि?र भी जस्टिस लीला सेठ ने दीवार तोड़ कर बनवाने का फैसला कि?या। जल्दी - जल्दी दीवार तोड़ कर कमी सुधारी गई। लेकिन उसके बाद नोएडा प्राधिकरण के अफसर दुबारा निरीक्षण के लिए आने को ही तैयार नहीं हो रहे थे।लीला सेठ लिखती हैं- उन्हें फिर से मुआयना करने के लिए राजी करने में महीनों लग गए, इसके बाद जाकर मुझे अनापत्ति प्रमाणपत्र मिल सका। लेकिन इन सारी प्रक्रिया में एक साल से ज्यादा का समय लग गया।

23 साल बाद भी झारखंड....

में पारदर्शिता लाने के लिए कड़े कदम उठा रहे हैं । स्वयं युवा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जनता से संवाद के कार्य हो रहे हैं पर अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है । ट्रैफिक नियम तोड़ने पर ऑनलाइन चालान और सड़कों पर मशीन से जुमार्ना जैसे उपाय एक सुखद अनुभूति देते हैं कि सुधार के कदम उठाए जा रहे हैं पर यह भी सच है कि अभी बहुत कुछ किया जाना है जिसके लिए कड़े कदम उठाए जाने की आवश्यकता है ।

दर्दनाक दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े शहर खान यूनिस में इजराइल ने की बमबारी

इजराइली हवाई हमले में हमास के नौसैनिक कमांडर की मौत

एजेंसी। यरूशलम

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शुक्रवार को कहा कि दक्षिणी गाजा के सबसे बड़े शहर खान यूनिस में हवाई हमले में हमास के एक नौसैनिक कमांडर की मौत हो गई। एक्स पर एक बयान में, सेना ने कहा अमर अबू जलालाह हमास के नौसैनिक बलों में एक वरिष्ठ ऑपरेटिव था और समुद्र के रास्ते कई आतंकी हमलों को निर्देशित करने में शामिल था, जिन्हें आईडीएफ ने विफल कर दिया था। कोई अतिरिक्त विवरण दिए बिना, आईडीएफ ने यह भी कहा कि हमास के नौसैनिक बलों में एक अतिरिक्त ऑपरेटिव भी मारा गया। इस सप्ताह की शुरूआत में, आईडीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडियाकर्मियों को बताया कि देश का मानना है कि हमास के वरिष्ठ सैन्य

कार्यकर्ताओं को हटाने में उसे कुछ सफलता मिल रही है। सीएनएन ने अधिकारी के हवाले से कहा कि इजरायल के आकलन से पता चलता है कि हमास की सैन्य शाखा 24 बटालियनों से बनी थी, जिनमें से 10 को 7 अक्टूबर से इजरायली हमलों से काफी नुकसान हुआ था। अधिकारी ने कहा, अन्य बातों के अलावा, इससे हमास के सैन्य नेतृत्व के लिए जवाबी हमले के आदेश जारी करना कठिन हो गया, क्योंकि प्रत्यक्ष संचालन के लिए कोई भी उपलब्ध नहीं था। अधिकारी ने कहा कि युद्ध के बीच में कमांडरों को बदलना संभव नहीं है। रिपोर्ट के

अधिकारी ने कहा, गाजा के उत्तर में कुछ बटालियनों ने अपने चार से अधिक कमांडरों को खो दिया, जो कि उनकी वरिष्ठ कमान के आधे से अधिक बटालियनों का बहुत बड़ा नुकसान है

अनुसार, इजराइल के निर्देश पर हजारों की संख्या में विस्थापित नागरिक खान यूनिस से उत्तर की ओर भाग गए हैं। कुछ दिन पहले, इजराइल ने फिलिस्तीनियों को शहर से बाहर जाने की चेतावनी देते हुए पर्चे वितरित किए थे - यह सुझाव देते हुए कि सैन्य अभियान जल्द ही गाजा पट्टी के दक्षिण की ओर बढ़ सकता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

एक नजर

संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 4 दिसंबर तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 10 दिनों के लिए बढ़ा दी। सिंह के वकील मोहम्मद इरशाद ने कहा कि जमानत याचिका अदालत की रजिस्ट्री में दायर की गई थी। जज ने जांच अधिकारी की इस दलील पर बेल नहीं दिया कि आरोपी के खिलाफ जल्द ही, निर्धारित समय के भीतर आरोप पत्र दाखिल किए जाने की संभावना है। पिछली बार जज ने सिंह को सांसद के तौर पर विकास कार्यों से जुड़े कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की इजाजत दी थी। न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को उन्हें पंजाब की एक अदालत में पेश करने का निर्देश दिया था, जब उन्हें सूचित किया गया था कि पंजाब के अमृतसर की एक अदालत से मानहानि के एक मामले में वारंट मिला है। इससे पहले, न्यायाधीश नागपाल ने सिंह को कुछ चेक पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दी थी।

राजौरी मुठभेड़ आतंकवाद के लिए बड़ा झटका : सेना कमांडर

दो कैप्टन समेत 5 सैनिकों को सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने जम्मू में दी पुष्पांजलि

श्रद्धांजलि देने के बाद सभी बलिदानियों के पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव भेजे गए

एजेंसी। जम्मू

उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को कहा कि राजौरी मुठभेड़ में आतंकवादियों का मारा जाना राजौरी-पुंछ क्षेत्र में आतंकवाद और उसके पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक बड़ा झटका है। इन आतंकियों को अफगानिस्तान और अन्य देशों में प्रशिक्षित करके क्षेत्र में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के लिए भेजा गया था। राजौरी मुठभेड़ के दौरान कैप्टन एमवी प्रांजल, कैप्टन शुभम गुप्ता, हवलदार अब्दुल माजिद, एनके संजय बिष्ट, पैराटूपर सचिन शहीद हुए हैं। बलिदान हुए दो कैप्टन समेत 5 सैनिकों को जम्मू में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और डीजीपी आरआर स्वैन सहित सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह बलिदानी जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि

देने के बाद सभी बलिदानियों के पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव भेज दिए गए। श्रद्धांजलि समारोह के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि मुठभेड़ में मारे गए दोनों आतंकवादी अत्यधिक प्रशिक्षित थे। ऐसा लगता है कि उन्हें पाकिस्तान, अफगानिस्तान और अन्य देशों में प्रशिक्षित किया गया था। उन्होंने कहा कि दो कैप्टन सहित सेना के पांच जवानों के सर्वोच्च बलिदान से सैनिकों का मनोबल बढ़ा है और सभी जम्मू-कश्मीर की धरती से आतंकवादियों को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीर पंजाल रेंज में सक्रिय आतंकवादियों की संख्या के बारे में सेना कमांडर ने कहा कि राजौरी मुठभेड़ में दो उच्च प्रशिक्षित आतंकवादियों के मारे जाने से क्षेत्र में आतंक और उसके पारिस्थितिकी तंत्र को बड़ा झटका लगा है। उत्तरी सेना के कमांडर ने कहा कि इलाके में सक्रिय आतंकवादियों की संख्या और भी हो सकती है, क्योंकि पुंछ और राजौरी राजमार्ग से जुड़े हुए हैं। अभी भी क्षेत्र में कम से कम 20 से 25 आतंकवादी सक्रिय हैं। पुलिस और मानव खुफिया के सक्रिय समर्थन की मदद से हम एक साल के भीतर क्षेत्र से आतंकवाद को जड़ से खत्म करने में सक्षम होंगे। सुरक्षाबलों के साथ राजौरी के बाजीमल क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। इन आतंकवादियों में से एक की पहचान पाकिस्तान के शीर्ष लश्कर-ए-तैयबा कमांडर कारी के रूप में हुई। यह आईईडी विशेषज्ञ था और गुफाओं और जंगलों में छिपने के लिए प्रशिक्षित स्नाइपर था।

मेरे लिए प्रदर्शनी मत लगाओ भाई

मेरे शुभम को बुला दो : शहीद की मां

आगरा। जम्मू -कश्मीर के राजोरी में आतंकियों से लोहा लेते हुए आगरा के लाल शुभम गुप्ता ने सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका पार्थिव शरीर एयरफोर्स स्टेशन से अंतिम दर्शन के लिए प्रतीक कॉलोनी ले जाया गया। पैतृक गांव में सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार होना था।शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता के घर मंत्री योगेंद्र उपाध्याय पहुंचे। शहीद के परिजन को 50 लाख की सहायता राशि का चैक सौंपा। इस दौरान जब कैप्टन की मां को ये चेक दिया जा रहा था, तो वहां भारी भीड़ी थी। कैमरों के चमक के बीच मां की आंखें शायद अपने लाल को खोज रहीं थीं। वो बोलीं- 'मेरे लिए प्रदर्शनी मत लगाओ भाई, मेरे बेटू शुभम को बुला दो'। मां के ये शब्द सुनकर मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय भी निशब्द रह गए।आतंकी मुठभेड़ में बलिदान हुए अमर बलिदानी कैप्टन शुभम के पिता आगरा जिला एवं सत्र न्यायालय में जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) फौजदारी पद पर तैनात हैं।

सुरंग में फंसे मजदूरों को बचाने के लिए ड्रोन व एआई रोबोट का हुआ इस्तेमाल

एजेंसी। नई दिल्ली

जटिल रेस्क्यू ऑपरेशन में भी ये बड़े काम आते हैं। उत्तरकाशी में 11 दिनों से चल रहे ऑपरेशन सिलक्यारा में भी ड्रोन और रोबोट का भी उपयोग किया गया । रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन ने बंगलूरू से दो एडवांस ड्रोन मंगाए थे। इन ड्रोन को ऑपरेट करने के लिए एक्सपर्ट भी बुलाए गए थे। उत्तरकाशी में चल रहे ऑपरेशन सिलक्यारा के लिए बंगलूरू की स्क्वाड्रोन इंफ्रा के छह टनलिंग-माइनिंग विशेषज्ञ इंजीनियर की टीम यहां पहुंची थी। टीम ने ड्रोन कैमरे की मदद से सुरंग के अंदर के हालात रिकॉर्ड किए हैं और फिर एआई की मदद से डाटा इकट्ठा किए। टीम ने कहा है कि इन डाटा से बचाव अभियान को काफी मदद मिली। ड्रोन के दो एडवांस ड्रोन, छह माइनिंग इंजीनियर, ड्रोन पायलट और जियोटेक्निकल एक्सपर्ट उत्तरकाशी पहुंचे थे । जिन ड्रोन को सुरंग के अंदर भेजा गया है वे राडार सेंसर और जियोफिजिकल सेंसर से लैस थे। ये ड्रोन इतने एडवांस हैं कि किसी भी तरह के मलबे के भीतर की पूरी स्कैनिंग कर सकते हैं। राहत और बचाव कार्यों में रोबोट-ड्रोन का इस्तेमाल हुआ आम बचाव और रहात कार्यों में ड्रोन और रोबोटिक्स का इस्तेमाल अब आम हो गया है। इसका ताजा प्रमाण सिलक्यारा सुरंग में डीआरडीओ टीम द्वारा इसका इस्तेमाल है। इनका फायदा यह होता है कि खराब मौसम और खतरनाक वातावरण में भी ये प्रवेश कर सकते हैं जो मनुष्यों के लिए बहुत ही खतरनाक होता है। ये ड्रोन किसी भी सुरंग के अंदर जा सकते हैं। इन ड्रोन में कैमरा के साथ-साथ कई तरह के सेंसर, एलईडी लाइट्स होती हैं।

उत्तरकाशी सुरंग खुदाई में फिर आई बाधा

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग में 41 श्रमिकों की जिंदगी दांव पर लगी हुई है। पिछले 13 दिनों से इन्हें सही सलामत निकालने का प्रयास जारी है। सुरंग में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाला जाएगा। इसके लिए सभी तरह की तैयारियां की गई है। वहीं अस्पताल और डॉक्टर्स भी अलर्ट पर हैं। उम्मीद की जा रही है कि आज इन 41 श्रमिकों को सही सलामत रेस्क्यू कर लिया जाएगा। उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है कि अगर दोबारा अमेरिकी ऑगर मशीन ठीक से काम नहीं करेगी तो वे सभी आधुनिक उपकरणों की मदद से मैनुअल ड्रिलिंग ही करेंगे। इसके लिए साफ तौर पर बताया गया है कि पहले ऑगर मशीन निकलेगी जिसमें करीब 1 से 2 घंटे का समय लगेगा और उसके बाद सिर्फ मैनुअल खुदाई शुरू होगी। वहीं अब अभियान शनिवार तक के लिए रोक दिया गया है। अब यह शनिवार सुबह ही शुरू होगा और दोपहर तक श्रमिकों के बाहर निकल आने की उम्मीद है।

चीन के बच्चों में फिर सांस संबंधी बीमारियों में तेजी, भारत सतर्क

एजेंसी। नई दिल्ली

उत्तरी चीन में बच्चों में एच9एन2 मामलों के साथ श्वसन संबंधी बीमारियों के मामलों में बढ़ोतरी से भारत में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय चीन में फैली श्वसन संबंधी बीमारियों पर बारीकी से निगरानी कर रहा है। शुक्रवार को मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि चीन से रिपोर्ट किए गए एवियन इन्फ्लूएंजा के मामलों के साथ-साथ श्वसन संबंधी बीमारी से भारत को कम खतरा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत किसी भी प्रकार की सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति के लिए तैयार है।

इसके साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दों के समाधान के लिए एक समग्र और एकीकृत रोडमैप अपनाने के लिए वन हेल्थ दृष्टिकोण पर काम कर रहा है। विशेष रूप से कोरोना महामारी के बाद से स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में भी महत्वपूर्ण मजबूती आई है। इसके अलावा, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) के पास कोरोना महामारी के दौरान चुनौतीपूर्ण स्वास्थ्य स्थितियों से निपटने का समृद्ध अनुभव है।

मंत्रालय के मुताबिक चीन निमोनिया के बढ़ते मामलों पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी एक बयान जारी किया है। मंत्रालय के मुताबिक वर्तमान में उपलब्ध जानकारी के आधार पर पिछले कुछ हफ्तों में चीन में श्वसन संबंधी बीमारियों के मामले बढ़े हैं। बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारी के सामान्य कारणों का पता लगाया गया है और किसी असामान्य कारणों की कोई पहचान नहीं की गई है। मंत्रालय ने कहा कि एवियन इन्फ्लूएंजा के मामलों के खिलाफ तैयारी पर चर्चा करने के लिए हाल ही में डीजीएचएस की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसकी रिपोर्ट विश्व स्वास्थ्य संगठन को दी गई थी।

एनएचएआई और डीएमआरसी के विशेषज्ञ सभी सुरंगों की करेंगे जांच

पड़ोसी हिमाचल में निमार्णाधीन सुरंगों का होगा सुरक्षा ऑडिट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सिल्क्यारा सुरंग हादसे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण देश की सभी निमार्णाधीन सुरंगों का सुरक्षा ऑडिट करवाएगा। इसके तहत सामरिक दृष्टि से अहम चंडीगढ़-मनाली फोरलेन के तहत निमार्णामीन सुरंगें भी शामिल रहेंगी। देशभर में करीब 29 सुरंगों को चुना गया है। इनमें 12 सुरंगें हिमाचल प्रदेश की हैं। इन सुरंगों की कुल लंबाई 79 किमी है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और डीएमआरसी यानी दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरशन के विशेषज्ञ संयुक्त रूप से सभी सुरंगों की जांच करेंगे। निरीक्षण के

बाद सात दिनों में रिपोर्ट तैयार की जाएगी। एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी भी निमार्णाधीन सुरंग का निरीक्षण कर प्रपत्र में निरीक्षण नोट व रिपोर्ट सौंपेंगे । इसके अलावा किसी जरूरी कार्य की भी टाइमलाइन का उल्लेख इसमें किया जाएगा। अकेले पंडोह बाईपास टकोली प्रोजेक्ट के तहत कुल 10 में से 8 टनलें बनकर तैयार हो गई हैं। इनमें से पांच में यातायात चल रहा है। दो टनलों में इन दिनों खोदाई कार्य चल रहा है। दोनों टनलों की खोदाई समानांतर चलने के साथ हर 300 से 500 मीटर पर दोनों टनलें आपस में जुड़ी हुई हैं। यदि कोई आपातकालीन स्थिति पैदा होती है तो यहां क्रॉस पैसेज टनल से होकर आसानी से दूसरी टनल के जरिये बाहर निकला जा सकता है। इसके अलावा टनल खोदाई के दौरान एग्जॉस्ट, सुरक्षा संबंधी सभी उपकरण और एंबुलेंस उपलब्ध करवाई गई है।

भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को जेल भेजा जाएगा : राजनाथ

कीसरा। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि तेलंगाना में भाजपा की सरकार आने पर भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को जेल भेजा जाएगा। शुक्रवार को मेडचल जिले के कीसरा मंडल के रामपल्ली में भाजपा की ओर से आयोजित विजय संकल्प सभा में राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस बार हम तेलंगाना में भाजपा की सरकार बनाएंगे। दस साल में सीएम केसीआर ने जनता से कई वादे किए लेकिन उनमें से एक भी पूरा नहीं हुआ। हमने 27 वर्षों तक गुजरात को देश में एक मॉडल के रूप में विकसित किया है। क्या आप केसीआर से सवाल कर रहे हैं कि तेलंगाना का विकास क्यों नहीं हुआ? भारत सरकार और केसीआर परिवार भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। भाजपा सत्ता में आने पर परिवारवाद के खिलाफ काम करती है। वाजपेयी से लेकर मोदी तक भाजपा सरकार और नेताओं पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं है। घरेलू कामगारों को नौकरी देने का वादा करने वाली भारत सरकार ने धोखा दिया और पेपर लीक कर दिया। राजनाथ सिंह ने इस बात की आलोचना की कि किसी भी दलित को तीन एकड़ जमीन नहीं दी गई। बैठक में मेडचल से भाजपा उम्मीदवार एनुगु सुदर्शन रेड्डी, जिले के नेता, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

हर्ष लिम्बाचिया 'सा रे गा मा पा' के फिनाले एपिसोड को करेंगे होस्ट

हर्ष लिंबाचिया सिंगिंग रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा' के फिनाले एपिसोड

में आदित्य नारायण के साथ होस्ट करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि आदित्य नारायण के साथ होस्टिंग करना आनंददायक और मनोरंजक दोनों है। अपने चार महीने के सफर के दौरान, यह शो जल्द ही 26 नवंबर को अपने 'फिनाले एपिसोड' के साथ एक रोमांचक समापन पर पहुंच जाएगा। टॉप-5 फाइनलिस्ट में अल्बर्ट, निष्ठा, स्नेहा, रनिता या सोनिया शामिल हैं। इस एपिसोड को आदित्य के साथ फनीमैन हर्ष को-होस्ट करेंगे। टीवी इंडस्ट्री के दो सबसे प्रतिभाशाली होस्ट निश्चित रूप से सीजन के आखिरी एपिसोड में ढेर सारी मस्ती, हंसी और मनोरंजन लाएंगे। इस बारे में बात करते हुए, हर्ष ने कहा, मैं जी टीवी पर वापस आकर बहुत खुश हूं, वह भी आदित्य के साथ जो मेरे लिए भाई जैसा है। उनके साथ होस्ट करना आनंददायक और मनोरंजक दोनों है। इस सीजन में टैलेंट अविश्वसनीय है, सभी सिंगर अद्भुत हैं।" उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हर कंटेस्टेंट विजेता है। यहां तक कि जब मैंने भारती के साथ सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स को होस्ट किया था, तो हम टैलेंट की क्वालिटी देखकर दंग रह गए।

मैं अपनी भूमिकाएं कभी घर नहीं ले जाता : रणवीर कपूर

रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फिल्म की खूब चर्चा हो रही है। ट्रेलर में बेटे और पिता के बीच का रिश्ता, उस रिश्ते में उतार-चढ़ाव और खून-खराबा देखने को मिला। यह एक रोमांचकारी ट्रेलर है। फिल्म में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल जैसी दमदार स्टारकास्ट है और यह 1 दिसंबर को रिलीज होगी। ट्रेलर देखने के बाद फैंस फिल्म को लेकर उत्साहित हैं। दर्शक इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रणबीर और पूरी टीम फिल्म के प्रमोशन में जुटी हुई है। इसी तरह रणबीर कपूर ने फिल्म के प्रमोशन के दौरान खुलासा किया था कि राहा का जन्म 'एनिमल' की शूटिंग के दौरान हुआ था। इस कार्यक्रम में बॉबी देओल, निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा और निमार्ता भूषण कुमार भी मौजूद थे। रणबीर कपूर पूरे काले कपड़े पहनकर वहां पहुंचे।

रिवेंज थ्रिलर सीरीज 'अक्का' में राधिका आप्टे और कीर्ति सुरेश होंगी आमने-सामने

एक्ट्रेस राधिका आप्टे और कीर्ति सुरेश यशराज फिल्म्स की अपकमिंग रोमांचक थ्रिलर फिल्म 'अक्का' में एक-दूसरे के आमने-सामने होंगी। एक सूत्र ने कहा, कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे को आज भारत की दो सबसे प्रतिभाशाली महिला अभिनेताओं में से एक माना जाता है। वे अविश्वसनीय रूप से स्वाभाविक कलाकार हैं और स्क्रीन पर एक के बाद एक अविश्वसनीय प्रदर्शन

देने वाले टूर डी फोर्स के रूप में उनकी सराहना की जाती है! फैक्ट यह है कि कीर्ति और राधिका को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा किया गया है, जो 'अक्का' को वर्तमान में देश में बनाई जा रही सबसे दिलचस्प स्ट्रीमिंग प्रोजेक्ट्स में से एक बनाता है! इस प्रोजेक्ट का निर्देशन नवोदित लेखक और निर्देशक धर्मराज शेट्टी द्वारा किया जा रहा है। अक्का के प्रति उनके दृष्टिकोण ने आदित्य का ध्यान खींचा और 'अक्का' को वाईआरएफ एंटरटेनमेंट की अब तक की सबसे बड़ी टेंटपोल सीरीज में से एक बनाने के लिए आदि की संक्षिप्त जानकारी के साथ प्रोजेक्ट को तुरंत हरी झंडी दे दी गई।"

देश की सुरक्षा | नौसेना-वायु सेना ने रक्षा मंत्रालय को भेजे करोड़ो के प्रस्ताव

युद्धपोत की तैनाती भारत की ताकत बढ़ाएगी

एक और विमानवाहक पोत, 97 तेजस व 156 प्रचंड की मंजूरी को सरकार तैयार

डीएसी की 30 नवंबर को होने वाली बैठक में प्रारंभिक मंजूरी मिलने की संभावना

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत सरकार एक और विमानवाहक पोत, 97 तेजस और 156 एलसीएच प्रचंड के लिए प्रारंभिक मंजूरी देने को तैयार है। इन तीन बड़ी रक्षा परियोजनाओं को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की 30 नवंबर को होने वाली बैठक में आवश्यकता को स्वीकार (एओएन) करने की संभावना है। नौसेना और वायु सेना ने इन परियोजनाओं के लिए 1.4 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव पहले ही रक्षा मंत्रालय को भेज दिए हैं।

भारतीय नौसेना के पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत ने पूर्ण परिचालन क्षमता हासिल कर ली है। अब युद्ध मोड में तैनात होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती उपस्थिति के बीच इस युद्धपोत की तैनाती भारत की ताकत बढ़ाएगी। 'विक्रांत' को नौसेना में शामिल किये जाने के बाद से ही नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार 'मेक इन इंडिया' के तहत इस दूसरे विमानवाहक पोत की जरूरत बता रहे थे। इसी के मद्देनजर नौसेना ने 'आईएसी-2' की मेगा डील को मंजूरी देने के लिए केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव भेज रखा है। भारत के लिए इस तरह के तीन विमानवाहक पोतों की जरूरत बताई जा रही है।

भारतीय वायु सेना को 4.5 पीढ़ी का पहला लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) एमके-1ए फाइटर जेट अगले साल फरवरी-मार्च तक मिल जाएगा। इसी सौदे का पहला ट्रेनर विमान वायु सेना को दस दिन पहले 04 अक्टूबर को सौंपा जा चुका है। फरवरी, 2021 में किये गए सौदे के मुताबिक एलसीए तेजस की आपूर्ति शुरू होने के बाद अतिरिक्त 97 विमानों के सौदे पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। इसके लिए रक्षा खरीद बोर्ड ने पहले ही मंजूरी दे दी है। इस महीने के अंत में होने वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में इस बारे में फैसला लिया जाएगा। श्रीनगर स्थित स्वॉर्ड आर्म्स स्क्वाड्रन को तेजस एमके-1ए के लिए निर्धारित किया गया है।

दुनिया का पहला लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' भारतीय सेना और वायु सेना के लिए नई ताकत बनकर उभरा है। पिछले माह 30 अक्टूबर को इस हेलीकॉप्टर से पहली बार 70 मिमी रॉकेट और 20 मिमी बुर्ज गन की दिन और रात के समय फायरिंग की गई। आर्मी एविएशन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल एके सूरी ने एलसीएच स्क्वाड्रन की आयुध क्षमता के वास्तविक समय सत्यापन के लिए तीन हमलावर हेलीकॉप्टरों से गोलीबारी देखी। सेना को 05 और वायु सेना को 10 हेलीकॉप्टर मिल चुके हैं, जिनका इस्तेमाल दोनों सेनाएं कर रही हैं। इन हेलीकॉप्टरों की अटैक क्षमता देखने के बाद सेना और वायु सेना ने 156 और एलसीएच 'प्रचंड' की जरूरत जताई है। दोनों सेनाओं के लिए यह संयुक्त अधिग्रहण प्रस्ताव सरकार को भेज दिया गया है, जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की संभावना है। इन 156 हेलीकॉप्टरों में से 66 भारतीय वायु सेना को और 90 भारतीय सेना को मिलेंगे। सेना को एलसीएच 'प्रचंड' मिलने के बाद अलग-अलग पहाड़ी इलाकों में सात यूनिट्स बनाई जाएंगी। एचएएल को ऑर्डर दिए जाने के बाद दोनों सेनाओं को हर साल 25 एलसीएच प्रचंड अटैक हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति की जाएगी।